**सुविचार**
हमारी समस्या का हल सिर्फ हमारे पास ही है, दूसरों के पास तो हमारी समस्या का सुझाव है।

# Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi



मैं कट्टर हरियाणवी जाट परिवार से हूं...

Ranchi ● Monday, 11 September 2023 ● Year : 01 ● Issue : 236 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 66,598.91 |
| निफ्टी | : | 19,819.95 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,640 |
| चांदी | : | 77.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### मुख्यमंत्री आज विकास मेला का करेंगे उद्घाटन

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 11 सितंबर को हजारीबाग दौरे पर रहेंगे। हजारीबाग में होनेवाले विकास मेला का उद्घाटन करेंगे। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मीडिया प्रभारी मुकुल लकड़ा ने दी है।

### आठ साल के बच्चे की हत्या सौतेली मां गिरफ्तार

**DUMKA :** जिले के जामा थाना क्षेत्र के कमार दुधानी गांव के मकई बाड़ी से पुलिस ने रविवार को आठ वर्षीय एक बच्चे का शव बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार परिजनों ने थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान और एसआइ रविशंकर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव के गले, छाती, पीठ पर गहरे चोट के निशान पाये गये हैं, जिससे बच्चे की हत्या होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। ग्रामीणों ने बच्चे के सौतेली मां पर बच्चे को मार डालने का आरोप लगाया है। बच्चे के पिता दिवाधन बेसरा काम करने अन्य राज्य गये हुए हैं।

### निमार्णाधीन बिल्डिंग की लिफ्ट गिरने से 7 की मौत

**MUMBAI :** ठाणे शहर के बाल्कुम इलाके में एक निमार्णाधीन इमारत की लिफ्ट गिरने से सात मजदूरों की मौत हो गई है। इस घटना में एक मजदूर घायल हो गया है और उसका इलाज ठाणे सिविल अस्पताल में हो रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही ठाणे नगर निगम की टीम और पुलिस मौके पर पहुंच गई है और बचाव कार्य कर रही है। इस घटना से ठाणे जिले में सनसनी फैल गई है। ठाणे नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी ने मीडिया को बताया कि बाल्कुम इलाके में निमार्णाधीन 40 मंजिला रुनवाल ऐरीन बिल्डिंग में रविवार को वॉटरप्रुफिंग का काम हो रहा था। शाम को आज का काम खत्म कर 8 मजदूर लिफ्ट से नीचे आ रहे थे। इसी दौरान लिफ्ट में अचानक खराब आ गई और लिफ्ट नीचे गिर गई। इस घटना में मौके पर ही पाच मजदूरों की मौत हो गई थी, जबकि दो मजदूरों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले हो गई।

## G20 शिखर सम्मेलन संपन्न, प्रधानमंत्री मोदी ने ब्राजील को समिट की अध्यक्षता सौंपी

# PM ने की UNSC के विस्तार की मांग, ब्राजील के राष्ट्रपति बोले- भुखमरी के खिलाफ लड़ेंगे

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जी-20 शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र के आखिर में इस आयोजन के समापन की घोषणा की। इसी के साथ उन्होंने नवंबर में वर्चुअल सम्मेलन करने का प्रस्ताव किया, जिसमें समूह के कार्यों की समीक्षा की जा सके। प्रधानमंत्री ने सभी नेताओं से इसमें जुड़ने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने जी20 की अध्यक्षता ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा को सौंप दी। ब्राजील अगले साल होने वाली जी20 समिट का आयोजन करेगा। पीएम ने संस्कृत भाषा में कहा- स्वस्ति अस्तु विश्वस्य! यानी संपूर्ण विश्व में आशा और शांति का संचार हो। समिट के आखिरी सेशन के बाद जी20 मोदी ने कहा कि दुनिया बदल रही है इसके साथ दुनिया के संस्थानों को भी बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अभी तक उतने ही सदस्य हैं जितने इसकी स्थापना के वक्त थे। स्थायी देशों की संख्या बढ़नी चाहिए। इसके बाद ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि गरीब देशों की कर्ज की समस्या पर ध्यान देना होगा। दुनिया को भुखमरी खत्म करने की कोशिश बढ़ानी होगी। अध्यक्षता मिलने के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने कहा- महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते वक्त मैं काफी भावुक हो गया था। सब जानते हैं कि मेरे राजनीतिक जीवन में महात्मा गांधी का कितना महत्व है। उन्होंने कहा कि ब्राजील की प्रेसिडेंसी की 3 प्राथमिकताएं होंगी। सामाजिक न्याय और भुखमरी के खिलाफ लड़ाई, सस्टेनेबल डेवलपमेंट और दुनिया के संस्थानों में बदलाव। लूला डा सिल्वा को अध्यक्षता सौंपते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- दो दिनों में, आप सभी ने अनेक बातें यहां रखी हैं, सुझाव दिए हैं, बहुत सारे प्रस्ताव रखे हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि जो सुझाव आए हैं, उनको भी एक बार फिर देखा जाए कि उनकी प्रगति में गति कैसे लाई जा सकती है। मेरा प्रस्ताव है कि हम नवंबर के अंत में जी20 समिट का एक वर्चुअल सेशन और रखें। जी20 समिट खत्म होने के बाद यूक्रेन में सीजफायर के मुद्दे पर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा- हमें नेगोसिएशन से कोई दिक्कत नहीं है।


ब्राजील को जी20 समूह की अध्यक्षता सौंपते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ● एजेंसी

### अब नवंबर में वर्चुअल सम्मेलन, PM ने सभी से जुड़ने का किया आग्रह

### ब्राजील की प्रेसिडेंसी की 3 प्राथमिकताएं में प्रमुख होगा सामाजिक न्याय

## सुरक्षा परिषद में वर्तमान वास्तविकता के अनुरूप बदलाव जरूरी : प्रधानमंत्री

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जी20 शिखर सम्मेलन के अंतिम और तीसरे सत्र में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित वैश्विक संस्थाओं में वर्तमान वास्तविकता के अनुरूप बदलाव का आह्वान किया। उन्होंने क्रिप्टो करेंसी और कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) से जुड़ी चुनौतियों के प्रति भी आगाह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक भविष्य' विषय पर कहा कि हर वैश्विक संस्था को अपनी प्रासंगिकता बढ़ाने के लिए रिफॉर्म करना जरूरी है। इसी सोच के साथ हमने कल ही अफ्रीकन यूनियन को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने की ऐतिहासिक पहल की है। इसी तरह हमें बहुपक्षीय विकास बैंकों के मैंडेट का विस्तार भी करना होगा। इस दिशा में हमारे फैसले त्वरित और प्रभावी होने चाहिए। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया हर लिहाज से बदल चुकी है। ऐसे में वास्तविकता नई वैश्विक व्यवस्था में झलकनी चाहिए। प्रकृति का नियम है कि बदलाव न करने पर व्यक्ति और संस्था अपनी प्रासंगिकता खो देती हैं। हमें इस बात पर विचार करना होगा कि बीते वर्षों में कई क्षेत्रीय फोरम अस्तित्व में आए हैं और प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने देशों के बीच हितों के जुड़ाव से आगे हृदयों के जुड़ाव पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान जिम्मेदार मानव केन्द्रित एआई व्यवस्था के लिए फ्रेमवर्क तैयार करने का आह्वान किया।



जी20 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ● एजेंसी

### फ्रांस ने परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में भारत की सदस्यता को दिया समर्थन


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच रविवार को जी20 शिखर सम्मेलन के बाद दोपहर के भोज पर मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने आपसी रिश्तों में हुई प्रगति की समीक्षा की। मुलाकात के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अपने सहयोग का विस्तार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा और लोगों से लोगों के बीच संपर्क के क्षेत्रों में सहयोग के लिए नए और महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के कार्यान्वयन पर समग्र प्रगति और अगले कदमों पर चर्चा की।

# नौ माह बाद रांची में मिला कोरोना का पहला मामला, मचा हड़कंप

## वेरिएंट की जांच के लिए सैंपल भेजा जाएगा भुवनेश्वर

**PHOTON NEWS RANCHI :** डेंगू-चिकनगुनिया के बढ़ते प्रकोप के बीच करीब नौ माह के बाद कोरोना पाजिटिव का पहला मामला सामने आया है। मामला सामने आने के बाद रिम्स में हड़कंप मच गया। जिसका इलाज रिम्स के डेंगू वार्ड में चल रहा है। भर्ती मरीज चरणकेतू तिवारी मौसीबाड़ी जगरनाथपुर रांची का रहने वाला है जिसकी उम्र 69 वर्ष है, मरीज को डेंगू वार्ड में अलग से साइड रूम में रखा गया है। मरीज की अन्य जांच की जा रही है और कोरोना के नए वेरिएंट का पता लगाने के लिए सिनोम सिक्वेंसिंग जांच के लिए सैंपल भुवनेश्वर भेजने की तैयारी है। स्वास्थ्य अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने बताया कि मरीज का ट्रेवल हिस्ट्री भी देखा जा रहा है, संक्रमण होने का कारण पता लगाया जाएगा। लंबे समय के बाद यह पहला मामला मिला है, जिसे गंभीरता से लेते हुए विभिन्न जिलों को भी दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। मालूम हो कि रिम्स में जिनोम सिक्वेंसिंग की व्यवस्था है लेकिन इसके लिए कम से कम 90 सैंपल की जरूरत पड़ती है। इसलिए इस मरीज का सैंपल फिलहाल भुवनेश्वर भेजा जाएगा। बताया जा रहा है कि मरीज को सर्दी, खांसी, बुखार व सांस लेने में तकलीफ थी, उसकी जांच रिपोर्ट पाजिटिव आयी, जिसके बाद वो रिम्स में आकर भर्ती हुआ है।

- डेंगू-चिकनगुनिया के बीच मिला कोरोना का एक मरीज, रिम्स में है भर्ती
- मौसीबाड़ी जगरनाथपुर का रहने वाला है मरीज



### पाजिटिव आने के बाद किसी अस्पताल ने नहीं लिया भर्ती

मरीज के कोरोना पाजिटिव मिलने के बाद उसे दूसरे अस्पतालों में भर्ती कराने में काफी समस्या का सामना करना पड़ा। वहां के डाक्टरों ने होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी, जबकि मरीज ने अपनी उम्र और तबीयत को देखते हुए भर्ती होने की इच्छा जतायी थी। बताया गया कि मरीज को भर्ती होने के लिए उसे रिम्स जाने की सलाह दी गई, जिसके बाद उसने रविवार को रिम्स में अपने आप को भर्ती कराया है। मरीज के साथ किसी को भी रहने नहीं दिया जा रहा है और उसका आइसोलेशन में इलाज किया जा रहा है। डाक्टरों के अनुसार अभी मरीज की स्थिति नियंत्रित है और सात दिनों के बाद मरीज का फिर से जांच करायी जाएगी।

# बीजेपी जो करती है उसका हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं : RAHUL

## किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना चाहती है भाजपा

**AGENCY NEW DELHI :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पेरिस में छात्रों और शिक्षाविदों के साथ चर्चा के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना चाहती है और उसका 'हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं' है। फ्रांस के अग्रणी सामाजिक विज्ञान संस्थान, पेरिस की 'साइंसेज पीओ यूनिवर्सिटी' में शनिवार को बातचीत के दौरान गांधी (53) ने अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा', विपक्षी दलों के गठबंधन द्वारा भारत के लोकतांत्रिक ढांचों को बचाने की लड़ाई, बदलती वैश्विक व्यवस्था और अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विपक्षी 'भारत की आत्मा' के लिए लड़ने को लेकर प्रतिबद्ध है और देश मौजूदा उथल-पुथल से सकुशल बाहर आ जाएगा। बातचीत के दौरान देश में 'हिंदू राष्ट्रवाद' के उभार के बारे में एक सवाल पर गांधी ने कहा, मैंने गीता पढ़ी है, कई उपनिषद पढ़े हैं, मैंने कई हिंदू (धर्म से जुड़ी) किताबें पढ़ी हैं; भाजपा जो करती है उसमें हिंदू (धर्म जैसा) कुछ भी नहीं है, बिल्कुल भी नहीं।



### हिंसा से निपटने के लिए 'राजनीतिक कल्पनाशीलता' की आवश्यकता


राहुल गांधी ने कहा, 'वे हिंदू राष्ट्रवादी नहीं हैं। उनका हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। वे किसी भी कीमत पर सत्ता हासिल करना चाहते हैं और वे सत्ता पाने के लिए कुछ भी करेंगे, वे कुछ लोगों का प्रभुत्व चाहते हैं। उनमें हिंदू (धर्म जैसा) कुछ भी नहीं है।' देश में दलित और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा के मामलों के बारे में पूछे जाने पर गांधी ने कहा कि इस मुद्दे से निपटने के लिए 'राजनीतिक कल्पनाशीलता' की आवश्यकता है और विपक्षी दल उस लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, 'भाजपा और आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) जो करने की कोशिश कर रहे हैं, उसका मूल उद्देश्य निचली जातियों, अन्य पिछड़ी जातियों, आदिवासियों और अल्पसंख्यक समुदायों की अभिव्यक्ति, भागीदारी को रोकना है। और, मेरे लिए, वह भारत जहां किसी दलित व्यक्ति या मुस्लिम व्यक्ति, आदिवासी व्यक्ति, उच्च जाति के व्यक्ति, किसी के भी साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, उस पर हमला किया जा रहा है, यह वह भारत नहीं है जो मैं चाहता हूं।'

### लूटपाट मामले में रांची अव्वल, डकैती में देवघर, 12 महीनों में लूट के 643 और डकैती के 110 मामले दर्ज

# झारखंड में दिनदहाड़े हो रही लूट-डकैती, एक वर्ष में 753 केस

**SUHAIB ANSARI @ RANCHI :** झारखंड में आपराधिक घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। राज्य के अलग-अलग जिलों में लगातार लूट और डकैती की घटनाएं सामने आ रही हैं। कहीं, रात के अंधेरे में तो कहीं दिनदहाड़े लूट और डकैती की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा। पुलिस जब तक एक मामले को सुलझाती है, तब तक दूसरी घटना सामने आ जाती है। लूट और डकैती जैसे मामलों में नकेल लगाना पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, झारखंड के अलग-अलग जिलों में 12 महीनों में (जुलाई 2022-जून 2023 तक) लूट के 643 मामले और डकैती के 110 मामले दर्ज किए गए हैं। लूट के सबसे अधिक 137 मामले रांची में दर्ज हुए हैं। जमशेदपुर में 116 मामले दर्ज किए गए हैं। रेल जमशेदपुर में सबसे कम 01 मामले दर्ज हैं। वहीं राज्य में डकैती के सबसे अधिक मामले देवघर जिले में दर्ज किए गए हैं। यहां 20 मामले दर्ज हैं। जबकि रांची में 06 और जमशेदपुर में 06 मामले दर्ज हैं। वहीं बोकारो, रेल धनबाद और रेल जमशेदपुर में एक भी मामले दर्ज नहीं किए हैं।

● शेष पेज 3 पर



### चेकिंग के बावजूद अपराधी उड़ा रहे पैसे और आभूषण

डीजीपी के आदेश पर राज्य के हर जिलों में लगातार पुलिस एंटी क्राइम चेकिंग कर रही है। इस बीच अपराधी पुलिस की नाक के नीचे से घटनाओं को अंजाम देकर निकल जा रहे हैं। कहीं बैंक से पैसा निकाल कर जा रहे लोगों से बंदूक की नोक पर लूटपाट और डकैती हो रही है। कहीं चेन-पर्स उड़ाए जा रहे है। हालांकि, पुलिस कई मामलों में अपराधियों को गिरफ्तार कर रही है बावजूद इस अपराध पर पूरी तरह से लगाम नहीं लग पा रहा।

**किस जिले में कितने लूट के मामले**

| जिला | मामला | जिला | मामला |
|---|---|---|---|
| रांची | 137 | लोहरदगा | 13 |
| जमशेदपुर | 116 | खूंटी | 11 |
| देवघर | 58 | गोड्डा | 11 |
| पलामू | 36 | रामगढ़ | 10 |
| हजारीबाग | 32 | गुमला | 09 |
| गिरिडीह | 29 | कोडरमा | 09 |
| चतरा | 28 | सरायकेला | 09 |
| धनबाद | 24 | लातेहार | 08 |
| चाईबासा | 21 | सिमडेगा | 07 |
| गढ़वा | 20 | पाकुड़ | 05 |
| बोकारो | 18 | जामताड़ा | 03 |
| दुमका | 15 | रेल जमशेदपुर | 01 |
| साहिबगंज | 13 | रेल धनबाद | 00 |

**किस जिले में कितने डकैती के मामले**

| जिला | मामला | जिला | मामला |
|---|---|---|---|
| देवघर | 20 | खूंटी | 03 |
| धनबाद | 10 | पलामू | 03 |
| दुमका | 11 | लातेहार | 03 |
| गिरिडीह | 07 | गुमला | 02 |
| रांची | 06 | सिमडेगा | 02 |
| जमशेदपुर | 06 | कोडरमा | 02 |
| चाईबासा | 06 | पाकुड़ | 02 |
| गढ़वा | 04 | सरायकेला | 01 |
| जामताड़ा | 04 | लोहरदगा | 01 |
| चतरा | 04 | बोकारो | 00 |
| हजारीबाग | 04 | गोड्डा | 01 |
| साहिबगंज | 04 | रेल धनबाद | 00 |
| रामगढ़ | 04 | रेल जमशेदपुर | 00 |

# पूर्व सीएम चंद्रबाबू को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

## घोटाले से सरकार को 300 करोड़ के नुकसान का आरोप

**AGENCY VIJAYAWADA :** कौशल विकास घोटाले में गिरफ्तार आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू को कोर्ट ने रविवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विजयवाड़ा के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) कोर्ट के इस आदेश के बाद राज्य के विभिन्न इलाकों में तनाव बढ़ गया है। उधर, नायडू के अधिवक्ता का कहना है कि वह सोमवार को इस मामले को हाई कोर्ट में चुनौती देंगे। भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार चंद्रबाबू नायडू को रविवार की सुबह विजयवाड़ा के एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया गया। नई दिल्ली के वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा और वकीलों का एक दल आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नायडू की पैरवी कर रहा था। सीआईडी की ओर से राज्य सरकार के एडवोकेट जनरल पोन्नुवूलु स्वयं कोर्ट में पेश हुए। चंद्रबाबू नायडू को शनिवार सुबह करीब छह बजे आंध्र प्रदेश के नंद्याल में गिरफ्तार किया गया था। उन पर कौशल विकास कारपोरेशन घोटाले का केस चल रहा है। आरोप है कि नायडू ने अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में 371 करोड़ का घोटाला किया। उन्होंने बिना विधान सभा की अनुमति के कॉर्पोरेशन की स्थापना की और फर्जी बिलों के माध्यम से सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया। 2015 में स्किल डेवलपमेंट-सीमेंस परियोजना सामने आई।


चंद्रबाबू नायडू

BRIEF NEWS

### जमीन विवाद को लेकर जेपीसी उग्रवादी संगठन के नाम से पोस्टर जारी

**PALAMU :** पाटन थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर जेपीसी उग्रवादी संगठन के नाम पर पोस्टर चिपकाया गया है। पोस्टर में मुखिया को धमकी देते हुए लिखा गया है कि प्लॉट बाय प्लॉट और वंशावली के हिसाब से जमीन बांटें, नहीं तो कार्रवाई की जायेगी। सूचना पाकर रविवार सुबह पाटन थाना प्रभारी गुलशन कुमार मौके पर पहुंचे और पोस्टर को जब्त कर लिया। गुलशन कुमार का कहना है कि किसी ने आपसी जमीन विवाद को लेकर दहशत फैलाने के लिए उग्रवादी के नाम का पोस्टर जारी किया है। उग्रवादी संगठन द्वारा यह पोस्टर जारी नहीं किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द मामले का खुलासा होगा।

### कोडरमा के नए एसपी अनुदीप सिंह ने पदभार ग्रहण किया

**KODERMA :** जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में झारखंड कैडर के आईपीएस अनुदीप सिंह ने रविवार को पदभार ग्रहण कर लिया। एसपी कुमार गौरव से कोडरमा के 24वें एसपी के रूप में अनुदीप सिंह ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि पुलिस तत्परता और ईमानदारी से कार्य करेगी। व्यवसाय करने वाले लोग निर्भीक होकर अपना कार्य करें। किसी भी तरह की कोई समस्या हो तो सीधे हमसे संपर्क कर अपनी समस्या रख सकते हैं। आईपीएस अनुदीप सिंह सीनियर डीएसपी एसआइरबी खूंटी में तैनात थे। एसपी के रूप में उनकी पहली पदस्थापना कोडरमा हुई है।

### लोहरदगा के नए एसपी हारिस बिन जमां ने ग्रहण किया पदभार

**LOHARDAGA :** लोहरदगा में 32वें पुलिस अधीक्षक के रूप में हारिस बिन जमां ने रविवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान एसपी आर. रामकुमार से पदभार ग्रहण किया। मौके पर पुलिस विभाग के लोग मौजूद थे। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि शांति और सौहार्द कायम करना उनकी प्राथमिकता होगी।

### पावर सब स्टेशन का एसबीओ करंट से झुलसा

**GIRIDIH :** तिसरी प्रखण्ड अंतर्गत लक्ष्मीपुर गांव में स्थित विद्युत सब स्टेशन में एसबीओ के पद पर कार्यरत विपुल सिंह 11000 वॉल्ट के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। मौके पर मौजूद विद्युतकर्मी आनन-फानन में घायल विपुल को तिसरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उनका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए हाइयर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार विपुल लक्ष्मीपुर विद्युत सब स्टेशन में ड्यूटी पर थे। सब स्टेशन के मेन लाइन का फ्यूज उड़ गया। विपुल फ्यूज जोड़ने के लिए वे पोल पर चढ़े, तभी यह हादसा हो गया और करंट लगते ही वे पोल से नीचे गिर गए। घटना के बाद साथियों के सहयोग से उन्हें तिसरी अस्पताल लाया गया। घायल विपुल के दोनों पैरों की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है।

### सिमडेगा डीसी ने बसतपुर पिकनिक स्पॉट का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**SIMDEGA :** उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने पाकरंटाड़ प्रखंड में बसतपुर पिकनिक स्पॉट का निरीक्षण किया। उन्होंने बसतपुर पिकनिक स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कई पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बसतपुर में लाइट व्यवस्था सुनिश्चित कराने, व्यू प्वाइंट बनाने, पेयजल की समुचित व्यवस्था, पहुंच पथ में पुलिया निर्माण करने एवं शेड निर्माण का निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने शौचालय निर्माण कराने एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला नजारत उप समाहर्ता राजेंद्र प्रसाद सिंह, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल जयप्रकाश चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी पाकरंटाड़ शक्ति कुंज, कार्यपालक दंडाधिकारी अमित कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# SDM ने दत्ता इंटरप्राइजेज कोल डिपो में की छापेमारी, 323 टन कोयला जब्त

## कारोबारियों व ट्रक मालिकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, पुलिस कर रही छानबीन

**PHOTON NEWS DHANBAD :** देवली स्थित दत्ता इंटरप्राइजेज कोल डिपो में रविवार 10 सितंबर को एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी के नेतृत्व में छापेमारी की गई। छापेमारी में तीन ट्रक समेत 323 टन कोयला जब्त किया गया। गोविंदपुर के अंचलाधिकारी रामजी वर्मा व पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार भी शामिल थे। अंचलाधिकारी के आवेदन पर गोविंदपुर थाना में भादवि की धारा 414 एवं 14 कोल माइंस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



छापेमारी में जब्त किया गया कोयला। • फोटोन न्यूज

प्राथमिकी में कोयला कारोबारी राजीव सिंह, मुकेश सिंह, सनाउल अंसारी उर्फ निसार आलम तथा ट्रक संख्या एपी 07 टीजी 2133, जेएच 10 एडब्लू 9866 तथा एपी 40 टीडब्लू 3679 के मालिक व चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जब्त किया गया कोयला पुलिस ने बसंती माता कोलियरी दहीबाड़ी के महाप्रबंधक को जिम्मानामा पर दे दिया है। बताया जाता है कि प्रशासन को जानकारी मिली थी कि उस कोल डिपो में कोयले की हेराफेरी की जा रही है। इसी सूचना के आधार पर छापेमारी की गई।

## वज्रपात से महिला की मौत, नदी में बाढ़ से नहीं पहुंची एंबुलेंस

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** गावां थाना क्षेत्र के डाबर में बज्रपात की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान 55 वर्षीय मसो सरस्वती देवी, पति स्व वनबिहारी सिंह के रूप में की गई है। महिला घर से कुछ दूरी पर दुर्गा मंदिर के पास बैठी थी, तभी वर्षा होने लगी व बज्रपात हुआ जिससे महिला अचेत होकर गिर गई। बाद में लोगों ने एंबुलेंस से संपर्क किया लेकिन नदी में पानी होने के कारण एंबुलेंस नहीं जा सकी। गांव में पहुंचपथ की स्थिति भी अच्छी नहीं होने के कारण इस समय दयनीय है। ऐसे में आनन-फानन में परिजन उसे खटिया में टांग कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गये जहां जांच के उपरांत चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

**सड़क व पुल होता तो बच जाती महिला की जान :** मालूम हो कि डाबर गांव से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की दूरी लगभग चार किमी है। वहीं नदी में बाढ़ भी आई हुई थी, जिससे वहां जाने में एक घंटे से अधिक समय लग गया। परिजनों का कहना है कि यदि गांव में सड़क व नदी में पुल होता तो जान बचाई जा सकती थी। घटना के बाद परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। मुखिया गुरुसहाय रविदास ने बताया कि नदी में पुल व सड़क नहीं होने के वजह से कोई वाहन नहीं पहुंच सका। एम्बुलेंस को फोन किये लेकिन एम्बुलेंस नही पहुंचा। आज सड़क व पूल होता तो महिला की मौत नहीं होती।

## सेक्टर 12 में भरभरा कर ढही आवासीय ब्लॉक की सीढ़ी, 21 लोगों का रेस्क्यू

**PHOTON NEWS BOKARO :** जिले के सेक्टर 12ई स्थित आवासीय ब्लॉक की सीढ़ी रविवार भोर साढ़े चार बजे भरभरा कर गिर गई। सूचना पर पहुंची बोकारो स्टील की फायर ब्रिगेड और सीआईएसएफ की टीम ने 21 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला।

दरअसल, बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 12 स्थित सभी आवासों की स्थिति जर्जर है लेकिन बोकारो स्टील प्रबंधन इस पर कोई ठोस पहल नहीं कर रहा है। दहशत के बीच घर में रहने वाली महिला चैताली आचार्य ने बताया कि लगभग साढ़े ग्यारह बजे ब्लॉक के छज्जे के गिरने का आवाज सुनाई दी। इसके बाद पहले सुबह जोर की आवाज हुई और सीढ़ी और पानी टंकी पूरी तरह से भरभरा कर गिर गई।



रेस्क्यू कर लोगों को बाहर निकालती टीम। • फोटोन न्यूज

महिला ने बताया कि उन्हें लगा कि उनके आवास का छत भी अब गिर जाएगा। किसी तरह दहशत के बीच सुबह होने का इंतजार करते रहे। साथ ही कहा कि आवास की स्थिति ठीक नहीं है और पूरी तरह से खतरों के बीच हम लोग रहने को मजबूर हैं। रेस्क्यू करने आए सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट ने बताया कि ब्लॉक में फंसे 21 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि टंकी से पानी के रिसाव के कारण ब्लॉक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त था। ब्लॉक काफी क्षतिग्रस्त है। ऐसे में फिर से कोई घटना हो सकती है। इसे पूरी तरह से खाली करना होगा।

## बोकारो के खांजो नदी में नहाने गये तीन भाई डूबे, तलाश में जुटे गोताखोर

**PHOTON NEWS BOKARO :** बोकारो, 10 सितंबर (हि.स.)। बोकारो जिले के खांजो नदी में नहाने के दौरान तीन युवक डूब गए। मामला जरीडीह थाना क्षेत्र के जैना बस्ती के समीप की है। घटना की जानकारी मिलते ही जरीडीह थाना और पेटरवार थाना की पुलिस नदी स्थित घटनास्थल पहुंची। पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों से की मदद से उन युवकों को खोजने का प्रयास किया जा रहा है।

बताया जाता है कि जैनम मोड़ के शिक्षक कॉलोनी के रहने वाले मनोज राय के बेटे आकाश राय, मनीष राय और उनका फुफेरा भाई



खांजो नदी के पास खड़ी युवकों की कार व जुटी भीड़। • फोटोन न्यूज

नितेश राय शनिवार शाम अपनी कर लेकर घूमने की बात कर कर घर से निकले थे। काफी समय बीत जाने के बाद जब तीनों घर नहीं लौटे तो मां ने फोन लगाया। आकाश ने मां को बताया कि हम लोग खांजो नदी में नहा रहे हैं और जल्द ही लौट जाएंगे।

शाम तक तीनों नहीं लौटे तो परिजन खोजते हुए जीना बस्ती स्थित नदी के किनारे पहुंचे, जहां कार लगी हुई थी। कार में तीनों लड़कों का कपड़ा और मोबाइल रखा हुआ था लेकिन इन लोगों का कोई पता नहीं चला। परिजनों ने इसकी सूचना जारीडीह थाना को दी गयी। उसके बाद जरीडीह और पेटरवार थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंची। देर रात तक तलाश किया गया लेकिन तीनों युवकों का कोई पता नहीं चला।

रविवार सुबह से खांजो नदी में डूबे तीनों युवकों की खोज जारी है। इस संबंध में जरीडीह थाना प्रभारी ललन रविदास ने बताया कि रात से लेकर अभी तक खोज जारी है। नदी में तेज वहाव और काफी पानी होने के कारण खोजने में कठिनाई हो रही है।

## नाम बदलकर यौन शौषण करने का आरोपी गिरफ्तार

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र की एक महिला की ओर से 09 सितंबर को साइबर थाना में आवेदन देकर गावां के एक युवक के खिलाफ यौन शौषण का मामला दर्ज कराया गया था। इसकी जानकारी देते हुए साइबर डीएसपी संदीप सुमन ने 10 सितंबर को बताया कि उक्त महिला ने आरोप लगाया है कि गावां के वादीडीह निवासी 28 वर्षीय मो० सद्दाम हुसैन ने साहिल के नाम से फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर महिला से दोस्ती की। कुछ दिनों तक बातचीत के बाद सद्दाम ने महिला को मिलने के लिए बुलाया और होटल में जबरदस्ती मांग में सिंदूर भर कर यौन शोषण किया। युवक ने इस दौरान कई आपतिजनक अश्लील फोटो व वीडियो भी बना लिया। इसके बाद इन्ही फोटो व वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर युवक लगातार यौन शोषण करता रहा। जब महिला ने विरोध किया तब सद्दाम ने पूरे परिवार को जान से मारने और बहन का बलात्कार करने की धमकी दी। उसने महिला के पति को फोटो व वीडियो भेज कर सोशल मिडिया पर भी वायरल कर दिया।

## दूसरे दिन भी नहीं मिला पेरवाघाघ में डूबे युवक का शव

**PHOTON NEWS KHUNTI :** पेरववाघाघ जल प्रपात में शनिवार को तेज धारा में बहे चुटिया नामकुम के सौरभ कुमार सिंह का शव दूसरे दिन भी नहीं मिल सका। एनडीआरएफ की टीम ने ग्रामीणों के साथ रविवार को सुबह से शाम पांच बजे तक जल प्रपात के लगभग दो किलोमीटर दायरे में शव की तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली।

एनडीआरएफ के जवानों का कहना था कि अब भी पानी की धारा काफी तेज होने के कारण सौरभ के शव को खोजा नहीं जा सका। उन्होंने कहा कि सोमवार को पानी कम होने के बाद फिर से शव की तलाश की जाएगी। तपकारा थाना प्रभारी रंजीत किशोर, पुलिस अवर निरीक्षक बलराम सिंह और रोशन कुमार सिंह तथा एएसआई रमजानुल हक दिन भर पेरवाघाघ में जमे रहे और स्थिति का जायजा लेते रहे। उल्लेखनीय है कि सौरभ कुमार सिंह दोस्तों के साथ शनिवार को पेरवाघाघ जलप्रपात घूमने आया था।

## देवघर पहुंचे लालू और राबड़ी करेंगे बाबा धाम में दर्शन

**PHOTON NEWS DEOGHAR :** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी रविवार को देवघर पहुंचे। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। एयर पोर्ट से लेकर देवघर परिसदन तक लालू और राबड़ी देवी को देखने के लिए जगह-जगह सड़कों के किनारे लोगों का जमावड़ा था। लोग अभिवादन करते नहीं थक रहे थे। लालू सभी का अभिवादन स्वीकार करते रहे।

स्वागत करने वालों में झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोगता, बादल पत्रलेख, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व सांसद घुरन राम, राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह, चतरा लोकसभा के पूर्व उम्मीदवार



लालू के स्वागत में पहुंचे पार्टी के कार्यकर्ता और नेता। • फोटोन न्यूज

सुभाष प्रसाद यादव, पूर्व विधायक रामदेव यादव, कल्पना देवी, युवा राजद अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, श्यामदास सिंह, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी सहित हजारों की संख्या में नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

हवाई अड्डा से आने के बाद लालू ने झारखंड के कोने-कोने से आए राष्ट्रीय जनता दल के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। साथ ही सभी को संगठन मजबूत करने का कड़ा निर्देश दिया। राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू ने कहा कि भाजपा भगाओ देश बचाओ। देश सभी का है और सभी के लिए बना है। नफरत फैलाने वाले पूरे देश में नफरत फैला रहे हैं। इस देश में नफरत फैलाने वालों को देश से भगाना होगा।

## रामगढ़ पहुंची विधानसभा समिति सभापति सरयू राय ने की समीक्षा

**PHOTON NEWS RAMGARH :** झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सरयू राय ने रविवार को रामगढ़ समाहरणालय में जिले के आला अधिकारियों के साथ राज्य में संचालित सरकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

झारखंड खनिज विकास निगम संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में सभापति ने जिला खनन पदाधिकारी से जिले में संचालित बालू घाटों की जानकारी ली। जिला खनन पदाधिकारी ने जिले में चिन्हित बालू घाटों, जिला सर्वे रिपोर्ट के संबंध जानकारी दी। साथ ही बालू के अवैध उठाव पर की जा रही कार्रवाई की भी जानकारी दी। झारखंड पुलिस हाउसिंग निगम के तहत जिले की आवश्यकताओं के मद्देनजर



बैठक में उपस्थित सरयू राय व अन्य अधिकारी। • फोटोन न्यूज

पुलिस संबंधित भवनों के निर्माण के प्रस्ताव की जानकारी दी गई।

पर्यटन विकास निगम के तहत जिला योजना पदाधिकारी ने जिले में संचालित ए केटेगरी व अन्य पर्यटन स्थलों के संचालन की जानकारी दी। औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम के तहत सभापति ने जिले में संचालित औद्योगिक क्षेत्रों की जानकारी ली। झारक्राफ्ट के तहत हो रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभापति ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों को मिल रहे लाभ, झारक्राफ्ट के तहत संचालित दुकानों आदि की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने झारक्राफ्ट को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

उत्पाद कॉरपोरेशन की समीक्षा के क्रम में सभापति को लक्ष्य के विरुद्ध इस वित्तीय वर्ष प्राप्ति की जानकारी दी गई। सरयू राय ने जिले में नियमानुसार तरीके से शराब दुकानों के संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। खाद्य आपूर्ति निगम की समीक्षा के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा डोर टू डोर सप्लाई योजना, पीएचएच कार्ड, अंत्योदय एवं ग्रीन राशन कार्ड की जानकारी दी गई। सभापति ने जिले में संचालित गोदाम एवं उनके वर्तमान स्थिति की भी जानकारी ली। अल्पसंख्यक वित्त निगम की समीक्षा के क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी ने सभापति को अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं अन्य योजनाओं के तहत लाभुक को लाभ देने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

### HAZARIBAG में झारखंड राज्य अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा का एक दिवसीय सेमिनार

## देश में संविधान के साथ किया जा रहा छेड़छाड़ : यशवंत

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** झारखंड राज्य अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा हजारीबाग का एकदिवसीय सेमिनार रविवार को निमंत्रण पैलेस हुरहुरू हजारीबाग में किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि पूर्व वित्त सह विदेश मंत्री और हजारीबाग के पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा ने कहा कि आज भारत में संविधान के साथ छेड़छाड़ किया जा रहा है। देश को आजाद हुए 76 वर्ष बीत गए, संविधान निर्माण हुए भी सात दशक से अधिक गुजर गए। आज क्यों आवश्यक हो गया कि अपने अधिकार की रक्षा के लिए मोर्चा का गठन किया गया। संविधान बनाने वाले बाबा साहब ने संविधान में सभी को समान अधिकार प्रदान



सेमिनार में यशवंत सिन्हा का स्वागत करते कार्यकर्ता। • फोटोन न्यूज

किया था। अगर किसी को किसी कानून को लेकर कोई आपत्ति होती थी, तो उसको संविधान सभा में पेश कर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उसे पास कराया जाता था।

**संविधान की आत्मा की रक्षा करें : यशवंत सिन्हा**

अब प्रथम कर्तव्य है कि संविधान की रक्षा करें, हम संविधान की आत्मा की रक्षा करें। सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था होती थी। लेकिन आज सरकारी नौकरी में आऊट सोर्सिंग के जरिए नौकरी दी जा रही है। इसमें किसी भी तरह के आरक्षण की व्यवस्था होती ही नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया कि संविधान की आत्मा से छेड़छाड़ नहीं कर सकते हैं। लेकिन समय-समय पर उसको कमजोर करने का प्रयास किया जाता रहा है। संविधान से छेड़छाड़ नहीं कर सकते हैं, अगर ऐसा करते हैं तो सुप्रीम कोर्ट उसको निरस्त करने का भी अधिकार रखता है। आज एक बड़ी लड़ाई की जरूरत है। अनुसूचित जाति और जनजाति दोनों मिलकर इस लड़ाई को लड़ें, तभी आप सफल होंगे।

**अध्यक्ष ने सौंपा मांग पत्र, मुआवजा दिलाने की गुहार :** झारखंड राज्य अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने यशवंत सिन्हा को एक मांग पत्र सौंपा। इसमें झारखंड में अनुसूचित जाति आयोग के शीघ्र गठन करने और झारखंड राज्य अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा का प्रतिनिधित्व करने की मांग शामिल था। एनटीपीसी समेत विभिन्न खनन कंपनियों में एससी, एसटी और ओबीसी रैयतों के जमीन अधिग्रहण के बाद मुआवजा दिलाने की भी मांग की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जय श्री राम पासवान, नंदवीर भुईयां, मंजू देवी मुखिया, राजकुमार राम, पुष्पा तिर्की, प्रफुल कुमार, राजेश राम केंद्रीय अध्यक्ष, रफीक अंसारी, अंबिका राम, राजकुमार दास, शंभू दास, उमेश कुमार, सुमन देवी, प्रमोद पासवान, अरुण राम समेत कई लोग उपस्थित थे।

## राधास्वामी संगठन का सदस्य सम्मान समारोह आयोजित

**PHOTON NEWS DUMKA :** संथाल परगना प्रमंडल के दुमका जिले के इंडोर स्टेडियम में राधास्वामी संगठन का सदस्य सम्मान सह जागरूकता अभियान का कार्यक्रम का आयोजन रविवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक कुमार शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार सिन्हा उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न योजना में कन्यादान योजना, नचिकेता छात्रवृति योजना, वाहन योजना, ऋण माफी योजना, मातृ पेंशन योजना, अक्षय धन योजना, आवास योजना, सदस्य सम्मान योजना एवं अन्य योजनाओं का विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। ग्रामीणों को कन्यादान योजना का





एक लाख का चेक और बॉन्ड दिया गया। कार्यक्रम के बच्चियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत की। जिसमे कार्यक्रम प्रस्तुत कर रही दो बच्चियों अनुष्का कुमारी और अंशिका कुमारी को प्रशस्ति पत्र एवं 1100 रुपये नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शर्मा ने घोषणा किया कि इन दो बच्चियों के विवाह में संगठन के नियमानुसार रजिस्ट्रेशन होने पर एक लाख रुपया नगद और विवाह सामग्री दिया जाएग।

BRIEF NEWS

## नक्सलवाद और अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता : ग्रमीण एसपी



RANCHI : रांची के नए ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि नक्सलियों और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। एसपी रविवार को पदभार ग्रहण करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच में बेहतर संबंध स्थापित करना भी प्राथमिकता में शामिल है। क्योंकि पुलिस और पब्लिक के बीच में जितना बेहतर संबंध होगा। उतना ही बेहतर काम हो सकेगा। इसके अलावा विधि व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त रखने, जुआ, अवैध नशा कारोबारी, और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष नजर होगी।

## सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने किया पदभार ग्रहण



RANCHI : रांची के सिटी एसपी के रूप में राज कुमार मेहता ने रविवार को पदभार ग्रहण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके अलावा विधि व्यवस्था , महिलाओं की सुरक्षा, पीड़ितों को न्याय दिलाना, नशीले पदार्थ पर विशेष फोकस रहेगा। राजकुमार मेहता इसके पहले गढ़वा, लातेहार, पलामू, रांची सहित अन्य कई जिलों में डीएसपी के पद पर अपना योगदान दे चुके हैं। वहीं दूसरी ओर आईपीएस चंदन कुमार सिन्हा को रांची जिले का नया एसएसपी बनाया गया है।

## शराब तस्करी के तीन आरोपी गिरफ्तार

RANCHI : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ट्रेन से बिहार शराब तस्करी करने के तीन आरोपियों को हटिया और रांची स्टेशन से गिरफ्तार किया है। इनमें आकाश कुमार, पंकज चौधरी और पवन कुमार शामिल हैं। इनके कब्जे से 29 बोतल व्हिस्की बरामद हुआ है। बरामद शराब की कीमत आठ हजार रुपये है। गरफ्तार तस्करों को उत्पाद विभाग के सुपुर्द कर दिया गया। यात्री सुरक्षा सेल के प्रभारी निरीक्षक दिगंजय शर्मा ने बताया की रेल सुरक्षा बल रांची ने शराब तस्करों पर नकेल कसने के लिए उनके खिलाफ ऑपरेशन सतर्क के तहत यह करवाई आगे भी जारी रहेगा।

## धुर्वा के कई क्षेत्रों में आज धारा 144

RANCHI : झारखंड राज्य तेजस्विनी कर्मचारी संघ के आंदोलन को देखते हुए 11 सितंबर को धुर्वा के कई इलाकों में सुबह आठ बजे से निषेधाज्ञा लगाने की घोषणा की गयी है। झारखंड राज्य तेजस्विनी कर्मचारी संघ ने 11 सितंबर को प्रभात तारा मैदान से जुलूस निकालते हुए प्रोजेक्ट भवन का घेराव करने एवं अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। इसे देखते हुए सदर अनुमंडल दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे ने 11 सितंबर को धुर्वा गोलचक्कर से प्रोजेक्ट भवन से लेकर चांदनी चौक तक, हटिया को जोड़ने वाली सड़क तथा इस सड़क के 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू करने संबंधी पत्र जारी किया है, जो आठ बजे से अगले आदेश तक लागू रहेगी।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

### दुर्गा सोरेन की प्रतिमा का अनावरण, चंपई सोरेन ने भरी हुंकार, कहा-

# सरकार गिराने के प्रयास में जुटे हैं कुछ लोग, मगर हम डरेंगे नहीं

PHOTON NEWS RANCHI : दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बड़े पुत्र स्व. दुर्गा सोरेन की आदमकद प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन ने लोवाडीह, नामकुम में रविवार को की। स्व. दुर्गा सोरेन की 55वीं जयंती समारोह का आयोजन स्व। दुर्गा सोरेन स्मारक समिति के बैनर तले आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कल्याण मंत्री चंपई सोरेन ने हुंकार भरते हुए कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन की मार्ग पर चलने वाले दुर्गा सोरेन आज हमारे बीच नहीं है। मगर शिबू सोरेन की आग में तपकर दुर्गा सोरेन बड़े हुए थे। उन्होंने झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभायी। वे झारखंडियों के मान-सम्मान और हक-अधिकार के प्रतीक थे। आज उनकी कमी महसूस होती है। जो काम 18-20 सालों में विपक्ष वाले नहीं कर पाये। वो सारे काम हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं। हमारी सरकार के



रांची के नामकुम स्थित लोवाडीह में स्व. दुर्गा सोरेन की आदमकद प्रतिमा का अनावरण के बाद मंत्री-सासंद व कार्यकर्ता।

काम भाजपा वालों को हजम नहीं हो रहा है। हर समय हमारी सरकार को अस्थिर और गिराने में लगी है। मगर हम और हमारे कार्यकर्ता दिशोम गुरु शिबू सोरेन और दुर्गा सोरेन के मार्ग पर चलने वाले लोग हैं। हम न डरेंगे और ना ही भागेंगे। जरूरत पड़ी तो फिर से तीर-धनूष निकाल कर चल पड़ेंगे।

**लंबे अरसे बाद हेमंत सोरेन के कारण आज प्रतिमा लगी : सीता सोरेन**

दुर्गा सोरेन की पत्नी और नाला विधायक सीता सोरेन ने कहा कि यह काम बहुत पहले हो जाना चाहिए था, मगर उस समय हमारी सरकार नहीं थी। आज मुख्यमंत्री और नगर विकास मंत्री हेमंत सोरेन के सौजन्य से दुर्गा सोरेन की आदमकद प्रतिमा लग गई है। यह काफी हर्ष का विषय है। हेमंत जी-20 की बैठक में जाने के कारण उपस्थित नहीं सके। मगर उनका योगदान और स्मारक समिति का योगदान झामुमो कार्यकर्ता कभी भुला नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार झारखंडियों के विकास के लिए हर काम कर रही है। मगर भाजपा के लोग हमारी सरकार को परेशान कर रहे हैं। इसलिए संगठन मजबूत करना होगा और सरकार भी बचानी होगी। तालमेल के साथ चलना होगा। सारा दायित्व हमलोगों पर है। उन्होंने कि आने वाले 2024 में फिर से हमारी सरकार यहां बनेगी और इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में दिल्ली में भी सरकार बनेगी।

इस मौके पर सांसद महुआ मांझी, विजय हांसदा, पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय, कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप आदि ने अपने विचार रखे। दुर्गा सोरेन स्मारक समिति के अध्यक्ष बिलियम रिचर्ड लकड़ा, अंतु तिर्की, किरण भौरा, मुश्ताक अहमद, हेमलाल मेहता, मंटू लाला, विरू साहू, शांत तिर्की, सुनीता लिंडा, सीमा लकड़ा, आश्रिता गुड़िया सहित कई उपस्थित थे।

# झारखंड में मानसून सक्रिय 3 से 4 डिग्री गिरेगा तापमान

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो रहा है। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव बनने के कारण 11 सितंबर से 4 दिनों के लिए बारिश होगी। इसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। इस दौरान 3 से 4 डिग्री अधिकतम तापमान में गिरावट भी रिकार्ड की जाएगी। कई जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की उम्मीद है। 12-13 सितंबर को राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। 14 सितंबर को राज्य में लगभग सभी स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। रविवार को रांची का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था, जबकि बारिश होने के बाद इसमें 3 से 4 डिग्री की कमी होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 27 डिग्री तक जा सकता है। यथासंभव घर पर रहें। इलेक्ट्रानिक उपकरणों या कार्डेड फोन का उपयोग करने से बचें। क्योंकि बिजली तारों के माध्यम से यात्रा कर सकती है। चोट या क्षति का कारण बन सकती है। बाहर हैं तो ऊंची जमीन या अलग-थलग पेड़ों से बचें। बड़े पेड़ के नीचे, बिजली के खंभों या खाली जगह से हट जाएं। किसी सुरक्षित या पक्की संरचना के नीचे शरण लें। रांची में अबतक तक 37 प्रतिशत कम बारिश रिकार्ड की गई है। मौसम विभाग के अनुसार रांची में

**यहां होगी भारी बारिश वज्रपात का अलर्ट**

राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में 13 सितंबर को कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, खूंटी, रांची, गुमला, रामगढ़, बोकारो आदि जिलों में देखने को मिलेगा। 14 सितंबर को राज्य के दक्षिण-पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में 14 सितंबर को कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। इसका असर पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, खूंटी, रांची, गुमला, लोहरदगा आदि जिलों में देखने को मिलेगा। मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी में 11 से 14 सितंबर तक राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ वज्रपात होने की आशंका है। इसे लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि किसानों को अगले तीन दिनों तक अधिक सतर्कता बरतने की जरूरत है। मौसम खराब होते ही किसान घर की ओर लौट जाएं। खेत में अधिक देर तक नहीं रूकें।

# बरियातू में अपार्टमेंट के 10वें फ्लोर से महिला ने कूदकर की आत्महत्या

## महिला के पति के बयान पर यूडी केस दर्ज

CRIME REPORTER RANCHI : बरियातू थाना क्षेत्र के हरिहर सिंह रोड स्थित स्काई डेल अपार्टमेंट के 10वें तल्ले से आज रविवार को एक महिला (49 वर्षीय) कूदकर आत्महत्या कर ली। महिला की पहचान चंद्रेश्वर प्रसाद की पत्नी मधुबाला के रूप में हुई है। मधुबाला इसी अपार्टमेंट के चौथे तल्ले पर अपने पति चंद्रेश्वर प्रसाद और बच्चे के साथ रहती थी। लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी गयी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच में जुटी हुई है। मधुबाला ने आत्महत्या की है या किसी ने उन्हें धक्का दिया है। इसका पता अभी नहीं चल पाया है। जांच के बाद ही सही कारणों का पता चल पायेगा।

**चंद्रेश्वर प्रसाद की दूसरी पत्नी थी मधुबाला**

चंद्रेश्वर प्रसाद ने बताया कि रात के समय सब ठीक था। उनकी पत्नी बेटे के साथ सोती थी और वो अकेले सोते थे। रविवार सुबह वो कब घर से बाहर निकली, उन्हें पता ही नहीं चला। अपार्टमेंट के लोगों ने उन्हें जानकारी दी। सूचना पाकर वो भागे-भागे वहां पहुंचे तो देखा कि उनकी पत्नी मधुबाला खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ी है। पुलिस ने महिला के पति के बयान पर यूडी केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, मधुबाला चंद्रेश्वर प्रसाद की दूसरी पत्नी थी। पहली पत्नी की मौत के बाद चंद्रेश्वर प्रसाद की मधुबाला से शादी हुई थी। दोनों का एक दस साल बच्चा भी है। चंद्रेश्वर प्रसाद शिक्षा विभाग में कार्यरत है और बिहार के सासाराम के रहने वाले है।

# आने वाला समय संस्कृत के विद्यार्थियों के लिए स्वर्णिम काल होगा : पृथ्वीराज सिंह

PHOTON NEWS RANCHI : संस्कृत भारती रांची के तत्वावधान में आयोजित संस्कृत सप्ताह का समापन रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। अतिथियों के दीप प्रज्ज्वलन और छात्रों के मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। विशिष्ट अतिथि संस्कृत भारती के प्रान्त सहमन्त्री पृथ्वीराज सिंह ने संस्कृत छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आने वाला समय संस्कृत के विद्यार्थियों के लिए स्वर्णिम काल होगा। संस्कृत भाषा के पुनरुत्थान का समय प्रारम्भ हो चुका है। सारस्वत अतिथि प्रान्त शिक्षण प्रमुख डॉ.चन्द्रमाधव सिंह ने कहा




कि संस्कृत सम्भाषण सीखना जितना सरल है उतना उपयोगी भी है। आज अनुसन्धान के क्षेत्र में लगे भारतीय वैज्ञानिक संस्कृत भाषा की तरफ आशा भरी दृष्टि से देख रहे हैं। मुख्य अतिथि संस्कृत प्राध्यापक डॉ. शैलेश कुमार मिश्र ने कहा कि कोरोना काल ने संस्कृत भाषा के अस्तित्व को सिद्ध किया है। भारत की आयुर्वैदिक चिकित्सा पद्धति का लोहा सम्पूर्ण विश्व मानने लगा। भौतिकता वादी युग में संस्कृत भाषा ही लोगों को सुख-शान्ति व समृद्धि के मार्ग तक ले जाने की सामर्थ्य रखती है। विश्व की सभी समस्याओं का समाधान संस्कृत भाषा में ही निहित है। आवश्यकता है तो उनका अन्वेषण और समुचित प्रयोग करने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्कृत भारती के महानगर अध्यक्ष डॉ. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि जी-20 की बैठक में संस्कृत सद्वाक्य और सभागार का नाम भारतमण्डपम रखा जाना संस्कृत भाषा के उन्नयन का परिचायक है। जब-जब संस्कृत भाषा का स्वर्णिम काल रहा है, तब-तब भारत विश्व गुरु बना है। अतिथियों का परिचय और स्वागत मारवाड़ी महाविद्यालय के संस्कृत प्राध्यापक राहुल कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रमेश कुमार और कार्यक्रम का संचालन जगदम्बा प्रसाद सिंह ने किया।

# झारखंड को मिली अंतरराष्ट्रीय हॉकी वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी, SCHEDULE जारी

PHOTON NEWS RANCHI : हॉकी में रुचि रखने वाले खेलप्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। देश में पहली बार वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होने वाला है। अच्छी बात है कि पहले ही आयोजन की मेजबानी का जिम्मा झारखंड को मिला है। 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस चैंपियंस ट्रॉफी में पहले ही दिन भारत व थाइलैंड की टीमें आपस में भिड़ेंगी। शनिवार को एशिया हॉकी महासंघ ने इस ट्रॉफी का शेड्यूल जारी किया है। प्रतियोगिता का पहला मैच 27 अक्टूबर को जापान और मलेशिया के बीच खेला जाएगा। जबकि भारत का पहला मुकाबला 27 अक्टूबर को ही रात 8.30 बजे से थाइलैंड के साथ होगा। झारखंड सरकार और



हॉकी झारखंड ने खेल प्रेमियों के लिए फ्री इंट्री की घोषणा की थी। इस इंटरनेशनल ट्रॉफी में झारखंड की चार खिलाड़ी भी भारतीय दल का हिस्सा हैं। इनमें निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, ब्यूटी डुंगडुंग व संगीता कुमारी शामिल हैं। सभी मैच रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में सभी मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में एशिया की टॉप 6 टीमें मेजबान भारत के साथ जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड भाग ले रही हैं। प्रत्येक दिन 3 मुकाबले खेले जाने हैं।

**कब किसके बीच होगा मैच**

- 27 अक्टूबर को जापान बनाम मलेशिया-शाम 4 बजे, चीन बनाम कोरिया-शाम 6:15 बजे, भारत बनाम थाईलैंड-रात 8:30 बजे।
- 28 अक्टूबर को जापान बनाम कोरिया-शाम 4 बजे, थाईलैंड बनाम चीन-शाम 6:15 बजे, भारत बनाम मलेशिया-रात 8:30 बजे।
- 30 अक्टूबर को कोरिया बनाम मलेशिया-शाम 4 बजे, थाईलैंड बनाम जापान-शाम 6:15 बजे, चीन बनाम भारत-रात 8:30 बजे।
- 31 अक्टूबर को कोरिया बनाम थाईलैंड-शाम 4 बजे, मलेशिया बनाम चीन-शाम 6:15 बजे, जापान बनाम भारत-रात 8:30 बजे।
- 02 नवंबर को मलेशिया बनाम थाईलैंड-शाम 4 बजे, चीन बनाम जापान-शाम 6:15 बजे, भारत बनाम कोरिया-रात 8:30 बजे।
- 04 नवंबर को पांच और छह स्थान के लिए-शाम 3:30 बजे, पहला सेमीफाइनल-शाम 6:00 बजे, दूसरा सेमीफाइनल-रात 8:30 बजे
- 05 नवंबर को तीन और चार स्थान के लिए शाम 6: 00 बजे, फाइनल रात 8:30 बजे

# शिक्षकों के ट्रांसफर के APPLICATION की तिथि बढ़ी, अब 22 तक कर सकते हैं आवेदन

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य के वैसे शिक्षक जो इंटर डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर या केवल ट्रांसफर चाहते हैं उनके पास अब भी आवेदन करने का मौका है। ऐसे शिक्षक 22 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन सहित विभिन्न प्रक्रियाओं की समय सीमा फिर बढ़ा दी है। स्थानांतरण के लिए शिक्षकों को ऑनलाइन आवेदन करने होंगे।

**ट्रांसफर के लिए शर्तें निर्धारित**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए शर्तें निर्धारित की गयी है। इस ट्रांसफर प्रक्रिया में वैसे शिक्षक ही शामिल हो सकते हैं, जो संबंधित स्कूल में निर्धारित संख्या



से अधिक हों। इसके अतिरिक्त दिव्यांग, महिला तथा गंभीर बीमारियों से ग्रसित शिक्षक भी आवेदन कर सकते हैं। विभाग की ओर से कहा गया है कि वैसे शिक्षकों का भी ट्रांसफर होगा जो पति-पत्नी के सरकारी कर्मी होने के आधार पर एक ही जगह पदस्थापित होना चाहते हैं। जारी नोटिस में कहा गया है कि शिक्षक ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन ही आवेदन करें। आवेदन करने से पहले विभाग की ओर से निर्धारित शर्तों को जरूर से पढ़ लें। योग्यता का निर्धारण जो किया गया है, उसके अनुरूप आप हैं तभी आवेदन करें। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, ऐसे शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किए जाने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला शिक्षा अधीक्षकों द्वारा डाटा का सत्यापन 23 सितंबर से दो अक्टूबर तक किया जाएगा। आवेदन में गलती होने पर फिर से आवेदन और उसके वेरिफिकेशन का काम तीन से 12 अक्टूबर तक होगा। सरप्लस शिक्षकों के मामले में स्कोर रैंकिंग सूची बनायी जाएगी। फिर उसे संबंधित जिला में प्रकाशित किया जाएगा। यचह काम 13 से 17 अक्टूबर तक किया जाएगा। विभाग की ओर से कहा गया है कि अगर स्थानांतरण संबंधी मामले में किसी तरह की शिकायत है तो शिक्षक 18 से 23 अक्टूबर तक शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

### पदभार ग्रहण करने के बाद एसएसपी ने डीएसपी व थानेदारों के साथ की पहली बैठक, दिए सख्त निर्देश

# थाना प्रभारी भू-माफियाओं के संपर्क में ना रहें : SSP

CRIME REPORTER RANCHI : एसएसपी चंदन सिन्हा ने थानेदारों को जमीन विवाद से दूर रहने को कहा है। सख्त रूप से कहा कि जमीन से जुड़े एक भी मामले में पुलिस का नाम सामने नहीं आना चाहिए। जमीन विवाद में पुलिस तब ही पड़े जब लगे कि इससे कानून व्यवस्था भंग हो सकती है। साथ ही, इस मामले में वरीय अधिकारियों को जानकारी देने का भी निर्देश दिया। ये बातें उन्होंने रविवार को पदभार ग्रहण करने के बाद डीएसपी व थानेदारों के साथ पहली बैठक में कही। एसएसपी ने थानेदारों से क्षेत्र में अपराध की स्थिति व लंबित मामलों की जानकारी प्राप्त की। फरार अभियुक्ति की भी जानकारी ली। एसएसपी ने सख्त




डीएसपी और थानेदारों के साथ बैठक करते रांची के नए एसएसपी चंदन सिन्हा ● फोटोन न्यूज

लहजे में कहा कि जहां जुआ-मटका का खेल चल रहा है वो अब बंद होना चाहिए। ड्रग्स कारोबारियों पर नकेल कसी जाए। अगर भविष्य में कही जुआ अड्डा चलने या नशे का अवैध कारोबार की पुष्टि हुई तो यही माना जाएगा कि यह सब थानेदार की स्वीकृति से चल रही है। ऐसे में थानेदार कार्रवाई के दायरे में आयेंगे। साथ ही, क्षेत्र में छिनतई, बाइक चोरी, गृहभेदन की घटनाओं पर अंकुश लगाने का भी निर्देश दिया। बैठक में सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो सहित जिले के तमाम डीएसपी व थानेदार शामिल थे।

**थानेदार बतायें, शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए क्या कदम उठाये जाएं**

बैठक में एसएसपी ने शहर में तीन स्थानों पर बन रहे ओवर ब्रिज और जाम की स्थिति से निपटने के लिए थानेदारों से सुझाव मांगा। थानेदारों से पूछा कि यातायात व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के लिए क्या कदम उठाये जाएं। एसएसपी ने कहा कि सुगम यातायात व्यवस्था रांची पुलिस की प्राथमिकता है। राहगीरों को जाम से सामना न करना पड़े इसकी चिंता करनी होगी। इस दौरान एसएसपी ने थानेदारों को नियमित रूप से बाइक चेकिंग और उसका डाटा संग्रह करने का भी निर्देश दिया।

## पेज एक का शेष

### झारखंड में दिनदहाड़े हो रही लूट-डकैती...

**लूट में सजा का प्रावधान :** लूट के मामले में, अपराधी को आइपीसी की धारा 392 के तहत कठोर कारावास की सजा दी जाती है, जिसे 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुमार्ना लगाया जा सकता है। सूर्यास्त और सूर्योदय के बीच किसी भी राजमार्ग पर लूट की जाती है तो कारावास 14 साल तक बढ़ सकता है।

**डकैती में ये है सजा का प्रावधान:** भारतीय दंड संहिता की धारा 395 के अनुसार, जो भी कोई डकैती करेगा, तो उसे आजीवन कारावास या किसी एक अवधि के लिए कठिन कारावास जिसे दस वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। साथ ही वह आर्थिक दंड के लिए भी उत्तरदायी होगा।

**डकैती और लूट में क्या है अंतर :** डकैती के अपराध को आईपीसी, 1860 की धारा 395 द्वारा समझाया गया है। लूट और डकैती के बीच प्रमुख अंतर अपराध करने के दौरान मौजूद लोगों की संख्या है। यदि लूट करने वाले व्यक्तियों की संख्या पांच या अधिक है तो डकैती का अपराध होगा। उदाहरण के लिए, अ, इ, उ, ऊ और ए वे व्यक्ति हैं जिन्होंने रात के दौरान बैंक को लूटने का फैसला किया। ए अपने हाथ में बंदूक लेकर दरवाजे पर खड़ा था ताकि कोई भी बैंक में प्रवेश न कर सके, जबकि अन्य चार लॉकर तोड़ने में व्यस्त थे। सभी पांच लोग डकैती के अपराध के लिए उत्तरदायी होंगे।

BRIEF NEWS

## सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ काम करेगा न्याय चक्र फाउंडेशन



**ROURKELA :** न्याय चक्र फाउंडेशन संस्था के प्रतिनिधियों ने राउरकेला सेक्टर- 4 महिला थाना नए अधिकारी सुबर्णमणि से मिलकर उनका स्वागत किया। न्याय चक्र फाउंडेशन के बारे में जानकारी दी। वहीं पुलिस के साथ मिलकर सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ काम करने की बात कही। महिला अत्याचार, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा के मामले में मिलकर काम करने पर चर्चा हुई। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष लखन लोहार, उपाध्यक्ष रीतेश प्रजापति, सुरजीत नंदा, रिंकू बिस्वाल, भारती कुमारी सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## प्रशासन ने नहीं सुना तो महिलाओं ने बना डाली सड़क



**ROURKELA :** ग्रामीणों ने बार-बार प्रशासन से सड़क की मरम्मत कराने की मांग की। ब्लॉक कार्यालय से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित बरतलपड़ा के निवासियों को महज 50 मीटर की सड़क के लिए बार-बार परेशान होना पड़ रहा था। जिसके बाद गांव की प्रगति महिला उत्पादक संघ ने बैठक की। उन्होंने अपने खर्च पर सड़क की मरम्मत कराई। यह गांव के अरविंद स्कूल से पृथुल साहू के घर तक लगभग 50 मीटर की सड़क है। इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों लोग अस्पताल, पंचायत कार्यालय, प्रखंड कार्यालय और छात्र-छात्राएं स्कूल जाने के लिए गुजरते हैं। प्रगति निमार्ता महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने अपने खर्च से इस सड़क का निर्माण कराया है।

## मो माटी, मो देश अभियान के तहत जमा की गई मिट्टी, निकाली पदयात्रा



**ROURKELA :** आजादी के अमृत महोत्सव पर अमृत कलश पदयात्रा चलाई जा रही है। इसके तहत मिट्टी संग्रह का कार्यक्रम चल रहा है। इसके बीजेपी के उम्मीदवार रहे निहार राय के नेतृत्व में बसंती मंडल अंतर्गत बूथ नंबर 101 104 105 109 138 139 140 141 वह 144 में मिट्टी संग्रह का कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में सांसद जुएल ओराम ने योगदान देकर रेल पाठक स्थित हनुमान मंदिर में पूजा चना कर उक्त पदयात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा रेल फाटक से निकलकर माल गोदाम व मधुसुदनपल्ली आंचल से होकर रेलवे कॉलोनी स्थित सब्जी मार्केट में जाकर संपन्न हुई। सांसद के साथ कलश लेकर बंदना प्रधान व नूतनदीप घर-घर की परिक्रमा कर मिट्टी संग्रह किए। सड़क के दोनों और लोगों द्वारा अपने घरों से मिट्टी लाकर उत्साह के साथ कलश में प्रदान किया। मौके पर जिला अध्यक्ष लतिका पटनायक, राज्य महासचिव पूर्णिमा, राज्य प्रवक्ता धीरेन सेनापति, भगवान रावत, सचिव पवन बारीक, युवा अध्यक्ष अंकुश वर्मा आदि उपस्थित थे

## जमशेदपुर के नए एसएसपी ने किया पदभार ग्रहण



**JAMSHEDPUR :** जिले के नए एसएसपी के रुप में किशोर कौशल ने रविवार को पदभार ग्रहण किया। एसएसपी प्रभात कुमार ने किशोर कौशल को पदभार सौंपा। एसएसपी कार्यालय में किशोर कौशल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पदभार ग्रहण करते ही एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता शहर में हो रहे अपराध पर लगाम लगाना है। पुलिस शहरवासियों के लिए संवेदशील रहे। वे हमेशा जनता के साथ रहेंगे। किसी को भी परेशानी हो तो वे थाना आने में झिझक महसूस नहीं करें।

# चोरों ने महिला रेल कर्मचारी के QUARTER का ताला तोड़कर की चोरी, शिकायत दर्ज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** रेल नगरी चक्रधरपुर में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्व में घटी घटना का अभी उद्वेदन भी नहीं हुआ कि चोरों ने रनिंग रूम के पास एक महिला रेल कर्मचारी के क्वार्टर में चोरी की घटना अंजाम दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर रनिंग रूम के समीप क्वार्टर संख्या एफ 15/2 निवासी शीला महतो ऑपरेटिंग विभाग में कार्यरत हैं। महिला रेल कर्मचारी गार्ड के घर में शुक्रवार-शनिवार की रात में चोरों ने घर का दरवाजा तोड़ घर से पंखा, गैस चूल्हा समेत घर का राशन लेकर चंपत हो गए हैं। बड़ी बात है कि चोर घर से फ्रिज भी उठा ले गए। बताया जाता है कि घर का दरवाजा खुला रहने पर पड़ोसी ने देखा। बाद में महिला रेलकर्मी को क्वार्टर में हुई चोरी की जानकारी दी।



चोरी के बाद कमरे में बिखरे पड़े सामान। ● फोटोन न्यूज

इस संबंध में महिला रेल कर्मचारी ने बताया कि वह छुट्टी पर थी और किसी काम से अपने घर महालीमुरूम गयी हुई थी। महिला रेलकर्मी के घर पर नहीं होने का पूरा फायदा चोरों ने उठाया। सूचना पाकर महिला शनिवार रात अपने क्वार्टर पहुंची तो देखा क्वार्टर से सारा सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी भी टूटा हुआ है। घर से पंखा, गैस चूल्हा, फ्रिज सहित राशन सामग्री गायब है। पीड़ित महिला ने बताया कि गोदरेज में रखा नगद तीन हजार रुपये और उसके कुछ कपड़े भी गायब हैं। महिला ने देर रात इसकी सूचना चक्रधरपुर पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर शनिवार रात पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर पूछताछ किया। बता दे की रेलवे क्षेत्र में चोरी की घटना पिछले काफी समय से हो रहा लेकिन अब तक पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगा है। रेलवे के आर ई कॉलोनी में भी चोरों ने घर का दरवाजा तोड़ लाखों रुपया की चोरी को घटना का अंजाम दिया था। पुलिस इसकी भी अभी तक जांच कर रही है।

क्वार्टर से रेलवे सुरक्षा बल का थाना मात्र डेढ़ सौ से 200 मीटर की दूरी पर

रेलवे के रनिंग रूम के समीप जिस स्थान पर चोरों ने रेलवे क्वार्टर में ताला तोड़कर चोरी को घटना को अंजाम दिया है वहां से रेलवे सुरक्षा बल का थाना मात्र डेढ़ सौ से 200 मीटर की दूरी पर है। आरपीएफ थाना के सामने हुई इस चोरी की घटना से रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहें हैं। इससे पहले भी यहां क्वार्टरों में चोरी की घटना हो चुकी है। बता दें कि जिस स्थान पर क्वार्टर हैं वहां पर अवैध रूप से झुग्गी झोपडी के साथ साथ शराब की भट्टी भी चलती है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से चोरों का हौसला बुलंद है।

## मंत्री शारदा नायक का 64वां जन्मदिन, कटा केक, 620 यूनिट रक्त किया गया एकत्र

**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला इंडस्ट्रियल इस्टेट स्थित उत्सव विवाह मंडप में राउरकेला बीजू युवाओं, विद्यार्थियों एवं महिला कार्यकताओं ने सबके श्रम मंत्री शारदा प्रसाद नायक का जन्मदिन मनाया। विभिन्न संगठनों, युवाओं और बहनों ने सारदा भाई को फूलों और गुलदस्ते से सम्मानित किया। राउरकेला जिले में जीवन बिंदु मो परिवार, साई परिवार की 40 यूनिट, बन्नई बरसुआ में 31 यूनिट, रघुनाथपल्ली में 64 यूनिट, बिरमित्रपुर नगरपालिका हॉल में 68 यूनिट, कुल 620 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। श्रम मंत्री सारदा प्रसाद ने खुद विरमित्रपुर में रक्तदान किया।



जन्मदिन पर केक काटते मंत्री शारदा नायक। ● फोटोन न्यूज

इस दौरान जिला अध्यक्ष हालु मुंडारी, श्रीमती रश्मीबाला मिश्रा, संबर लोकरा, जोशना नाइक, आनंद चंद्र मोहंती, गगन पांडा, ज्ञानेंद्र जेना, जितेन नाइक, अभय दास, श्रीचरण मोहंती, सुदात्मन, शिव दास, जयंत कुमार मिश्रा, सुदाम चंद्र दास, सत्यनारायण महापात्र , सत्यानंद बेहरा, देबब्रत पटनायक, सुज्ञानी रॉय, प्रताप पाधी, पवन तिवारी, संजीव नाइक, जावेद खान, शिव बारिक, महेंद्र मोहतो, शंकर राव, सुबाष व्यकु, विभी पुहान, सुशांत राउत, काबुली प्रतिहारी, रंजन नाइक, विकास शुक्ला, सुशांत दास, आर. प्रताप सिंह, डी. अभिक कुमार, कृष्ण चंद्र सिंह, जगन्नाथ पान सहित कई लोग शामिल हुए।

## राउरकेला कांग्रेस पार्टी की बैठक आयोजित, नेतृत्व विकास पर जोर

**PHOTON NEWS ROURKELA :** लोकसभा आम चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस पार्टी ने भी चुनाव के लिए संगठन को मजबूत करने के लिए कई कार्यक्रम चलाए हैं। रविवार को राउरकेला कांग्रेस कार्यालय में बैठक हुई। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी नेतृत्व विकास मिशन के ओडिशा प्रभारी मानस कुमार मल्लिक शामिल हुए। मानस कुमार मल्लिक ने कहा कि पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नेतृत्व विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में सुंदरगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष जनार्दन देहुरी, राउरकेला कांग्रेस अध्यक्ष देवब्रत बिहारी, पूर्व विधायक प्रभात महापात्र, पीसीसी महासचिव बीरेन सेनापति और कई अन्य पार्टी नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।



बैठक में उपस्थित मानस कुमार मल्लिक व अन्य। ● फोटोन न्यूज

## बच्चों के विकास को लेकर हुआ मंथन

**PHOTON NEWS ROURKELA :** सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में शिक्षकों एवं अभिभावकों की मीटिंग रविवार को आयोजित हुई। इसका मकसद बच्चों के उन्नति पथ पर आने वाली बाधाओं का अभिभावक और शिक्षकगण मिलकर उन सारी समस्याओं का समाधान कर सके। सभा में लगभग 200 अभिभावकगण उपस्थित थे।

विद्यालय प्रबंधन के मुख्य अतिथि नरेश अग्रवाल ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों और अभिभावक गण का सहयोग अति आवश्यक है। बच्चों के सफलता में पूर्ण सहयोगी बनने की आवश्यकता है। बच्चों का पूरा-पूरा ध्यान रखें।



बैठक में उपस्थित शिक्षक व अभिभावक। ● फोटोन न्यूज

शिक्षा संयोजक सुचित्रा लेंका ने अभिभावकों को आश्वासन दिया कि बच्चों के विकास का पूरा ध्यान दिया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक चितरंजन दास, वरिष्ट शिक्षिका रेणु तिवारी, सुष्मिता ब्रह्मा, स्वरूप कांत बेहरा सभी शिक्षकों ने बच्चों के विकास पर अपना-अपना सुझाव प्रस्तुत किया ।

## राउरकेला इस्पात कारखाना कर्मचारी संघ का सम्मेलन आयोजित, नई कमेटी में हिमांशु बल बने महासचिव

**PHOTON NEWS ROURKELA :** भारतीय मजदूर संघ संबद्ध राउरकेला इस्पात कारखाना कर्मचारी संघ के 14वां द्विवार्षिक सम्मेलन रविवार को विश्वकर्मा भवन सेक्टर-4 में आयोजित किया गया। महासचिव प्रदोष पंडा ने वार्षिक विवरण प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष सरोज पंडा ने वित्तीय विवरण रखा। मुख्य वक्ता लक्ष्मण दास ने बीएमएस के कार्य पर प्रकाश डाला।

अध्यक्ष हिमांशु बल ने पुरानी कमेटी के कार्यो की जानकारी दी। प्रदेश महासचिव विनय कुमार त्रिपाठी के द्वारा आगामी दो वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी कमेटी की घोषणा की। इसमें प्रदोष पंडा अध्यक्ष, सुरेंद्र कंसारी कार्यकारी अध्यक्ष, समिता मिश्र, रीतारानी स्वाईं, संदीपानी चौधरी, विपिन शर्मा, त्रिलोचन नायक, संतोष तांती, संदीप पति, योगेंद्र महंतो, संजय दास, राजेश दास उपाध्यक्ष बनाए गए। हिमांशु बल महासचिव तथा सत्यानंद दास को उप महासचिव बनाया गया। सचिव के रूप में समर महंती, आशीष महंती, सुशांत पंडा, रमेश सामंत, सुधीर बिंधानी, त्रैलोक्य बेहरा, कुंवारी केरकेटा, जनकर सेठी, प्रदीप साहू, सुशांत जेना, उमाकांत सामल, दुर्गा प्रसन्न साहू, अंकित पुष्टि, सुभाष पाढ़ी, सुकांत दास, प्रदीप्त राय, सरोज सराफ, मुरलीधर सामल, जयप्रकाश स्वाईं, प्रियव्रत जेना, सरोज प्रधान, सुशील सेठी, शंकर प्रसाद, मिहिर महंती, अक्षय धल शामिल किए गए हैं। मानस दास संगठन सचिव, सरोज पंडा कोषाध्यक्ष अमर भुइयां सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं।



सम्मेलन में उपस्थित मजदूर संघ के कर्मचारी व अन्य। ● फोटोन न्यूज

## यंग इंडियंस ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 112 लोगों की हुई जांच

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सीआईआई यंग इंडियंस के द्वारा रविवार को आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित जमशेदपुर क्लोरोकेम प्रा. लिमिटेड परिसर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। आईएचएमओ जिला अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक एसआरके कमलेश ने बताया फोर्टिस हॉस्पिटल कोलकाता के सहयोग से 112 लोगों की मधुमेह (शुगर), हीमोग्लोबिन , ब्लड प्रेशर (रक्तचाप) , सामान्य रोग, ईसीजी, पलमोनरी फंक्शन टेस्ट (पीएफटी) एवं नेत्र जांच की गयी। कुल 22 मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किए गए। मोतियाबिंद पाए गए मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन एएसजी हॉस्पिटल में किया जाएगा।




स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित यंग इंडियंस के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

मौके पर कंपनी के प्रबंधक मनोज कुमार गुटगुटिया, इंडियन मर्चेंट नेवी के कैप्टन मनीष कुमार ,सीआईआई यंग इंडियंस से उमंग अग्रवाल , विशाल गांधी , अंकित नरेड़ी, मोक्षिता, अंकित कांटिया,

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने जनता की समस्याओं को सुना और समाधान का किया प्रयास

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन रविवार को जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के राजस्थान भवन, डिमना रोड में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंत्री बना गुप्ता ने आम जनता के समस्याओं से संबंधित 209 से अधिक मामले पर सुनवाई किया। अनेकों मामले को उन्होंने तत्काल समाधान किया, आम जनता ने अपने मंत्री से मिलकर बेबाक रूप से अपने समस्याओं को साझा किया।



जनता की समस्याओं को सुनते मंत्री बन्ना गुप्ता। ● फोटोन न्यूज

इस दौरान मंत्री ने समाधान का प्रयास भी किया, समस्याओं से संबंधित आवेदन मंत्री ने ले लिया और उचित कार्यवाही कर संबंधित विभाग को प्रेषित करने के लिए जनता को आश्वस्त दिया और सभी समस्याओं का समाधान उचित माध्यम से की जाएगी। इसका आश्वासन दिया। इस दौरान काफी संख्या में विधान सभा क्षेत्र के बस्ती वासी शामिल हुए। जनसुनवाई कार्यक्रम को सफल बनाने में मानगो प्रखण्ड अध्यक्ष ईश्वर कुमार सिंह, अजय मिश्र, संजय शर्मा उलीडीह मण्डल

### जनमुक्ति संघर्ष वाहिनी और जिला सर्वोदय मंडल के तत्वावधान में किया गया प्रतिवाद गोष्ठी का आयोजन

## लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करने वाली ताकतों को 2024 के चुनाव में परास्त करने का संकल्प

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जनमुक्ति संघर्ष वाहिनी और जिला सर्वोदय मण्डल के तत्वाधान में रविवार को गोलमुरी स्थित भोजपुरी भवन में वैचारिक संस्थानों और प्राकृतिक संसाधनों पर हमलों के खिलाफ प्रतिवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनारस स्थित सर्व सेवा संघ भवन के ध्वस्तीकरण के बारे में सुखचंद्र झा ने विस्तार से बताया और फसीवादी ताकतों को आगामी लोकसभा चुनाव में परास्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने पूरे देश में आरएसएस व भाजपा को 2024 के चुनाव में खारिज करने के लिए जनमानस को प्रेरित करने की ठोस नीति बनाकर पूरे दमखम से आगे बढ़ने पर सहमति दी। ईचागढ़ क्षेत्र के विस्थापित साथी अम्बिका प्रसाद यादव ने कहा कि आज देश में सिर्फ एक ही व्यक्ति दिख रहा है या उसे दिखाया जा रहा है और वह है नरेंद्र मोदी। बीजेपी आईटी सेल ने जो झूठा आभा मण्डल तैयार किया है, उसमें देश बुरी तरह फंस कर रह गया है। इस सरकार का सिर्फ एक ही काम है धर्म और जाति के नाम पर लड़ाना है और सत्ता पर बने रहना है। ऐसी ताकतों के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई लड़नी है, अन्यथा आम जनता पर फिलहाल महंगाई की मार पड़ रही है, आगे जीना दूभर हो जाएगा। कार्यक्रम में राजश्री, सिया शरण शर्मा, जगत, अम्बिका प्रसाद यादव, रवि कुमार, उमापद महतो, सारियान काडूआर, विनय जी, उषा सबीना देवगम, दिनेश यादव, देवाशीष मुखर्जी, विकाश कुमार, अंकुर शाश्वत आदि उपस्थित रहे।




गोष्ठी में शामिल संस्था के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**मोदी को हार का डर सता रहा है : मंथन कुमार**

जसवा के मंथन कुमार ने ने कहा, कि बनारस में सर्व सेवा संघ को ध्वस्त करना केवल जमीन का ही मामला नहीं, बल्कि विचार और इतिहास का है। मोदी ही मोदी हो देश के वर्तमान और भविष्य में, इसकी कुचेष्टा चल रही है। यह पूरे देश में चल रहा है। मोदी को हार का डर सता रहा है और उसके संकेत मिल रहे हैं। इसीलिए भारत बनाम इंडिया का सोचा समझा प्रोपोगेंडा और एजेंडा चलाया जा रहा है।

**प्रतिवाद ही एक कारगर विकल्प :** संचालन करते हुए दिलीप वाहिनी ने कहा कि अब आपस में लड़ने का समय नहीं है बल्कि सीधी लड़ाई का समय है। और वह लड़ाई है आरएसएस व भाजपा के खिलाफ। सिया शरण शर्मा ने कहा कि गांधी, विनोबा, जेपी की विरासत को जमींदोज कर भाजपा ने यह जाहिर कर रहा है कि अब देश के अन्य स्थानों पर स्थिर ऐसे संस्थानों का वजूद खतरे में है। इसलिए प्रतिवाद ही एक कारगर विकल्प है। कई अन्य साथियों ने एक स्वर से संघ पोषित दक्षिणपंथी शक्तियों को आगामी चुनावों में हर हाल में शिकस्त देने के लिए सघन अभियान चलाने का आह्वान किया गया।

## सतरंग में 'रक्स' का आयोजन विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया नृत्य



कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती छात्रा। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** करीम सिटी कॉलेज में स्पार्क (सोसायटी फॉर प्रोमोटिंग आर्ट एंड कल्चर) छात्र मंच ने रविवार को ₹रक्स₹ का आयोजन किया। यह एक नृत्य प्रतियोगिता है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नृत्य कला को बढ़ावा देना और नृत्य के लिए उत्सुक छात्र और छात्रों को एक मंच देना था। प्रतियोगिता में कई बच्चो ने भाग लिया और प्रतियोगिता में विभिन्न नृत्य शैलियों का प्रस्तुतीकरण किया गया, जैसे कि अर्ध शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य।

निर्णायक मंडली में नृत्य प्रतिपादक संदीप बोस एवं नृत्य गुरु तरित सरकार जो की नृत्यांगन इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स से हैं, शामिल रहे और सभी कलाकारों को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में अर्ध शास्त्रीय नृत्य की विजेता मासूम पॉल बनी तथा दूसरी स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अदरीजा मल्लिक हुई। लोकनृत्य में प्रथम स्थान पर शिवानी कुमारी है और दूसरे स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी है मुस्कान और अपूर्व पोल। कार्यक्रम बड़ा रोचक रहा।

## सीएम नीतीश कुमार समेत इन लोगों पर 243 लोगों की हत्या का आरोप

# मुजफ्फरपुर कोर्ट में दायर हुआ परिवाद

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर 243 लोगों की हत्या का आरोप लगा है। इस आरोप को लेकर मुजफ्फरपुर सीजेएम कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है। सीएम नीतीश कुमार के साथ उत्पाद आयुक्त विनोद सिंह गुंजियाल, मुजफ्फरपुर के उत्पाद अधीक्षक संजय राय समेत बिहार के सभी जिलों के उत्पाद अधीक्षक के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर की गई है। परिवादी का कहना है कि बिहार में शराबबंदी कानून वर्ष 2016 से लागू है। इसके बावजूद सरकार के गलत नीति एवं सिस्टम की लापरवाही से सभी जिलों में धड़ल्ले से अवैध देसी और विदेशी शराब बिक रही है। प्फ्ळक से प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार, शराब के कारण अबतक 243 लोगों की मौत




हो चुकी है। शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद राज्य में जहरीली शराब भी बेची जा रही है। इसके सेवन से सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। छपरा, सीवान, मुजफ्फरपुर, बेतिया समेत कई जगह पर हुए जहरीली शराब कांड इसके उदाहरण हैं। कोर्ट ने परिवाद को स्वीकार कर लिया है। इस मामले में 16 सितंबर को सुनवाई होगी। परिवाद दायर करने वाले वकील का नाम सुशील कुमार है। परिवाद दायर करने के बाद सुशील कुमार ने कहा कि राज्य में शराबबंदी कानून वर्ष 2016 से लागू है। फिर भी बिना किसी रुकावट के सभी जिलों में देसी और विदेशी शराब बिक रही है। शराब तस्कर लोगों को घर तक शराब पहुंचाते हैं। परिवादी ने बताया कि बिहार में नशामुक्ति के लिए बगैर जागरूकता अभियान चलाए, अचानक वर्ष 2016 में बिहार में शराबबंदी कानून लागू कर दिया। शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद देसी शराब गांव से लेकर शहर में बेची जा रही है। खेत-खलिहान में तस्कर शराब का कारोबार करते हैं। जहरीली शराब पीने से सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं सैकड़ों लोग दिव्यांग हो चुके हैं। सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 में प्राप्त जानकारी के अनुसार जहरीली शराब की बिक्री जारी है, जिसे पीने पर सरकारी आंकड़ों के अनुसार पूरे बिहार में कुल 243 लोगों की मृत्यु जहरीली शराब से हुई है।

## एनडीए से नाता तोड़ने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलेंगे नीतीश कुमार

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली रवाना हो चुके हैं। करीब डेढ़ साल बाद वह पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इससे पहले वह पिछले 22 मार्च को पीएम मोदी से लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान मिले थे। सीएम नीतीश कुमार जी-20 समिट के डिनर पार्टी में शामिल होंगे। उनके साथ बिहार सरकार के मंत्री संजय झा भी हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से उन्हें निमंत्रण-पत्र भेजा गया है। इधर, सीएम नीतीश और पीएम मोदी की मुलाकात पर सियासत तेज हो गई है। हालांकि जदयू का कहना है कि इसका राजनीति से कोई कार्यक्रम नहीं है। दिल्ली में विश्व के कई देशों के प्रमुख इसमें शामिल हो रहे हैं। सभी मुख्यमंत्री इसमें शामिल हो रहे हैं तो हमारे नेता नीतीश कुमार भी शामिल हो रहे हैं। बता दें कि भारत मंडपम में शनिवार शाम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विदेशी नेताओं के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन करेंगी, जिसमें देश के कई मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों को भी आमंत्रित किया गया है। वहीं भाजपा का कहना है राष्ट्र के सम्मान में हर किसी को जुड़ना चाहिए। सीएम नीतीश कुमार कई बार प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए लेकिन, मुख्यमंत्री जी जब जागे तभी सवेरा हो गया।

## संक्षिप्त डायरी

### बांका में पुरानी रंजिश में की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**बांका ।** पुरानी रंजिश में दबंगों ने एक व्यक्ति के सीने में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक भागलपुर के गोराडीह थाना क्षेत्र के रहने वाला है। पुलिस ने छापेमारी अभियान चला कर आरोपी को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ विपिन बिहारी ने हत्या मामले का उद्भेदन किया है। आरोपी दो देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार हुआ है। शनिवार की रात एसडीपीओ विपिन बिहारी ने हत्या मामले का उद्भेदन करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस का जानकारी दी। धनकुंड थाना क्षेत्र अंतर्गत भागलपुर जिले के गोराडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत हरी नगर निवासी 47 वर्षीय मंगल महतो को पुरानी रंजिश में गांव के ही एक दबंग व्यक्ति ने सीने में गोली मार कर हत्या कर दी। आरोपी की पहचान मटुक महतो के रूप में हुई। दोनों के बीच पुरानी राजेश को लेकर वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी। इसी को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस मामले में आगे की छानबीन कर रही है।एसडीपीओ विपिन बिहारी ने बताया कि धनकुंड थाना क्षेत्र के दिवाकरचक बहियार के पास भागलपुर जिले के गोराडीह थाना क्षेत्र के हरी नगर गांव निवासी मंगल महतो को उसके गांव के ही मटुक महत्व ने सीने में गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मंगल महतो को दो देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### मुजफ्फरपुर में हथियार की डिलिंग करते दो गिरफ्तार



**मुजफ्फरपुर ।** हथियार की डिलिंग करते दो शातिर को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से हथियार भी जब्त किया गया है। दोनों से पूछताछ की गई है। पूरा मामला सदर थाना क्षेत्र के खबरा की है। जहा सदर थाने की पुलिस ने छापेमारी कर दो शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। दोनों हथियार डीलिंग कर रहे थे। इसी दौरान पकड़े गए। इनके पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल, एक जिंदा और एक मिस्फायर गोली जब्त किया है। पूछताछ में अपने कई साथियों का नाम भी बदमाशो ने बताया है। उनको पकड़ने के लिए सदर पुलिस छापेमारी में जुटी हुई है। थानेदार कुंदन कुमार ने बताया कि रात करीब 11 बजे गुप्त सूचना मिली थी कि खबरा में हथियार खरीद बिक्री के लिए कुछ संदिग्ध इकट्ठा हुए है। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस टीम गठित कर घेराबंदी की गई। इस दौरान खबरा निवासी वरुण ओझा और मनियारी थाना क्षेत्र के सिलौत निवासी सूरज झा को हथियार डीलिंग करते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इनके पास से हथियार और गोली समेत दो मोबाइल जब्त की गई। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ पुलिस पदाधिकारी के बयान पर आर्म्स एक्स और अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। साथ ही इनका आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। फिलहाल पूछताछ पूरी होने पर दोनों को संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है।

## जमुई में वज्रपात से 2 की



जमुई । वज्रपात की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई भेजा गया है। घटना सोनो थाना क्षेत्र के करमटिया के समीप का है। मृतक की पहचान खैरा थाना क्षेत्र के नीम नवादा के सुकर यादव का बेटा निवास कुमार और पेरू यादव का बेटा नंदन कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायलों में नीमाडीह का दिनेश यादव, आमगछिया का सुधीर भुल्ला और नीमनवादा का रंजीत कुमार शामिल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि निवास, नंदन और रंजीत तीनों एक ही बाइक से सोनो से वापस अपने घर नीम नवादा लौट रहे थे। इसी दौरान कामत के समीप तेज बारिश होने लगी। तीनों वहीं एक पेड़ के नीचे रुक गए। उसी पेड़ के नीच दिनेश यादव और सुधीर भुल्ला भी रुका था। इसी दौरान वज्रपात हुआ। वज्रपात की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही नंदन कुमार और निवास कुमार की मौत हो गई। जबकि रंजीत कुमार, सुधीर भुल्ला और दिनेश यादव घायल हुआ है। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई भेजा गया है। सोनो थानाध्यक्ष चितरंजन कुमार ने बताया कि मृतक की लाश को आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जमुई भेज दिया गया है। बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम दो बाइक से 6 युवक सोनो बाजार युवी घूमने के लिए आ रहा था। तभी रविवार की देर शाम अचानक तेज बारिश के साथ वज्रपात हो गई। इसी दौरान यह घटना घटी।

## पूर्णिया में नाबालिग से यौन शोषण के बाद अबॉर्शन मामला

# 14 दिन बाद भी आरोपी फरार







**पूर्णिया।** 15 साल की नाबालिग लड़की से यौन शोषण और फिर गर्भपात मामले में 14 दिन बाद भी आरोपी फरार है। रेप के आरोपी मनोज जायसवाल और अबॉर्शन कराने वाली आशा फेसिलेटर नूतन देवी की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। टीकापट्टी पुलिस की सूचना प्रणाली सूचना प्रणाली व कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़ी कर रही है। पूछने पर टिकापट्टी पुलिस ने तेलडीहा से लेकर फलका समेत कई दूसरी जगहों पर छापेमारी की बात कही है। तो वहीं दूसरी तरफ इन्हें भागने भरपूर मौका मिला। पीड़िता के परिजन को सुबह से लेकर शाम तक टीकापट्टी थाना में बैठाकर आवेदन न लेना, शुरूआत से ही टीकापट्टी पुलिस की मंशा पर शक जाहिर कर रही है। एसपी आमिर जावेद अगर खुद इसमें मामले में हस्तक्षेप नही करते तो मामला कब का रफा दफा हो जाता। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रमेश कुमार मामले की गंभीरता को देखते हुए आवेदन वाली रात यानी की 26 अगस्त को ही टीकापट्टी थाना पहुंचे और पीड़िता के परिजनों से बातचीत की। साथ ही थाना अध्यक्ष को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी आमिर जावेद भी टीकापट्टी थाना पहुंचे थे और उन्होंने ने पीड़िता के पिता से टीकापट्टी थाना में लगभग 45 मिनट बातचीत की। उसके बाद उन्होंने बताया कि केस ट्रू पाया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी जल्द ही कर ली जाएगी। वहीं अगर जिस समय पीड़िता के पिता परिजन आवेदन देने के लिए थाना पहुंचे थे, अगर उसी समय टीकापट्टी पुलिस एक्टिव होती तो शायद आज दुष्कर्मी मनोज जायसवाल और गर्भपात कराने वाली आशा फेसिलेटर नूतन देवी सलाखों के पीछे रहते। जबकि टीकापट्टी थाना अध्यक्ष अजय कुमार अजनबी कहते हैं परिजन आवेदन देने आएं थे। लेकिन मनोज जायसवाल के लोग उन्हें बहला फुसलाकर थाना से लेकर चलें गए। सवाल है आखिर वह कौन लोग हैं जिनके अंदर शासन- प्रशासन का भी खौफ नहीं और एक दुष्कर्मी को बचाने के लिए पीड़िता के परिजनों को बहला फुसलाकर थाना से लेकर चलें जातें हैं और उनके ऊपर कोई कार्रवाई तक नहीं होती। इन सवालों का जवाब तब मिलेगा, जब थाना में लगी सीसीटीवी फुटेज खंगाला जाएगा। दूसरी तरफ अबॉर्शन कराने की आरोपी आशा फेसिलेटर नूतन देवी पर लगे ये आरोप कोई नए नहीं। इससे पहले भी उनके ऊपर कई आरोप लग चुके हैं। लेकिन हर बार पने रसूखदारों की मदद से मामले को रफा-दफा कर देती थी और फिर अपने काम में लग जाती थी। टीकापट्टी थाना अध्यक्ष अजय कुमार अजनबी ने बताया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर

# बिहार में डेंगू का हाल देख सभी डीएम को चिट्ठी

## हर हफ्ते रक्तदान शिविर लगाना सुनिश्चित करें




पटना। पूरे बिहार में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। पटना सहित कई जिलों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इसको लेकर राज्य सरकार ने पत्र जारी किया है जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले के सभी जिलाधिकारियों को यह निर्देश दिए गये हैं कि प्रत्येक सप्ताह रक्तदान शिविर लगाकर लोगों से रक्तदान करने की अपील करें। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने पत्र जारी किया है जिसमें राज्य के सभी डीएम को डेंगू के मद्देनजर आरडीपी की उपलब्धता के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। पत्र में लिखा है कि मरीजों की संख्या में डेंगू के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है जिसको देखते हुए सभी जिलों में मरीजों के उपचार के लिए रक्त केन्द्रों में आरडीपी का उपलब्ध होना आवश्यक है। इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए नियमित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाय जिससे डेंगू के मरीजों का समुचित इलाज किया जा सके।

## सुपौल में 1 सप्ताह में मिले 3 डेंगू मरीज





**सुपौल ।** डेंगू के तीन मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड है। बता दें कि पिपरा और राघोपुर प्रखंड में एक-एक मरीज मिले हैं। वहीं सदर प्रखंड में एक डेंगू मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग काफी चौकस है। डेंगू को लेकर सुपौल सदर अस्पताल में डेंगू वार्ड बनाया गया है। इसमें 10 बेड लगाए गए हैं। वहीं जिले में सभी अनुमंडल अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भी डेंगू को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। सिविल सर्जन डॉक्टर मिहिर कुमार वर्मा ने बताया कि डेंगू को लेकर सभी अनुमंडलीय अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डेंगू से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी को शत प्रतिशत लागू करने का निर्देश दिया गया है। सिविल सर्जन ने कहा कि डेंगू एक प्रकार का बुखार है, जो वायरस से होता है। सामान्य रूप से 5 से 7 दिनों के अंदर अपने ठीक हो जाता है। कुछ परिस्थितियों में यह गंभीर रूप धारण कर लेता है। डेंगू जांच और उपचार की सुविधा के लिए जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि घर के आसपास और घरों के अंदर कूलर फ्रिज आदि में पानी जमा न होने दें। सप्ताह में एक बार कूलर, फ्रिज आदि का पानी अवश्य बदलें। बुखार की स्थिति में रोगियों को डॉक्टर से अवश्य दिखाएं। सिविल सर्जन ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर जिले में तीन डेंगू के मरीज मिले हैं। यह अपने घर पर ही रहकर इलाजरत हैं। सिविल सर्जन ने बताया कि डेंगू संक्रमित मादा एंडीज मच्छर के काटने से फैलता है। एंडीज मच्छर दिन में काटता है। किसी संक्रमित रोगियों को काटने के बाद मच्छर भी संक्रमित हो जाता है। एक बार संक्रमित होने के बाद मादा एंडीज मच्छर जीवन भर संक्रमित रहता है। संक्रमित होने के 8 से 11 दिन के बाद मच्छर दूसरों में रोग प्रसार के लायक हो जाता है। मदर एंडटीज मच्छर के पैरों वह पिछले भाग पर सफेद रेखाएं होती है। इसे टाइगर मच्छर के नाम से भी जाना जाता है। तेज सिर में दर्द,बुखार,मांसपेशियों को जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, त्वचा पर सकता होना आदि है। डेंगू के रोगियों को पूरी तरह आराम करना चाहिए। शरीर के तापमान को कम रखने के लिए बदन को पानी से भीगी कपड़े को निचोड़ कर शरीर को हर वक्त पोछना चाहिए।रोगियों के शरीर में पानी की कमी को दूर करने के लिए ओआरएस या घर में बने जीवन रक्षक अथवा अन्य तरल पदार्थ फल सब्जी का जूस लाभकारी है।

## भागलपुर में डेंगू का प्रकोप बढ़ाः 100 बेड का वार्ड हुआ फुल



भागलपुर । डेंगू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर में डेंगू काफी तेजी से अपना पैर पसार रहा है। JNLMCH में 13 तो सदर अस्पताल में 20 लोगों की डेंगू जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आया है। JNLMCH में डेंगू को लेकर 100 बेड का फैब्रिकेटेड वार्ड बनाया गया था। जिसमें की करीब 100 मरीज भर्ती हो गए है।अगर संक्रमण की रफ्तार पर लगाम नहीं लगता है तो मरीज को बेड मिलना काफी मुश्किल हो सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार JNLMCH में कई बच्चे भी डेंगू के चपेट में आने से भर्ती किए गए है। भागलपुर नगर निगम भी डेंगू से बचाव को लेकर लगातार प्रयास में जुटी हुई है। इसको लेकर एंटी लारवा छिड़काव दल को सभी वार्डों में भेज छिड़काव कराया जा रहा है। बीते बुधवार को भागलपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल का निरीक्षण किया था निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा था कि चिकित्सा व्यवस्था और इलाज में लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर उदय नारायण सिंह ने कहा कि फैब्रिकेटेड वार्ड में डेंगू के मरीजों का इलाज चल रहा है लोग ठीक भी हो रहे हैं चिकित्सक एवं नर्सों की टीम लगातार मरीज के स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए हैं।

## सीवान में डेंगू का प्रकोप बढ़ा, 2 नए मरीज मिले



**सीवान ।** डेंगू के बढ़ते लगातार मामले को देख स्वास्थ्य विभाग पूरी तरीके से अलर्ट हो गया है। इस क्षेत्र में डेंगू का कई संदिग्ध मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तुरंत डोर टू डोर सर्वे का काम शुरू किया जा रहा है। 2 और नए मरीज मिले हैं। पूर्व के कुल 11 डेंगू के मरीज अब पूरी तरीके से ठीक हो चुके हैं। सीवान में अब प्रत्येक प्रखंडों में सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी निजी और सरकारी अस्पताल से डेटा मांगा गया है। इसमें निजी अस्पताल भी डेंगू मरीजों की जानकारी मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग को भेज रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीम जिसमें आशा कार्यकर्ता और अन्य कर्मी शामिल हैं, विभिन्न क्षेत्र में जाकर जानकारी जुटा रहे हैं। इसमें डोर टू डोर जाकर लोगो से बुखार होने आदि की पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही डेंगू के संदिग्ध होने पर उन्हें उनकी जांच कराई जा रही है। यह टीम लोगो को जागरूक भी कर रही है और अपने आसपास के छोटे छोटे गड्ढे, कूलर, नाले आदि में जलजमाव नही होने आदि की जानकारी भी दे रहे हैं। सिविल सर्जन अनिल कुमार भट्ट के निर्देश पर मैरवा रेफरल अस्पताल, हुसैनगंज, हसनपुरा सहित जिला के सभी इलाकों से निजी और सरकारी लैब से जांच का डेटिल्स मांगा गया है। इसको लेकर सिविल सर्जन अनिल कुमार भट्ट ने कहा की डेंगू मरीजों की स्क्रीनिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरीके से अलर्ट है और संदिग्ध मरीज और डेंगू के मरीज वाले इलाकों में फॉगिंग का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

# स्वामी विवेकानंद और इतिहास में उनका सबसे चर्चित भाषण

स्वामी विवेकानंद का शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में 11 सितंबर, 1893 को दिया गया भाषण इतिहास का सबसे चर्चित भाषण है। इस भाषण ने अमेरिका को नहीं पूरे पश्चिम को भारत का मुरीद बना दिया। नरेंद्र नाथ दत्त, जिन्हें पूरा विश्व विवेकानंद के नाम से याद करता है। 11/9 क्यों याद किया जाना चाहिए, क्योंकि उस दिन भारत के एक युवा संन्यासी ने पश्चिम के सूट-बूट वालों को बौना साबित किया था। क्योंकि उस दिन सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित किया गया था। 11 सितंबर को न्यूयार्क के लिए नहीं, शिकागो के लिए याद किया जाना चाहिए। विध्वंस के लिए नहीं विश्व शांति के लिए याद किया जाना चाहिए। आतंकवाद के लिए नहीं, सनातन संवाद के लिए याद किया जाना चाहिए। लादेन के लिए नहीं, नरेंद्र के लिए याद किया जाना चाहिए। विवेकानंद के भाषण का ये जादू चिरझपुरातन भारतीय संस्कृति, सभ्यता और अध्यात्म में छिपा है। जो शिकागो से निकला व पूरे विश्व में छा गया। उस भाषण को आज भी दुनिया भुला नहीं पाती। इस भाषण से दुनिया के तमाम पंथ आज भी सबक ले सकते हैं। इस अकेली घटना ने पश्चिम में भारत की एक ऐसी छवि बना दी, जो आजादी से पहले और इसके बाद सैकड़ों राजदूत मिलकर भी नहीं बना सके। स्वामी विवेकाननंद के इस भाषण के बाद भारत को एक अनोखी संस्कृति के देश के रूप में देखा जाने लगा। अमेरिकी प्रेस ने विवेकानंद को उस धर्म संसद की महानतम विभूति बताया। और स्वामी विवेकानंद के बारे में लिखा था, उन्हें सुनने के बाद हमें महसूस हो रहा है कि भारत जैसे एक प्रबुद्ध राष्ट्र में मिशनरियों को भेजकर हम कितनी बड़ी मूर्खता कर रहे थे। यह ऐसे समय हुआ, जब ब्रिटिश शासकों और ईसाई मिशनरियों का एक वर्ग भारत की अवमानना और पाश्चात्य संस्कृति की श्रेष्ठता साबित करने में लगा हुआ था। चिर पुरातन नित्य नूतन के वाहकः अतीत को पढ़ो, वर्तमान को गढ़ो और आगे बढ़ो यही विवेकानंद जी का मूल संदेश रहा। जो समाज अपने इतिहास एवं वांग्मय की मूल्यवान चीजों को नष्ट कर देता है, वह निष्प्राण हो जाते हैं और यह भी सत्य है कि जो समाज इतिहास में ही डूबे रहते हैं, वह भी निष्प्राण हो जाते हैं। वर्तमान समय में तर्क और तथ्य के बिना किसी भी बात को सिर्फ आस्था के नाम पर आज की पीढ़ी के गले नहीं उतारा जा सकता। भारतीय ज्ञान को तर्क के साथ प्रस्तुत करने पर पूरी दुनिया आज उसे स्वीकार करती हुई प्रतीत भी हो रही है। विवेकानंद ने 11 सितंबर, 1893 शिकागो भाषण में इस बात को चरितार्थ भी करके दिखाया था। जहां मंच पर संसार की सभी जातियों के बड़े-बड़े विद्वान उपस्थित थे। डॉ. बरोज के आह्वान पर 30 वर्ष के तेजस्वी युवा का मंच पर पहुंचना। भाषण के प्रथम चार शब्द अमेरिकावासी भाइयों तथा बहनों इन शब्दों को सुनते ही जैसे सभा में उत्साह का तूफान आ गया और 2 मिनट तक 7 हजार लोग उनके लिए खड़े होकर तालियां बजाते रहे। पूरा सभागार करतल ध्वनि से गुंजायमान हो गया। युवा दिलों की धड़कनः उम्र महज 39 वर्ष, अपनी मेधा से विश्व को जीतने वाले, युवाओं को अंदर तक झकझोर कर रख देने वाले, अपनी संस्कृति व गौरव का अभिमान विश्व पटल पर स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद जिनमें सब कुछ सकारात्मक है नेगेटिव कुछ भी नहीं। कल्पना कीजिए विवेकानंद के रूप में उस एक नौजवान की। गुलामी की छाया न जिसके विचार में थी, न व्यवहार में थी और न वाणी में थी। भारत मां की जागृत अवस्था को जिसने अपने भीतर पाया था। ऐसा एक महापुरुष जो पल-दो पल में विश्व को अपना बना लेता है। जो पूरे विश्व को अपने अंदर समाहित कर लेता है। जो विश्व को अपनत्व की पहचान दिलाता है और जीत लेता है। वेद से विवेकानंद तक, उपनिषद से उपग्रह तक हम इसी परंपरा में पले बढ़े हैं। उस परंपरा को बार-बार स्मरण करते हुए, संजोते हुए भारत को एकता के सूत्र में बांधने के लिए सद्भावना के सेतु को जितना बल हम दे सकते हैं, उसे देते रहना होगा। बहुआयामी व्यक्तित्व के धनीः विवेकानंद के जीवन को पढ़ने से ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कैसे एक बालक विवेकानंद, योद्धा संन्यासी विवेकानंद के रूप में पूरे विश्व की प्रेरणा बन गया। स्वामी विवेकानंद का सम्पूर्ण जीवन बहुआयामी व्यक्तित्व और कृतित्व का धनी रहा है। हमारे आज के जो सरोकार हैं, जैसे शिक्षा, भारतीय संस्कृति का सही रूप, व्यापक समाज सुधार, महिलाओं का उत्थान, दलित और पिछड़ों की उन्नति, विकास के लिए विज्ञान की आवश्यकता, सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता, युवकों के दायित्व, आत्मनिर्भरता, स्वदेशी का भाव, भारत का भविष्य आदि। भारत को अपने पूर्व गौरव को पुनः प्राप्त व स्थापित करने के लिए, समस्याओं के निदान के लिए स्वामी विवेकानंद के विचारों का अवगाहन करना होगा। भारत बोध की प्रेरणाः दुनिया में लाखों-करोड़ों लोग उनके विचारों से प्रभावित हुए और आज भी उनसे प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं। सी राजगोपालाचारी के अनुसार स्वामी विवेकानंद ने हिन्दू धर्म और भारत की रक्षा की। सुभाष चन्द्र बोस के कहा विवेकानंद आधुनिक भारत के निमार्ता हैं। महात्मा गांधी मानते थे कि विवेकानंद ने उनके देशप्रेम को हजार गुना कर दिया। स्वामी विवेकानंद ने खुद को एक भारत के लिए कीमती और चमकता हीरा साबित किया है। उनके योगदान के लिए उन्हें युगों और पीढ़ियों तक याद किया जायेगा। जवाहर लाल नेहरू ने डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है- विवेकानंद दबे हुए और उत्साहहीन हिन्दू मानस में एक टॉनिक बनकर आये और उसके भूतकाल में से उसे आत्मसम्मान व अपनी जड़ों का बोध कराया।

# भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर के मायने

ANALYSIS



✍ कमलेश पांडेय

निकट भविष्य में इनके आकार लेते ही राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मायने भी प्रभावित होने लगें तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। इससे चाहे अखंड भारत का स्वप्न हो या फिर वसुधैव कुटुम्बकम का, इस प्रस्तावित वैश्विक आर्थिक गलियारे से दोनों बखूबी सधेंगे, बशर्ते कि 2024 में मोदी सरकार पुनः सत्ता हासिल कर ले। बताया गया है कि भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को दुनिया के आठ देश मिलकर बनाएंगे, जो भारत से इजरायल होते हुए यूरोप तक जाएगा। मसलन, इस कॉरिडोर के निर्माण में भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली, जर्मनी की भागीदारी होगी। ये वो देश हैं, जो चीन के मुकाबले भारत को अपने ज्यादा करीब मानते आए हैं-लोकतांत्रिक और आर्थिक दोनों नजरिए से। इसलिए प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जी-20 शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली का वह ऐतिहासिक फैसला है, जिसे आने वाली पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी।

वसुधैव कुटुम्बकम से लेकर पूंजीवाद तक के लिए मुफीद ग्लोबल विलेज की अवधारणा के दृष्टिगत तेजी से बदलती दुनियादारी के बीच जी-20 देशों के नई दिल्ली घोषणा पत्र के अलावा प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर की जो घोषणा हुई है, उसके वैश्विक व क्षेत्रीय आर्थिक और सामरिक मायने अहम हैं। निकट भविष्य में इनके आकार लेते ही राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मायने भी प्रभावित होने लगें तो कोई हैरत की बात नहीं होगी। इससे चाहे अखंड भारत का स्वप्न हो या फिर वसुधैव कुटुम्बकम का, इस प्रस्तावित वैश्विक आर्थिक गलियारे से दोनों बखूबी सधेंगे, बशर्ते कि 2024 में मोदी सरकार पुनः सत्ता हासिल कर ले। बताया गया है कि भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को दुनिया के आठ देश मिलकर बनाएंगे, जो भारत से इजरायल होते हुए यूरोप तक जाएगा। मसलन, इस कॉरिडोर के निर्माण में भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली, जर्मनी की भागीदारी होगी। ये वो देश हैं, जो चीन के मुकाबले भारत को अपने ज्यादा करीब मानते आए हैं-लोकतांत्रिक और आर्थिक दोनों नजरिए से। इसलिए प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जी-20 शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली का वह ऐतिहासिक फैसला है, जिसे आने वाली पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। जानकारों की राय में, इस नए गलियारे के फैसले से भू-राजनीतिक रूप से न केवल एशिया और यूरोप के देश एक दूसरे के बेहद करीब आएंगे, बल्कि अशांत मध्यपूर्व में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए




सामूहिक प्रयत्न भी करेंगे। इस नजरिए से देखा जाए तो यह एक बेहतर, अधिक समृद्ध और सामंजस्यपूर्ण भविष्य के लिए एक साथ काम करने के लिए संकल्प लेने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के बेजोड़ नमूनों में से एक है। नया गलियारा भारत के प्रतिद्वंद्वी देश चीन के 'वन बेल्ट, वन रोड' परियोजना के लिए एक प्रतिस्पर्धात्मक भारतीय विकल्प के रूप में भी आंका जाने लगा है। इससे चीन व उसके समर्थक देशों को मिर्ची भी लगी होगी, लेकिन 'मोदी डिप्लोमेसी' के सामने न तो किसी की चलती है और न ही कुछ चलने देने के लिए कोई कमी अपनी नीति में वो छोड़ते हैं, जो भारत के बढ़ते वैश्विक सामर्थ्य का प्रतीक बन चुके हैं। बीआरआई की परिकल्पना 2013 में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने की थी, जो वर्ष 2016 से वन बेल्ट वन रोड परियोजना को बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के नाम से जाना जाता है। यह एशिया, यूरोप व अफ्रीका के बीच भूमि और समुद्र में कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए चीन की परियोजनाओं का एक समूह है। जिसे अब भारत की बदलती सशक्त कूटनीति व रणनीति से कड़ी टक्कर मिल रही है। भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के विकल्प के रूप में पेश किया जा रहा है, जिसे दक्षिण एशिया, मध्यपूर्व और अफ्रीका के कई देशों ने अपनाया है। इसलिए अब बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि नया प्रस्तावित आर्थिक गलियारा किस गति से लागू किया जाता है और इसके सामूहिक ध्येय की प्रतिपूर्ति में कितनी ईमानदारी बरती जाती है। भारत से मध्यपूर्व और यूरोप को जोड़ने वाले भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे का ऐलान करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा है कि इससे वैश्विक बुनियादी ढांचे, निवेश के लिए साझेदारी, आवाजाही और सतत विकास को एक नई दिशा मिलेगी। इतने बड़े कदम के साथ हम भविष्य के विकास के लिए बीज बो रहे हैं। जो आपसी विश्वास मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभायेगा। उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक ढांचे और निवेश के लिए साझेदारी (पीजीआईआई) के जरिए ग्लोबल साउथ देशों में बुनियादी ढांचे का अंतर भरने में हम बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में एक साथ काम करने के इच्छुक थे, किंतु मध्य-पूर्व में दोनों को मिलकर काम करने की बहुत कम सम्भावना थी। लिहाजा भारत-मध्यपूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा पर दोनों देशों ने हाथ मिला लिया है, जिसके अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। वहीं, अमेरिकी अधिकारी भी यह मानते हैं कि इस मेगा कनेक्टिविटी परियोजना से अंतर-क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, जिससे अरब प्रायद्वीप में राजनीतिक गहमागहमी में कमी आएगी। इससे इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता भी आएगी। सबसे बड़ी बात तो यह है कि यह गलियारा अरब प्रायद्वीप के साथ भारत की रणनीतिक भागीदारी को और गहरा करेगा। क्योंकि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के साथ तेजी से राजनीतिक और रणनीतिक सम्बन्ध बढ़ाए हैं। वहीं, इस गलियारा से पश्चिम से भारत की जमीनी कनेक्टिविटी और आसान हो जाएगी, जो पाकिस्तान की जमीनी आवाजाही के अड़ंगे को बेअसर कर देगा। तेहरान (ईरान) के साथ भारत के सम्बन्ध अच्छे हैं, लेकिन पश्चिमी देशों के साथ उसका टकराव जगजाहिर है। ऐसे में ईरान से यूरेशिया तक बनने जा रहे इस आर्थिक गलियारे से भारत की व्यावसायिक गतिविधियों पर सकारात्मक असर पड़ने की संभावना है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह भी है कि भारत से यूरोप तक प्रस्तावित भारत-मध्यपूर्व-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर यूरोप की सक्रियता का प्रतीक है। क्योंकि यूरोपीय संघ ने 2021-27 में दुनिया में बुनियादी ढांचे के विकास पर खर्च के लिए 300 मिलियन यूरो निर्धारित किये थे, जिसका समर्थन यूरोपीय संघ को, भारत, अरब व यूरोप को प्रमुख हितधारक बना देगा। यही वजह है कि दुनिया के अन्य देशों ने भी भारत के इस सपने को साकार करने में न केवल अहम भूमिका निभाई है, बल्कि सार्वजनिक रूप से उसकी सराहना भी की है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि प्रस्तावित आर्थिक कॉरिडोर को दुनिया के आठ देश मिलकर बनाएंगे। यह भारत से इजरायल और यूरोप तक जाएगा। आने वाली पीढ़ियां इस ऐतिहासिक फैसले को याद रखेंगी। उन्होंने आगे कहा कि, आर्थिक गलियारे के प्रमुख हिस्से के रूप में हम जहाजों और रेलगाड़ियों में निवेश कर रहे हैं।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# दुनिया में गूंज रहा है स्वामी विवेकानंद का शिकागो भाषण

युवाओं के प्रेरणास्रोत तथा आदर्श व्यक्तित्व के धनी स्वामी विवेकानंद को उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। सही मायनों में वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे। विशेषकर भारतीय युवाओं के लिए तो भारतीय नवजागरण का अग्रदूत उनसे बढ़कर अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। कोलकाता में 12 जनवरी 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत बनी रही। उन्होंने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए सदैव युवा शक्ति पर भरोसा किया। दरअसल युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थी। स्वामी विवेकानंद ने 11 सितम्बर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। स्वामी विवेकानंद की चर्चा जब भी होती है तो अमेरिका के शिकागो की धर्म संसद में वर्ष 1893 में दिए गए उनके उस ओजस्वी भाषण की चर्चा अवश्य होती है। उसी ओजस्वी भाषण को यादगार बनाए रखने और युवाओं को उस भाषण के जरिये ऊजार्वान बनाए रखने के लिए ही प्रतिवर्ष 11 सितम्बर का दिन शिकागो वक्तृता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। युवाओं की अहम भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही स्वामी विवेकानंद ने अपने एक भाषण में कहा था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आह्वान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। उनका कहना था, ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जाएंगे। डर से भागो मत, डर का सामना करो। यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। जो भी कार्य करो, वह पूरी मेहनत के साथ करो। दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो, नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे। उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जियो। सागर की तरफ देखो, न कि लहरों की तरफ। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगे। काम, काम, काम, बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। धन पाने के लिए कड़ा संघर्ष करो पर उससे लगाव मत करो। जो गरीबों में, कमजोरों में और बीमारियों में शिव को देखता है, वो सच में शिव की पूजा करता है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता है, यह अमोघ सत्य है, अतः एक नायक बनो और सदैव कहो कि मुझे कोई डर नहीं है। मृत्यु तो निश्चित है, एक अच्छे काम के लिए मरना सबसे बेहतर है। कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊजार्वान पुरुष तथा महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं। विश्व एक व्यायामशाला है, जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं। युवा शक्ति का आह्वान करते हुए स्वामी जी ने एक मंत्र दिया था, उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत अर्थात उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए। ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊजार्वान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्कमता का संचार करने का कार्य किया। उनका कहना था कि अधिकांश लोग तो भेड़ों के झुंड के समान हैं। यदि आगे की एक भेड़ गड्ढे में गिरती है तो पीछे की सभी भेड़ें भी उसमें गिरती जाती हैं। इसी प्रकार समाज का मुखिया भी जब कोई बात कहता है तो दूसरे लोग भी उसका अनुकरण करने लगते हैं लेकिन यह नहीं सोचते कि वे कर क्या रहे हैं। जब मनुष्य को ये सांसारिक बातें निस्सार प्रतीत होने लगती हैं, तब वह सोचता है कि वह अपनी वृत्ति के हाथों का खिलौना बन चुका है और उस समय वह चाहता है कि खिलौना बनकर वह उसके बहकावे में न आए क्योंकि यह तो गुलामी है। स्वामी जी ने एक मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा नौ दिसम्बर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। इसी रामकृष्ण मठ में चार जुलाई, 1902 को ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण कर वो चिरनिद्रा में लीन हो गए।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

## Social Media Corner

सच के हक में...



जी20 शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र के दौरान अपने विचार साझा किये। यह सत्र 'एक भविष्य' के विषय पर केंद्रित था। वैश्विक गांव के विचार से परे देखने और वैश्विक परिवार की दृष्टि को वास्तविकता बनाने की समय की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



झारखण्ड आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले महान क्रांतिकारी नेता और माटी पुत्र, झामुमो की शान, मेरे प्रिय दादा स्व दुर्गा सोरेन जी की जयंती पर शत-शत नमन। स्व दुर्गा सोरेन अमर रहें! जय झारखण्ड!

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि एक महात्मा गांधी थे जिन्होंने 1913 में अफ्रीका के अश्वेत लोगों के खिलाफ भेदभाव खत्म करने का काम किया तो दूसरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जिन्होंने 110 वर्षों बाद अफ्रीका के वंचित, गरीब, अशिक्षा में डूबे और कर्ज.से कराह रहे देशों को संकट से उबारने की कोशिश की है.

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# जी20 में मित्र देशों को भी भारत ने दिया सम्मान

भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन में अपने करीबी मित्र देशों जैसे बांग्लादेश, मारीशस, संयुक्त अरब अमीरत वगैरह को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित करके मित्र धर्म का निर्वाह किया। भारत-बांग्लादेश के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं, हालांकि कभी-कभी सीमा विवाद तो होते ही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद के बीच मधुर संबंधों के चलते दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा मिल रही है। ये दोनो देश सार्क, बिम्सटेक, हिंद महासागर तटीय क्षेत्रीय सहयोग संघ और राष्ट्रकुल के सदस्य भी हैं। विशेष रूप से, बांग्लादेश और पूर्व भारतीय राज्य जैसे पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा बंगाली भाषा बोलने वाले प्रांत हैं। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान और पश्चिमी पाकिस्तान के बीच बांग्लादेश मुक्ति युद्ध शुरू हुआ और भारत ने पूर्वी पाकिस्तान की ओर से दिसंबर 1971 में हस्तक्षेप किया। फलस्वरूप बांग्लादेश राज्य के रूप में पाकिस्तान से पूर्वी पाकिस्तान की स्वतंत्रता को सुरक्षित करने में भारत ने मदद की। शेख हसीना का भारत के प्रति बहुत कृतज्ञता का भी भाव है। उन्हें भारत ने 1975-1981 के दरम्यान शरण दी थी। वे तब राजधानी में अपने पति और दोनों बच्चों के साथ निर्वासित जीवन बिता रही थीं। उनके पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब-उर-रहमान, मां और तीन भाइयों का 15 अगस्त,1975 को कत्ल कर दिया गया था। उस भयावह हत्याकांड के दौर में शेख हसीना अपने पति एमए वाजिद मियां और दो बच्चों के साथ जर्मनी में थीं। वाजिद मियां न्यूक्लियर साइंटिस्ट थे। इतनी बड़ी त्रासदी ने शेख हसीना को बुरी तरह से झंझोड़ कर रख दिया था। वे टूट चुकी थी। तब भारत सरकार ने उन्हें उनके परिवार के साथ भारत में शरण दी थी। उस वक्त उनका बांग्लादेश वापस जाने का सवाल ही नहीं था। तब शेख हसीना सपरिवार भारत आ गईं। उन छह बरसों के दौरान शेख कमोबेश गैर-राजनीतिक थीं । बावजूद इसके कि वे शेख मुजीब जैसे धाकड़ नेता की पुत्री थीं। वे जब भारत में आईं तब भारत में इमरजेंसी लग चुकी थी। इस बीच, जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भी आपसी और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर चर्चा की। मारीशस को लघु भारत या भारत से बाहर भारत कहा जाता है। वहां पर भारत वंशी बहुमत में हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2015 में अपनी मारीशस यात्रा के दौरान महत्वाकांक्षी नीति सागर की शुरूआत की। यह पिछले कई दशकों में भारत द्वारा हिंद महासागर में किया गया एक महत्वपूर्ण प्रयास था। भारत के लिये मारीशस में सामरिक दृष्टिकोण से अपार संभावनाएं निहित हैं तथा दोनों देशों की साझेदारी गन्ने के बागान, वित्तीय सेवाएं तथा तकनीकी नवाचारों से कहीं आगे जा सकती है। मारीशस भी भारत को लेकर बहुत आदर और स्नेह का भाव रखता है। मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ का भारत से एक पारिवारिक संबंध भी है। उनकी बहन शालिनी जगन्नाथ का विवाह राजधानी दिल्ली के ही एक मल्होत्रा परिवार के डॉ. कृष्ण मल्होत्रा से हुआ है। दरअसल शालिनी जगन्नाथ और ड़ॉ. कृष्ण कुमार मल्होत्रा के बीच लंदन में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान मैत्री हो गई थी। यह 1980 के दशक के शुरूआती वर्षों की बातें हैं। उसके बाद दोनों ने विवाह करने का फैसला किया था। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी जी-20 शिख सम्मेलन के समय व्यस्त होने के बावजूद संयुक्त अरब अमीरत (यूएई) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। बेशक, दोनों करीबी देश तो हैं पर इनके बीच इनके बीच कई मसले भी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूएई के नेताओं में बातचीत से वहां पर काम करने वाले लाखों कुशल-अकुशल भारतीय श्रमिकों की जिंदगी में सुधार आएगा।

## भारत में दुनिया

देश की राजधानी नई दिल्ली में जी-20 का शिखर सम्मेलन बदलते भारत के लिए एक खुशनुमा और प्रभावी समय है। पूरी दुनिया की निगाह भारत पर टिकी हुई है और भारत कूटनीति के मंच पर अपनी चमक की नई स्याही से इतिहास लिख रहा है। दुनिया के 19 देशों और एक यूरोपीय संघ के लगभग एक हजार मेहमान भारत पधारे हुए हैं। हाल के दशकों में इतना बड़ा कूटनीतिक आयोजन भारत में नहीं हुआ था। दरअसल, साल 1999 में गठित जी-20 ने भारत की भी भूमिका को बदलकर रख दिया है और भारत दुनिया पर असर डालने की स्थिति में है। अब दुनिया सबसे विशाल लोकतंत्र और सबसे विशाल आबादी से मुंह नहीं मोड़ सकती। ध्यान दीजिए, भारत आए ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि भारत की विविधता और असाधारण सफलताओं का अर्थ है। भारत सही समय पर जी-20 की अध्यक्षता के लिए सही देश है। शिखर सम्मेलन तब हो रहा है, जब दुनिया असंख्य चुनौतियों से घिरी हुई है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने यह भी कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिर करने से लेकर जलवायु परिवर्तन से निपटने तक, दुनिया के सामने खड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए हम भारत के साथ मिलकर काम करेंगे। वास्तव में भारत के साथ मिलकर काम करने की कोशिश ही दुनिया के आला नेताओं को नई दिल्ली खींच लाई है। जब नई दिल्ली में18वें जी-20 शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है, तब दुनिया बड़े फैसलों का इंतजार करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विश्व के दिग्गज नेताओं की मुलाकात का सिलसिला शुरू हो चुका है। भारत मंडपम, प्रगति मैदान में शनिवार और रविवार को जी-20 की अनेक बैठक होंगी। ध्यान रहे, जी-20 का आयोजन अर्थशास्त्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि जलवायु परिवर्तन, टिकाऊ ऊर्जा, अंतरराष्ट्रीय ऋण माफी व बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर कर लगाने जैसे विषय भी एजेंडे में शामिल हैं।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

राधा का अर्थ है ...मोक्ष की प्राप्ति। रा का अर्थ है मोक्ष और ध का अर्थ है प्राप्ति। कृष्ण जब वृन्दावन से मथुरा गए, तब से उनके जीवन में एक पल भी विश्राम नही था। उन्होंने आतताइयों से प्रजा की रक्षा की, राजाओं को उनके लुटे हुए राज्य वापिस दिलवाए और सोलह हज़ार स्त्रियों को उनके स्त्रीत्व की गरिमा प्रदान की। उन्होंने अन्य कई जनहित कार्यों में अपने जीवन का उत्सर्ग किया।



# स्पंदन राधा कृष्ण का

राधा का अर्थ है ...मोक्ष की प्राप्ति। रा का अर्थ है मोक्ष और ध का अर्थ है प्राप्ति। कृष्ण जब वृन्दावन से मथुरा गए, तब से उनके जीवन में एक पल भी विश्राम नही था। उन्होंने आतताइयों से प्रजा की रक्षा की, राजाओं को उनके लुटे हुए राज्य वापिस दिलवाए और सोलह हज़ार स्त्रियों को उनके स्त्रीत्व की गरिमा प्रदान की। उन्होंने अन्य कई जनहित कार्यों में अपने जीवन का उत्सर्ग किया। श्रीकृष्ण ने किसी चमत्कार से लड़ाइयाँ नहीं जीती। बल्कि अपनी बुद्धि योग और ज्ञान के आधार पर जीवन को सार्थक किया। मनुष्य का जन्म लेकर , मानवता की...उसके अधिकारों की सदैव रक्षा की। वे जीवन भर चलते रहे , कभी भी स्थिर नही रहे ।जहाँ उनकी पुकार हुई,वे सहायता जुटाते रहे ।उधर जब से कृष्ण वृन्दावन से गए, गोपियाँ और राधा तो मानो अपना अस्तित्व ही खो चुकी थी ।राधा ने कृष्ण के वियोग में अपनी सुधबुध ही खो दी। मानो उनके प्राण ही न हो केवल काया मात्र रह गई थी। राधा को वियोगिनी देख कर ,कितने ही महान कवियों– लेखकों ने राधा के पक्ष में कान्हा को निर्मोही जैसी उपाधि दी।दे भी क्यूँ न ?

राधा का प्रेम ही ऐसा अलौकिक था...उसकी साक्षी थी यमुना जी की लहरें, वृन्दावन की वे कुंजन गलियाँ , वो कदम्ब का पेड़, वो गोधुली बेला जब श्याम गायें चरा कर वापिस आते थे , वो मुरली की स्वर लहरी जो सदैव वहाँ की हवाओं में विद्यमान रहती थी। राधा जो वनों में भटकती ,कृष्ण कृष्ण पुकारती,अपने प्रेम को अमर बनाती,उसकी पुकार सुन कर भी ,कृष्ण ने एक बार भी पलट कर पीछे नही देखा। ...तो क्यूँ न वो निर्मोही एवं कठोर हृदय कहलाए। राधा का प्रेम ही ऐसा अलौकिक था...उसकी साक्षी थी यमुना जी की लहरें , वृन्दावन की वे कुंजन गलियाँ , वो कदम्ब का पेड़, वो गोधुली बेला जब श्याम गायें चरा कर वापिस आते थे , वो मुरली की स्वर लहरी जो सदैव वहाँ की हवाओं में विद्यमान रहती थी ... किन्तु कृष्ण के हृदय का स्पंदन किसी ने नहीं सुना। स्वयं कृष्ण को कहाँ कभी समय मिला कि वो अपने हृदय की बात..मन की बात सुन सकें। या फिर क्या यह उनका अभिनय था? जब अपने ही कुटुंब से व्यथित हो कर वे प्रभास –क्षेत्र में लेट कर चिंतन कर रहे थे तब जरा के छोडे तीर की चुभन महसूस हुई। तभी उन्होंने देहोत्सर्ग करते हुए, राधा शब्द का उच्चारण किया। जिसे जरा ने सुना और उद्धव को जो उसी समय वह पहुँचे..उन्हें सुनाया। उद्धव की आँखों से आँसू लगातार बहने लगे। सभी लोगों को कृष्ण का संदेश देने के बाद ,जब उद्धव ,राधा के पास पहुँचे ,तो वे केवल इतना कह सके –

राधा, कान्हा तो सारे संसार के थे,
किन्तु राधा तो केवल कृष्ण के हृदय में थी

## कौन थीं कृष्ण की 16108 रानियां ?

श्रीकृष्ण का नाम आते ही हमारे मन असीम प्रेम उमड़ता है। सभी जानते हैं कि असंख्य गोपियां थी जो श्रीकृष्ण से अनन्य प्रेम करती थीं। परंतु उनकी शादी श्रीकृष्ण से नहीं हो सकी। श्रीकृष्ण की प्रमुख पटरानी रुकमणी पटरानी रुकमणी सहित उनकी 8 पटरानियां एवं 16100 रानियां थीं। कुछ विद्वानों का यह मत है कि कृष्ण की प्रमुख रानियां तो आठ ही थीं, शेष 16,100 रानियां प्रतीकात्मक थीं। इन्हें वेदों की ऋचाएं माना गया है।ऐसा माना जाता है चारों वेदों में कुल एक लाख श्लोक हैं। इनमें से 80 हजार श्लोक यज्ञ के हैं, चार हजार श्लोक पराशक्तियों के हैं। शेष 16 हजार श्लोक ही गृहस्थों या आम लोगों के उपयोग के अर्थात भक्ति के हैं। इन श्लोकों को ऋचाएं कहा गया है, ये ऋचाएं ही भगवान कृष्ण की पत्नियां थीं। श्रीकृष्ण की प्रत्येक रानी से 10–10 पुत्र एवं प्रत्येक रानी से 1–1 पुत्री का जन्म हुआ।

## कष्टहरता जय हनुमान...

हनुमान बजरंगबली और महावीर के नामों से जाने जाने वाले पवनसुत सप्त चिरंजीवियों में से एक हैं। पद्म–पुराण के 56–6–7 वें श्लोक में उनका अन्य छः चिरंजीवियों के साथ नाम इस प्रकार आता है–

अश्वत्थामा बलिव्यासो हनुमानन्च विभीषण।
कृप परशुरामश्च सप्तैत चिरंजीविन ।

वस्तुतः रामभक्त, संकटमोचन, रामसेवक, रामदूत, केशरीनंदन, आंजनेय, अंजनीसुत, कपीश, कपिराज, पवनसुत और संकटमोचक के रूप में विख्यात हनुमान अपने भक्तों को व्याधियों व संकटों, वेदनाओं तथा परेशानियों से मुक्ति दिलाते हैं।

### हनुमान भक्ति व पूजा का लाभ

हर व्यक्ति को जीवन में अनेक समस्याओं से गुजरना पड़ता है, ऐसे में हनुमानजी का स्मरण उसकी कष्टों से रक्षा करता है। जहाँ हनुमानजी का नाम मुश्किलों से बचाव करता है, वहीं वह मन से अनजाने भय को निकालकर शुभ व मंगल का पथ प्रशस्त करता है, विपत्तियों से मुक्ति दिलाता है।

वास्तव में, हनुमानजी रामभक्ति, सत्य मर्यादा, ब्रह्मचर्य, सदाचार व त्याग की चरम सीमा हैं। इसका सविस्तार वर्णन हमें सुंदरकांड में मिलता है। इसीलिए सुंदरकांड का पाठ करने से अनिष्ट, अमंगल तथा संकट की समाप्ति होती है, और नेष्ट का रास्ता खुलता है। सुंदरकांड का पाठ करने से हनुमानजी प्रसन्न होते हैं, तथा भक्त को सुपरिणाम प्रदान करते हैं।

कार्यसिद्धि के लिए भी सुंदरकांड का पाठ किया जाता है। परंतु इस हेतु पाठ अमावस्या की रात्रि से शुरू करके नियमित रूप से 45 दिन करना चाहिए। इसके अतिरिक्त नवरात्रि के समय भी सुंदरकांड का पाठ करना उचित माना जाता है। एक ऐसी भी मान्यता है कि नौ ग्रहों को रावण की कैद से केशरीनंदन ने ही मुक्त कराया था। उस समय शनि ने हनुमानजी को वचन दिया था कि– हे हनुमान! जो कोई भी आपकी पूजा–अर्चना करेगा, मैं उसे नहीं सताऊँगा। साधक को मंगलवार व शनिवार की पूजा करने से विशेष लाभ प्राप्त होता है। यथार्थ तो यह है कि कलियुग में महावीर हनुमान का नाम सही अर्थों में संकटमोचन है।



## क्या है कृष्ण की रासलीला का सच ?



कुछ लोग अपने आपको कृष्ण भक्त या कृष्ण के अनुयाई बताकर चेहरे पर बड़े गर्व के भाव व्यक्त करते हुए घूमते हैं। यदि उनसे पूछा जाए कि क्या है कृष्ण का मतलब? क्या था कृष्ण का व्यक्तित्व, और क्या क हते हैं कृष्ण अपनी गीता में क्या रसिया कृष्ण की गीता में रासलीला का बड़ा ही सुन्दर वर्णन आया है इतना पूछने पर, अपने आप को कृष्ण का अनुयाई कहने वाले ये तथाकथित कृष्ण भक्त खिसियाकर बगलें झांकने लगते हैं।

वास्तविकता यह है कि रास शब्द रस से ही बना है। जबकि रस शब्द का अर्थ है आनंद। आगे चलकर हम देखते हैं कि संगीत के साथ किये जाने वाले नृत्य को ही काव्य अथवा साहित्य में रास संज्ञा से सूचित किया जाने लगा। पता नहीं रासलीला को लेकर समाज में यह गलत मान्यता कैसे प्रचलित हो गई। संस्कृत कवि जयदेव ने अपने काव्य में कृष्ण को नायक बनाकर कई श्रृंगारिक गीतों की रचना की जो कि पूरी तरह काल्पनिक एवं मनगढ़ंत हैं। जयदेव की परंपरा को ही बाद में विद्यापति....से लेकर सूरदास ने आगे बढ़ाया।

नौ वर्ष के कृष्ण– एक अति महत्वपूर्ण बात और भी है जिससे बहुत कम ही लोग परिचित हैं। वह यह है कि जब कृष्ण ने हमेशा–हमेशा के लिये गोकुल–वृंदावन छोड़ा तब उनकी उम्र मात्र नौ वर्ष की थी। इससे यह तो स्पष्ट ही है कि कृष्ण जब गोप–गोपिकाओं के साथ गौकुल–वृंदावन में थे तब नौ वर्ष से भी छोटे रहे होगें। अति मनोहर रूप, बांसुरी बजाने में अत्यंत निपुण, अवतारी आत्मा होने के कारण जन्मजात प्रतिभाशाली आदि तमाम बातों के कारण वे आसपास के पूरे क्षेत्र में अत्यंत् लोकप्रिय थे। नौ वर्ष के बालक का गोपियों के साथ नृत्य करना एक विशुद्ध प्रेम और आनंद का ही विषय हो सकता है। अत कृष्ण रास को शारीरिक धरातल पर लाकर उसमें मोजमस्ती या भोग विलास जेसा कुछ ढूंढना इंसान की स्यवं की फितरत पर निर्भर करता है। कृष्ण के प्रति कोई राय बनाने से पूर्व इंसान को गीता को समझना होगा क्योंकि उसके बिना कोई कृष्ण को वास्तविक रूप में समझ ही नहीं पाएगा।

## माँ गंगा का प्राकट्य

शिव का हिमालय और गंगा से घनिष्ठ संबंध है और गंगा से उनके संबंध की कथा से लोकप्रिय चित्रांकन बड़ा समृद्ध हुआ है। हिंदुओं के लिए समस्त जल, चाहे वह सागर हो या नदी, झील या वर्षाजल, जीवन का प्रतीक है और उसकी प्रकृति दैवी मानी जाती है। इस संदर्भ में प्रमुख हैं तीन पवित्र नदियाँ– गंगा, यमुना और काल्पनिक सरस्वती। इनमें से पहली नदी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

चूँकि गंगा स्त्रीलिंग हैं, इसलिए उसे लंबे केशों वाली महिला के रूप में अंकित किया जाता है। देवी के रूप में गंगा उन सबके पाप धो देती है जो इतने भाग्यशाली हों कि उनकी भस्म उसके पवित्र जल में प्रवाहित की जाए। ब्रह्मवैवर्त पुराण में गंगा को संबोधित करने वाले एक पद में स्वयं शिव कहते हैं– पृथ्वी पर लाखों जन्म–जन्मान्तर के दौरान एक पापी जो पाप के पहाड़ जुटा लेता है, गंगा के एक पवित्र स्पर्श मात्र से लुप्त हो जाता है। जो भी व्यक्ति इस पवित्र जल से आर्द्र हवा में साँस भी ले लेगा, वह निष्कलंक हो जाएगा। विश्वास किया जाता है कि गंगा के दिव्य शरीर के स्पर्श मात्र से हर व्यक्ति पवित्र हो जाता है। भारतीय देवकथा में सर्वाधिक रंगीन कहानियाँ हैं उन परिस्थितियों के बारे में जिनमें गंगा स्वर्गलोक से उतरकर पृथ्वी पर आई थीं।

एक समय कुछ राक्षस थे जो ब्राह्मण ऋषि–मुनियों को तंग करते थे और उनके भजन–पूजा में बाधा डाला करते थे। जब उनका पीछा किया जाता था तो वे समुद्र में छिप जाते थे, मगर रात में फिर आकर सताया करते थे। एक बार ऋषियों ने ऋषि अगस्त्य से प्रार्थना की कि वे उनको राक्षसी प्रलोभन की यातना से मुक्त करें। उनकी सहायता के उद्देश्य से अगस्त्य ऋषि राक्षसों समेत समुद्र को पी गए। इस प्रकार उन राक्षसों का अंत हो गया किंतु पृथ्वी जल से शून्य हो गई। तब मनुष्यों ने एक और ऋषि भगीरथ से प्रार्थना की कि वे सूखे की विपदा से उन्हें छुटकारा दिलाएँ। इतना बड़ा वरदान पाने के योग्य बनने के लिए भगीरथ ने तपस्या करने में एक हजार वर्ष बिता दिए और फिर ब्रह्मा के पास गए और उनसे प्रार्थना की कि वे स्वर्गलोक की नदी गंगा को– जो आकाश की नक्षत्र धाराओं में से एक थी– पृथ्वी पर उतार दें। भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने यथाशक्ति प्रयत्न करने का वचन दिया और कहा कि वे इस मामले में शिव से सहायता माँगेंगे। उन्होंने समझाया कि अगर स्वर्गलोक की वह महान नदी अपने पूरे वेग और समस्त जल के भार के साथ पृथ्वी पर गिरी तो भूकंप आ जाएँगे और उसके फलस्वरूप बहुत विध्वंस होगा। अतः किसी को उसके गिरने का आघात सहकर उसका धक्का कम करना होगा और यह काम शिव के अतिरिक्त और कोई नहीं कर सकता। भगीरथ उपवास और प्रार्थनाएँ करते रहे। समय आने पर शिव पसीजे। उन्होंने गंगा को अपनी धारा पृथ्वी पर गिराने दी और उसके आघात को कम करने के लिए उन्होंने पृथ्वी और आकाश के बीच अपना सिर रख दिया। स्वर्गलोक का जल तब उनके केशों से होकर हिमालय में बड़े सुचारु रूप से बहने लगा और वहाँ से भारतीय मैदानों में पहुँचा जहाँ वह समृद्धि, स्वर्गलोक के आशीर्वाद और पापों से मुक्ति लेकर आया।



## कुछ आसान और अचूक टोटके

समय की कमी और भागदोड़ से भरी जिंदगी ने आज इंसान को हेरान परेशान कर रखा है। यहां हम जिन टोटकों यानि कि युक्तियों को दे रहें हैं वे ऐसी ही अद्भुत और कारगर युक्तियां हैं। ये तुलसी रामायण के प्रामाणिक और शक्ति सम्पन्न अंस हैं। जिनको सूर्योदय से पूर्व पूर्ण शांत एवं पूर्ण एकांत स्थान पर मात्र 15 मिनिट मंत्र की तरह जपने से इच्छित मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है।

- धन–समृद्धि की वृद्धि के लिये – जे सकाम नर सुनहिं जे गावहिं, सुख सम्पति नाना विधि पावहिं ।
- मुकद्दमा जीतने के लिये – पवन तनय बल पवन समाना, बुद्धि विवेक विज्ञान निधाना ।
- पुत्र प्राप्ति के लिये – प्रेम मगन कोशल्या निशिदिनि जात न जान, पुत्र सनेह बस माता बालचरित कर गान ।

# हेयर स्टाइल थोड़ा सा परिवर्तन बदल दे लुक

**हेयर** स्टाइल आपके व्यक्तित्व को आकर्षक बनाता है। प्राय: महिलाएं यही सोचती हैं कि अगर हेयर स्टाइल में थोड़ा परिवर्तन करेंगी तो उन्हें सूट नहीं करेगा और वे सारी उम्र एक ही हेयर स्टाइल से चिपकी रहती हैं पर ऐसा नहीं है। हेयर स्टाइल में भी परिवर्तन जरूरी है। आप स्वयं आजमा कर देख सकती हैं कि जरा सा परिवर्तन आपकी लुक को ही बदल देगा। हेयर स्टाइल में परिवर्तन आपको आकर्षक बना सकता है और अनाकर्षक भी। आकर्षक तो सभी दिखना चाहेंगे पर अनाकर्षक कोई नहीं इसलिए हेयर स्टाइल में परिवर्तन से पूर्व यह ध्यान दें कि जो हेयर स्टाइल फैशन में है वह आप के ऊपर सूट करेगा भी या नहीं इसलिए किसी अच्छे ब्यूटी पार्लर में जाकर हेयर एक्सपर्ट से सलाह लें। हेयर स्टाइल में परिवर्तन करते समय यह भी ध्यान रखें कि जो भी हेयर स्टाइल अपना रही हैं वह बनाने में आसान हो और उसकी देखभाल में भी आपका ज्यादा समय बर्बाद न हो। प्राय: लंबे बालों की देख रेख करना मुश्किल होता है इसलिए महिलाएं चोटी करके उनको संवार लेती हैं पर आजकल महिलाएं घरों से बाहर नौकरी पर जाती हैं और नौकरी पेशा महिलाएं अधिकतर शार्ट हेयर अपनाती हैं। शार्ट हेयर कट का अपना ही फायदा है। यह आपको माडर्न दिखाता है और आज हर महिला माडर्न दिखाना चाहती है। शार्ट हेयर कट की संभाल व संवार आसान है। शार्ट हेयर कट में ब्लंट व रेजर जो बहुत ही लोकप्रिय हैं ही, लंबे बालों का भी अपना आकर्षण है। इसमें भी विविधता भरे स्टाइल बनाकर आप अपने लुक में विविधता ला सकती हैं। कभी जूड़ा, कभी चोटी, कोई भी स्टाइल अपना कर खुद को नए अंदाज में पेश करें। हेयर कट आपकी कमियों को भी छुपा देते हैं जैसे अगर आपके कान बड़े व लंबे हैं तो आप ऐसा हेयरकट अपनाएं जो आपके कानों को ढक दें। हेयरकट आपके पूरे व्यक्तित्व को बदल देता है इसलिए हेयरकट किसी अच्छी हेयर एक्सपर्ट से ही करवाएं। हेयर एक्सपर्ट से सलाह भी लें कि वाकई जो हेयरकट आप करवाने जा रही हैं वह आप पर जंचेगा भी या नहीं। आजकल हेयरस्टाइल की संभाल संवार के लिए कंडीशनर, रोलर्स, स्प्रे, जैल आदि बहुत से सौंदर्य प्रसाधन उपलब्ध हैं। उनके उपयोग की जानकारी भी ले लें और जानकारी के अनुरूप अपने हेयर स्टाइल को संवारें।



# फजी केक



**सामग्री:** मक्खन 2/3 कप, चीनी 1–3/4 कप, वनीला एसेंस 1 छोटा चम्मच, मैदा 1–3/4 कप, कोको पावडर 3/4 चम्मच, बेकिंग सोडा 1–1/2 छोटा चम्मच, नमक 1 छोटा चम्मच, बटर क्रीम 1–1/2 कप, किशमिश 100 ग्राम।

**डेकोरेशन के लिए:** चॉकलेट, कीवी स्लाइस और गूदा, सूखे मेवे, स्ट्रॉबेरी।

**विधि:** 350 डिग्री पर अवन गर्म करें। दिल के आकार के बेकिंग ट्रे को ग्रीस करें। मक्खन और चीनी को एक बर्तन में मध्यम गति से हल्का और फूलने तक फेंटें। इसमें वनीला और दूध मिलाकर दोबारा अच्छी तरह फेंटें। अब मैदा, कोको पावडर, बेकिंग सोडा और नमक इसमें मिला लें। इसे मक्खन के मिश्रण में मिलाकर क्रीम डालें और तीन मिनट तक फेंटकर पहले तैयार किए गए ग्रीस्ड बर्तन में डालें। इसे 30–40 मिनट तक बेक करें। बेकिंग ट्रे से निकालकर 10 मिनट के लिए ठंडा होने रख दें। केक के ऊपर और किनारों पर क्रीम फैलाएँ। कीवी स्लाइस, मेवे, स्ट्रॉबेरी स्लाइस और चॉकलेट के लच्छों से डेकोरेट करें।

## जड़ी-बूटियां भी फायदेमंद

- डायरिया होने पर कंटूरी नाम की पत्तियों का जूस निकाल लें। दो छोटे चम्मच जूस को आधा कप दही में मिला कर दिन में दो-तीन बार लें।
- डायरिया व आंत की अन्य तकलीफों में गाजर का गर्म सूप बेहद फायदेमंद रहता है।
- उल्टी होने पर बरगद की नरम जड़ों को अच्छे से क्रश कर लें। अब एक बड़ा चम्मच पाउडर को एक गिलास पानी में दस मिनट के लिए भिगो दें। छान कर गुनगुना करके पिएं।
- पेचिश होने पर कोरई के बीजों को पीस कर पाउडर बना लें। अब एक चौथाई से आधा चम्मच पाउडर गर्म पानी में मिला कर रोज पिएं।

# साड़ी वही जो पिया मन भाए



**बनारस** की जरीदार सिल्क साड़ी हो या तमिलमाड्डु की कांचीपुरम साड़ियां, जो अमूमन गहरे रंगों की होती हैं या फिर मैसूर की क्रेप सिल्क साड़ी, सभी का जादू सिर चढ़कर बोलता है। सिल्क साड़ी की बात होती है तो बनारस के कारीगरों का जिक्र लाजिमी है क्योंकि इनका डंका न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में बजता है। दुलहन के लिए या फिर किसी खास पार्टी में जाने के लिए गहरे लाल और महरून रंग की साड़ियां अत्यावश्यक मानी जाती हैं। विवाह में शामिल होने वाली महिलाओं की पहली पसंद होती है कांचीपुरम साड़ी, जो थोड़े मोटे सिल्क से बनती है। इसकी खास पहचान है बुने हुए बार्डर तथा बिल्कुल अलग पैटर्न के पल्लू। पारंपरिक दक्षिण भारतीय परिवारों में केवल सोने के गहने ही नहीं बल्कि कांचीपुरम साड़ियां भी एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को सौंपी जाती हैं।

बदलते समय के अनुसार हो सकता है कि कुछ आधुनिक दुलहनों को पारंपरिक बनारसी और कांचीपुरम साड़ियां उतनी न जंचें पर सिल्क साड़ी का मोह तो रहता ही है इसलिए इनकी पसंदीदा हैं हल्की-फुल्की मैसूर सिल्क साड़ियां और क्यों न हों, शारीरिक बनावट को उभारने वाली इन मुलायम साड़ियों में लिपटी सुंदरी बरबस ही मन मोह लेती हैं। बीते बर्षों में मैसूर की क्रेप सिल्क साड़ियों में ज्यादा बदलाव नहीं आया है पर ये इतने विविध रंगों में उपलब्ध हैं कि हर किसी के मन को भाने वाली साड़ी मिल ही जाती है। फिर इन साड़ियों के सुनहरे बार्डर, जो बेहद खूबसूरत डिजाइन के होते हैं, पर भला किसा दिल न आ जाए। आजकल बाजार में लाइक्रा सिल्क, शिफान और अन्य प्रकार के सिंथेटिक बाजार में लाइक्रा सिल्क, सिल्क शिफान और अन्य प्रकार के सिंथेटिक सिल्क की भरमार हो गई है पर पारंपरिक सिल्क के सामने ये सब टिक नहीं पाते।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे। शुभांक-5-6-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक-5-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें। शुभांक-6-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-5-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। शुभांक-3-7-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। ''आगे-आगे गौरख जागे'' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

## काकुरो पहेली - 2942




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

**काकुरो - 2941 का हल**



## हंसी के फूव्वारें


दारोगा (रमेश से) - जब तुम्हारे यहां चोरी हुई, उस समय कितना बजा था?
रमेश (दारोगा से) - हम पर चार लट्ठ और हमारे भाई पर दो लट्ठ बजे थे.
दारोगा (रमेश से) - अरे मै घड़ी का पूछ रहा हूं उसमे कितना बजा था?
रमेश (दारोगा से) - साहब घड़ी तो एक ही लट्ठ बजने पर टूट गई.

महेश (संजय से) - मुझे खुशी इस बात की है कि मेरा बॉस एक डॉक्टर है.
संजय (महेश से) - ऐसी क्या खासियत है आपके बॉस में?
महेश (संजय से) - मैं थोड़ा भी बीमार पड़ता हूं, तो वह मुझे फौरन बेड रेस्ट की सलाह दे देता है.

दो मूर्ख वार्तालाप कर रहे थे.
पहला बोला- 'यदि वृक्ष पर हाथी चढ़ जाए और वहां से नीचे उतरना चाहे तो उसे क्या करना चाहिए?'
दूसरा मूर्ख बोला- 'हाथी को वृक्ष की टहनी पर बैठकर पतझड़ के आने की प्रतीक्षा करनी चाहिए.'

राम (मोहन से) - क्या कर रहे हो?
मोहन- दोस्त को पत्र लिख रहा हूं.
राम- लेकिन तुम्हें लिखना नहीं आता.
मोहन (राम से) - तो मेरे दोस्त को कौन सा पढ़ना आता है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 2942



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, जया की 'ये जुल्फ कैसी है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. 'सीमायें बुलाये तुझे' गीत वाली जे.पी.दत्ता की युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी एक मल्टीस्टारर फिल्म-२,१,१
६. फिल्म 'साया' में नायिका कौन थी-२
७. 'झमका चाँदी दा' गीत वाली मनोज, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
८. अभिषेक, अंतरा माली की 'बेरंग जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'जीवनमृत्यु' में नायिका थी-२
१४. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फराजखान, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आज मदहोश हुआ जाये' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
१७. संजय कपूर, रवीना, अदिति की 'हंसता है रूलता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'सनन सनन साय साय हो' गीत वाली गोविंदा, रमैया की फिल्म-४,२
२२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तू कल चला' गीत वाली संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम ढिल्लों की फिल्म-२
२४. जैकी, सुनील शेट्टी, डिनो, करिश्मा की 'ऐ सुबह तू' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'हुस्ने जाना इधर आ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-२
२८. देवआनंद, गीता बाली की 'चांदनी रातें प्यार की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जिनके पास हाथी घोड़ा' गीत वाली राजकुमार, लीना की फिल्म-२,१,२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'लड़की जो आए बाजार में' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मनीषा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आआ' गीत वाली संजय दत्त, आफताब, नंदिता की फिल्म-२
२. ऋषिकपूर, माधुरी दीक्षित की 'जाने वो कैसा चोर था' गीत वाली फिल्म-३
३. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
४. अक्षय, करीना कपूर, प्रियंका की फिल्म-४
५. 'दिल दिया है तुझे' गीत वाली अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
९. राहुल बोस, करीना कपूर की 'जाने क्यूं हमको' गीत वाली फिल्म-३
१०. राजकपूर, परवीन की 'आपसा कोई हसीन' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'तोता मैना की कहानी' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१३. मिलिंद सोमण, किरण झवेर की 'जीना है तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'सुलगे हुए हैं' गीत वाली जिमी, इरफान, ऋषिता, नम्रता की फिल्म-३
१९. फिल्म 'अवतार' में राजेश की नायिका ?-३
२०. 'नहीं ये हो नहीं सकता' गीत वाली फिल्म-४
२१. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, मधु, सीमा की 'आई सी यू बेबी' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'रंग और नूर की बारात' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
२४. नसीर, फारूख शेख, स्मिता की फिल्म-३
२६. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२७. शाहरूख, माधुरी की 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 2941**



## सूडोकु -2942


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2941 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

## शब्द पहेली - 2942



**बाएँ से दाएँ**

1.जाति,समाज,बुंधता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.मग्नता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**

1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

**शब्द पहेली -2941 का हल**



# आईसीसी वनडे रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

**दुबई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ब्लोमफ़ोन्टेन में पहले दो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में जीत दर्ज करके आईसीसी वनडे रैंकिंग में पाकिस्तान की जगह फिर से नंबर एक रैंकिंग हासिल कर ली।

डेविड वार्नर और मार्नस लाबुशेन के शतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे वनडे में 123 रन से बड़ी जीत दर्ज की। उसने पहला मैच तीन विकेट से जीता था। दूसरे वनडे में जीत से ऑस्ट्रेलिया के कुल 121 रेटिंग अंक हो गए हैं और उसने पाकिस्तान को एक रेटिंग अंक से पीछे छोड़ दिया है।

भारत 114 रेटिंग अंकों के साथ आईसीसी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है। पिछले साल उतार-चढ़ाव वाले अभियान के बाद ऑस्ट्रेलिया ने वनडे रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान गंवा दिया था। उसे 2022 में श्रीलंका से हार का सामना करना पड़ा था और जिंबाब्वे ने भी उसे एक मैच में हराया था।

ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि इसके बाद न्यूजीलैंड और इंग्लैंड को 3-0 के समान अंतर से पराजित किया। इसके बाद उसने मार्च 2023 में भारत को उसकी धरती पर हराया और अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले दो मैचों में जीत दर्ज की। पाकिस्तान अभी एशिया कप में खेल रहा है और ऐसे में समीकरण बदल भी सकते हैं।



# किरण जार्ज ने जीता इंडोनेशिया मास्टर्स का खिताब



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** मेदान (इंडोनेशिया) ः भारत की युवा सनसनी किरण जॉर्ज ने रविवार को जापान के कू ताकाहाशी को 21-19,22-20 से हरा कर इंडोनेशिया मास्टर्स ट्रॉफी के पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया है।

किरण ने 56 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में दुनिया के 82वें नंबर के खिलाड़ी ताकाहाशी को सीधे सेटों में धूल चटाई। मैच की शुरुआत में पिछड़ने के बाद किरण ने अपने गेम में सुधार करते हुए ताकाहाशी से 18-15 की बढ़त हासिल कर ली। ताकाहाशी ने हालांकि एक समय इस अंतर को 19-20 कर दिया मगर किरण ने गेम जीत कर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर ली।

दूसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। स्कोर एक समय 6-6 की बराबरी पर था लेकिन किरण ने 16-11 की बढत बना ली। ताकाहाशी ने हार नहीं मानी और स्कोर 19-19 कर दिया किरण इस बीच पहला मैच प्वाइंट भुनाने में नाकाम रहे लेकिन दूसरा मैच प्वाइंट भुना कर उन्होंने मुकाबला जीत लिया।

प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी के निदेशक और पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने कहा, 'यह शानदार जीत है, यह इन अवसरों को भुनाने और लगातार अच्छा खेलने के बारे में है। देश के अन्य खिलाड़ी भी युवा और समान रूप से अच्छे हैं, इसलिए मैं उनसे काफी खुश हूं।% इस साल जनवरी में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 43वें नंबर पर पहुंचने वाले किरण ने बीते मई-जून में थाईलैंड ओपन में चीन के शीर्ष खिलाड़ियों शी युकी और वेंग होंगयांग को हराकर अपना दमखम दिखाया था।

# केएल राहुल के वनडे में 2 हजार रन पूरे, 6 महीने बाद की टीम इंडिया में वापसी



**कोलंबो (एजेंसी)।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने 6 महीने बाद टीम इंडिया में वापसी की है। जिसके बाद उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करते ही बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। दरअसल, श्रीलंका के कोलंबो में भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले में राहुल ने 14 रन बनाकर अपने वनडे करियर में 2 हजार रन पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही ये कारनामा करने वाले वो तीसरे भारतीय बल्लेबाज हैं जिन्होंने सबसे तेज 2000 रन पूरे किए हैं।

एशिया कप सुपर-4 स्टेड के इस मुकाबले में राहुल को श्रेयस अय्यर की जगह टीम में मौका मिला है। इससे पहले ही लीग मैचों में राहुल टीम से बाहर थे। फिलहाल केएल राहुल ने 28 गेंदों में 2 चौकों की मदद से 17 रन बनाए हैं। लेकिन बारिश के चलते मुकाबला रुका हुआ है।

वनडे फॉर्मेट में 2 हजार रन पूरे करने वाले केएल राहुल तीसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 55 वनडे मैचों में 53वीं पारी में ये कीर्तिमान अपने नाम किया है। उनके अलावा इस लिस्ट में विराट कोहली इतनी ही पारियों में उनसे पहले ये मुकाम हासिल करने वाले खिलाड़ी हैं।

वहीं भारत के लिए सबसे तेज 2 हजार रन शिखर धवन ने बनाए हैं। धवन ने ये कारनामा महज 48 पारियों मं किया है। इसके बाद दूसरे नंबर पर संयुक्त रूप से पूर्व खिलाड़ी सौरव गांगुली और नवजोत सिंह सिद्धू हैं। इन दोनों ने ही 52 पारियों में दो हजार रन पूरे किए थे। इसके बाद तीसरे नंबर पर केएल राहुल और विराट कोहली हैं।

# टीम इंडिया के लिए तिहरा शतक लगा चुके नायर खेलेंगे काउंटी क्रिकेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के लिए तिहरा शतक लगा चुके भारतीय बल्लेबाज करुण नायर काउंटी क्रिकेट खेलेंगे। उन्होंने इस सीजन में काउंटी चैम्पियनशिप के बचे हुए तीन मैचों में खेलने के लिए इंग्लिश काउंटी टीम नार्थम्पटनशर से करार किया। गौरतलब है कि भारत के लिए छह टेस्ट खेलने वाला यह 31 वर्षीय खिलाड़ी सैम वाइटमैन की जगह लेगा जो ऑस्ट्रेलिया लौट गये हैं। नायर ने एक बयान में कहा है कि मैं नार्थम्पटनशर से जुड़ने और काउंटी चैम्पियनशिप में खेलने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि आप काउंटी क्रिकेट के बारे में काफी कुछ सुनते हो और मैं जानता हूं कि पृथ्वी शॉ जब टीम के साथ थे, उन्होंने काफी लुत्फ उठाया था इसलिये काउंटी में खेलने का मौका मिलने से उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि में उम्मीद करता हूं कि मैं टीम के लिये योगदान दे सकूं।



जोधपुर में जन्में करुण नायर शुक्रवार को ब्रिटेन पहुंच गए और रविवार को वारविकशर के खिलाफ होने वाले मैच से पहले वह नार्थम्पटनशर से जुड़ जाएंगे। वह वीरेंद्र सहवाग के बाद टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए तिहरा शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय हैं। उन्होंने यह उपलब्धि दिसंबर 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में नाबाद 303 रन बनाकर हासिल की थी। करुण नायर ने भारत के लिए अब तक 6 टेस्ट और 2 वनडे मैच खेले हैं। नायर ने खेले गए 6 टेस्ट में 62।3 की औसत से 376 रन बनाए हैं। इसके अलावा वनडे में उन्होंने 23 की एवरेज से 46 रन बनाए हैं। वहीं नायर आईपीएल का भी हिस्सा रह चुके हैं।

# लखनऊ सुपर जायंट्स के नए कोच बने जस्टिन लैंगर, टीम में हुए कई और बदलाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के शुरू होने में अभी कई महीने शेष हैं, लेकिन कुछ टीमों ने अभी से तैयारियां करनी शुरू कर दी है। इन्हीं टीमों में लखनऊ सुपर जायंट्स का भी नाम शामिल है। शुरूआती दो सीजन में एलएसजी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर रहे, लेकिन फ्रेंचाइजी ने आगामी सीजन से पूर्व उन्हें अपने बेड़े से बाहर का रास्ता दिखा है। फ्लावर की जगह आईपीएल 2024 में लखनऊ की टीम ऑस्ट्रेलियाई पूर्व कोच जस्टिन लैंगर की देखरेख में शिरकत करेगी। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले बात करें एलएसजी के प्रमुख स्टाफ के बारे में तब पिछले दो सीजन की तरह इस बार भी लखनऊ की कमान केएल राहुल के हाथों में ही रहेगी। राहुल के अलावा टीम के मेंटर गौतम गंभीर बने हुए हैं। बीच में खबरें थी कि गंभीर अपनी पुरानी टीम केकेआर के साथ जुड़ सकते हैं, लेकिन ये खबरें केवल अफवाह रहीं।

एलएसजी के मुख्य कोच अब जस्टिन लैंगर है। वहीं असिस्टेंट कोच के रूप में फ्रेंचाइजी ने दो दिग्गजों को अपने बेड़े में शामिल किया है। इसमें श्रीधरन श्रीराम और विजय दहिया का नाम शामिल है। फ्रेंचाइजी ने अफ्रीकी पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। वहीं स्पिन गेंदबाजी कोच भारत के घरेलू होनहार क्रिकेटर प्रवीण तांबे हैं। आगामी सीजन के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने अफ्रीकी पूर्व दिग्गज क्रिकेटर जोंटी रोड्स को अपना फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। इसके अलावा स्ट्रेटेजिक कंसलटेंट एमएसके प्रसाद बने हैं।




आईपीएल 2024 एलएसजी के प्रमुख स्टाफ में कैप्टन-केएल राहुल, मेंटर-गौतम गंभीर, हेड कोच में जस्टिन लैंगर का नाम हैं। वहीं असिस्टेंट कोच में श्रीधरन श्रीराम और विजय दहिया को चुना गया हैं। बॉलिंग कोच के रुप में मोर्ने मोर्कल, स्पिन बॉलिंग कोच के रुप में प्रवीण तांबे का नाम शामिल हैं। फील्डिंग कोच के रुप में जोंटी रोड्स को जोड़ा गया हैं। स्ट्रेटेजिक कंसलटेंट के रुप में एमएसके प्रसाद को शामिल किया गया है।

# विश्वकप मैचों के कार्यक्रम में बदलाव करें बीसीसीआई : एचसीए

हैदराबाद ( ।हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) ने एक बार फिर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से अनुरोध किया है कि अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 के लिए आवंटित मैचों के कार्यक्रम में बदलाव किया जाए।एचसीए ने कहा कि कहा कि उसे लगातार मैचों का आयोजन कराना है और ऐसे में इनके लिए पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराना सुरक्षा एजेंसियों के लिए संभव नहीं होगा।सीसीए ने बीसीसीआई से 29 सितंबर को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले अभ्यास मैच में बदलाव की मांग की है।एचसीए ने कहा कि एक दिन पहले ही गणेश विसर्जन और मिलाद-उन-नबी त्योहारों के कारण पाकिस्तान और न्यूजीलैंड मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा नहीं दे पायेंगे।यह दूसरी बार है जब एचसीए ने बीसीसीआई से एकदिवसीय विश्व कप खेलों की तारीखों में बदलाव की मांग की है।एचसीए के अनुसार सुरक्षा एजेंसियों के लिए नौ अक्टूबर को न्यूजीलैंड बनाम नीदरलैंड और 10 अक्टूबर को पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले लगातार दो मैचों में से एक के लिए पर्याप्त सुरक्षा देना संभव नहीं रहेगा।रिपोर्ट के अनुसार हैदराबाद पुलिस के अधिकारियों ने एचसीए से कहा है कि दोनों मैचों के लिए सुरक्षा व्यवस्था को संभालना संभव नहीं है।

# एशियन गेम्स के लिए तैयारी में जुटे कप्तान रुतुराज गायकवाड़

पुणे ।एशियन गेम्स के लिए भारत की पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने पुणे में एक प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया। गायकवाड़ ने बल्लेबाजी प्रैक्टिस का वीडियो पोस्ट किया। गायकवाड़ आगामी हांग्जो एशियन गेम्स में अपने पहले अभियान में टीम इंडिया का नेतृत्व करने वाले हैं। एशियन गेम्स इस साल 23 सितंबर से 8 अक्टूबर, 2023 तक चीन में होंगी।इसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, मोहम्मद शमी, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी हिस्सा नहीं ले रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में दमदार प्रदर्शन के बाद रिंकू सिंह को एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। अपने शानदार आईपीएल प्रदर्शन के दम पर विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ने भी टीम में जगह बनाई। गायकवाड़ ने चेन्नई सुपर किंग्ग के लिए 16 मैचों में 590 रन बनाए, जबकि जितेश और रिंकू ने पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए क्रमश: 309 और 474 रन बनाए हैं।गायकवाड़ को एशियन गेम्स में भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि यशस्वी जयसवाल, जो इस समय शानदार फॉर्म में हैं और वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट खेल रहे हैं, को टीम में जगह मिली है। शिवम दुबे जो आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के मध्य क्रम की बल्लेबाजी की रीढ़ थे, उन्हें एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम में वापस बुलाया गया है।



एशियाई खेलों के लिए टीम इंडिया (सीनियर पुरुष) टीम ः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, अवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे और प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

खिलाड़ियों की स्टैंडबाय सूची ः यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुडा और साई सुदर्शन।

# 19 साल की कोको गॉफ बनी अमेरिकी ओपन चैंपियन, पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिका की किशोरी कोको गॉफ ने आर्यना सबालेंका के खिलाफ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अपने करियर का पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। फ्लोरिडा की रहने वाली 19 वर्षीय खिलाड़ी गॉफ ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 2-6, 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका का इस हार के बावजूद सोमवार को जारी होने वाली डब्ल्यूटीए रैंकिंग में ईगा स्वियातेक की जगह विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बनना तय है।

छठी वरीयता प्राप्त गॉफ ने मैच के बाद कहा, 'मैं इस समय खुशी से सरोबार हूं और थोड़ा राहत भी महसूस कर रही हूं। क्योंकि ईमानदारी से कहूं तो इस बार मैं अन्य लोगों के लिए नहीं बल्कि खुद के लिए जीतना चाहती थी।' सेरेना विलियम्स के 1999 में खिताब जीतने के बाद गॉफ अमेरिका की पहली किशोरी हैं जो किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में महिला एकल की चैंपियन बनी।



गॉफ का मैच देखने के लिए कई दिग्गज हस्तियां पहुंची थी जिनमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा भी शामिल हैं, जिन्होंने बाद में इस खिलाड़ी के लिए बधाई संदेश भी भेजा। गॉफ को चैंपियन बनने पर चमचमाती ट्रॉफी और 30 लाख डॉलर की इनामी राशि मिली। नोवाक जोकोविच और दानिल मेदवेदेव के बीच होने वाले पुरुष एकल के फाइनल के विजेता को भी इतनी ही पुरस्कार राशि मिलेगी।

गॉफ इस जीत से विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी जबकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका के लिए राहत की बात यही है कि वह विश्व की शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी बन जाएगी। सबालेंका ने कहा, 'यह भी एक उपलब्धि है और यही वजह है कि मैं बहुत अधिक दुखी नहीं हूं। मैं निश्चित तौर पर इसका जश्न मनाऊंगी।' मैच में सबालेंका ने 49 जबकि गॉफ ने केवल 19 बेजा गलतियां की। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि गॉफ को 83 अंक अर्जित करने के लिए केवल 13 विनर की जरूरत पड़ी। इस तरह से देखा जाए तो सबालेंका ने अपनी गलतियों से मैच गंवाया। उन्होंने कहा, ''कुछ अवसरों पर मैं भावुक हो सकती हूं। कोर्ट पर आज मैं कुछ ज्यादा ही सोच रही थी और मैंने उन अंको को भी गंवाया जिन्हें मुझे हासिल करना चाहिए था।'

# एशियाई खेलों में बेहतर प्रदर्शन करना है लक्ष्य : अभिषेक

बेंगलुरू ।भारतीय हॉकी टीम के फॉरवर्ड अभिषेक का लक्ष्य एशियाई खेलों में बेहतर प्रदर्शन करना है।अभिषेक इन खेलों को लेकर खासे उत्साहित हैं।वह पहली बार किसी इतने बड़े टूर्नामेंट में खेलेंगे।पिछले कुछ समय में 48 मैचों में 18 गोल करके उन्होंने टीम में जगह बनायी है।वह टीम में अपने चयन से बेहद उत्साहित हैं। इस खिलाड़ी ने कहा कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं। साथ ही कहा कि एशियाई खेल बड़ा टूर्नामेंट है और हम सभी उसके लिए अच्छी तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम आत्मविश्वास के साथ खेलेंगे क्योंकि हमारा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टूर्नामेंट से वापसी रहेगा।टीम की तैयारियों को लेकर उन्होंने कहा कि हमारा सामना इस टूर्नामेंट में कुछ अच्छी टीमों से शी होगा। हम काफी कड़ी मेहनत कर रहे हैं जिससे मैदान पर उतरें तो मानसिक और शारीरिक तौर पर पूरी तरह से फिट हों। एशियाई खेलों में भारत को पूल ए में पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उजबेकिस्तान के साथ रखा गया है। अभिषेक ने कहा कि मेरे साथी खिलाड़ी और कोच मेरी काफी सहायता करते हैं।मैं आम तौर पर मनदीप और ललित से सलाह लेता हूं।से दोनो ही मैदान के भीतर और बाहर भी हमेशा सहायता के लिए रहते हैं।



# श्रीलंका ने एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में बांग्लादेश को हराया

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका ने यहां खेले गये एशिया कप क्रिकेट के सुपर फोर मुकाबले में बांग्लादेश को 21 रनों से हराकर अपनी जीत का सिलसिला बनाये रखा है। श्रीलंका ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी कुसल मेंडिस और सदीरा समरविक्रमा के शानदार अर्धशतकों की सहायता से 9 विकेट पर 257 रन बनाये। मेंडिस ने 6 चौकों और 1 छक्के की मदद से 50 रन बनाए जबकि समरविक्रमा ने 72 गेंदों पर 8 चौकों और 2 छक्के की मदद से 93 रन बनाए। इस प्रकार बांग्लादेश को जीत के लिए 258 रनों का लक्ष्य मिला। जिसका पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम तौहिद के 82 रनों की पारी के बाद भी 235 रन ही बना पायी और उसे हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका की ओर से ठीकशाना, शनाका और पथिराना ने 3-3 विकेट लेकर बांग्लादेश को कोई अवसर नहीं दिया। इस मैच में श्रीलंका ने पहले खेलते हुए निसांका और करुणारत्ने की बदौलत अच्छी शुरूआत की थी। करुणारत्ने 18 रन बनाकर पेवेलियन लौटेए। इसके बाद निसांका 40 और कुसल मेंडिस 50 ने रन बनाकर स्कोर आगे बढ़ाना जारी रखा। समरविक्रमा ने सबसे अधिक 93 रन बनाए और असलांका व कप्तान शनाका के साथ स्कोर को 250 के ऊपर पहुंचाया। वहीं बांग्लादेश की ओर से तस्कीन अहमद और हसन को 3-3 विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की शुरूआत भी अच्छी रही। मोहम्मद नेम ने 21 जबकि मेहदी हसन मिराज ने 28 रन बनाए। लिटन दास 15 रन ही बना पाये कप्तान शाकिब भी तीन रन पर पेवेलियन लौट गये।



# कोलंबियाई फुटबॉलर जुआन चिली के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर से बाहर हुए

बगोटा ।कोलंबियाई फुटबॉलर जुआन कुआड्राडो चोटिल होने के कारण चिली के खिलाफ होने वाले विश्व कप क्वालीफायर से बाहर हो गये हैं।इंटर मिलान के विंगर जुआन को पैर की मांसपेशियों में चोट लगने के कारण बाहर होना पड़ा है। उन्हें क्वालीफायर में वेनेजुएला पर कैफेटेरोस की 1-0 की घरेलू जीत के दौरान हाफटाइम के बाद मैदान के बाहर जाना पड़ा। ऐसे में जुआन की जगह जॉर्ज कैरास्कल को शामिल किया गया जिन्होंने बैरेंक्विला में एस्टाडियो मेट्रोपोलिटानो में अपनी गति और शैली से सभी का ध्यान खींचा था।डायनेमो मॉस्को के मिडफील्डर के मंगलवार को चिली की राजधानी सैंटियागो के एस्टाडियो मोनुमेंटल में होने वाले मैच खेलने की संभावनाएं हैं।चिली को शुक्रवार को मोंटेवीडियो में उरुग्वे से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

# वेंकटेश प्रसाद ने दी सफाई, 'किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, टिकट और कार्यक्रम को लेकर की थी बीसीसीआई की आलोचना'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद सोशल मीडिया पर बेबाक तरीके से अपनी राय रखते रहे हैं। इससे कभी-कभी वह विवादों में भी आ जाते हैं। इस बार वेंकटेश ने एशिया कप में रिजर्व डे नहीं रखे जाने पर सवाल उठाये थे। इस मामले में उन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) और बांग्लादेश-श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) पर सवाल उठाये थे। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद उन्होंने इस पोस्ट को हटा दिया। वहीं जब एक प्रशंसक ने इस सवाल उठाये तो उन्होंने एक और पोस्ट कर अपनी बात रखी है।


इसमें इस पूर्व तेज गेंदबाज ने लिखा, एक भ्रष्ट अहंकारी व्यक्ति एक ऐसे संगठन की कड़ी मेहनत को खत्म सा कर देता है, जो आमतौर पर भ्रष्ट नहीं है और इससे पूरे नेतृत्व की भ्रष्टाचार में लिप्त होने जैसी छवि बनी है। यह बातें हर क्षेत्र में लागे हो रही हैं।

इस पूर्व क्रिकेटर ने हालांकि अपनी इस पोस्ट में किसी का नाम तो नहीं लिखा पर माना जा रहा है कि उनका संकेत बीसीसीआई की ओर है क्योंकि उन्होंने हाल ही में विश्वकप कप की टिकट बिक्री को लेकर भी सवाल उठाये थे। इसी पोस्ट को जब उन्होंने एक दिन पहले ही हटा दिया तो एक प्रशंसक ने जब इसका कारण पूछा तो इस क्रिकेटर ने कहा , ये एक सामान्य सी पोस्ट थी, जहां मैंने इस बारे में बात की थी कि कैसे एक व्यक्ति जो भ्रष्ट है, वह अपने संगठन के कई अच्छे कामों को खराब कर सकता है और उसकी साख को खराब कर सकता है। मैंने एक अन्य ट्वीट में टिकटों को लेकर बीसीसीआई की विफलता का मामला भी उठाया था। जिससे इसे गलत तरीके से उससे जोड़ दिया गया। इसी लिए मैंने इसे हटा दिया क्योंकि मुझे अपनी बात रखने में किसी से उर नहीं लगता। इससे पहले, वेंकटेश ने एशिया कप में केवल भारत-पाकिस्तान मैच सुपर फोर मैच के लिए रिजर्व डे रखने पर भी एशियाई क्रिकेट प्ररिषद पर सवाल उठाये। उन्होंने लिखा था, अगर यह सच है तो यह पूरी तरह से गलत है। इस प्रकार से आयोजकों ने टूर्नामेंट का मजाक ही उड़ाया है।



# सिर्फ 8 बार बर्थडे बनाया और मिल गई ऑस्ट्रेलिया की वर्ल्ड कप टीम में जगह

नई दिल्ली ।ऑस्ट्रेलिया की वर्ल्ड कप टीम में एक ऐसा खिलाड़ी भी शामिल हुआ है जिसने अभी तक केवल 8 बार ही अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया है।यह खिलाड़ी है सीन एबॉट, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है।बता दें कि वर्ल्ड कप 2023 के लिए ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम घोषित कर दी है।भारत की मेजबानी में अक्टूबर-नवंबर में वर्ल्ड कप का आयोजन होना है।5 अक्टूबर को इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच पहला मैच होगा। 5 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। यह मैच 8 अक्टूबर को चेन्नई में खेला जाएगा।सीन एबॉट दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं, जिनका जन्म लीप डे यानी 29 फरवरी को हुआ है।एबॉट का जन्म 29 फरवरी 1992 को ऑस्ट्रेलिया के विंडसर में हुआ था।तेज गेंदबाज के साथ ही एबॉट निचले क्रम के काफी उपयोगी बल्लेबाज भी हैं।इसी वजह से उन्हें वर्ल्ड कप की टीम में भी शामिल किया गया है।सीन एबॉट वर्ल्ड कप में खेलने वाले ऐसे पहले क्रिकेटर होंगे जिसका जन्म 29 फरवरी को हुआ है।



## शांतिपूर्ण जी-20 सम्मेलन के लिए पंजाब में रैड अलर्ट

जालंधर । सीएम भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार जी-20 सम्मेलन के शांतिपूर्ण आयोजन को यकीनी बनाने के लिए पंजाब में रैड अलर्ट जारी कर दिया गया है। डीजीपी पंजाब गौरव यादव के निर्देशों के अनुसार पुलिस टीमों ने समूह 28 पुलिस जिलों के सभी संवेदनशील स्थानों पर सुबह 9 बजे से सुबह 11 बजे तक फ्लैग मार्च भी निकाला जिसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों में कार्डन और सर्च ऑप्रेशन भी चलाए। विशेष डीजीपी कानून-व्यवस्था ने बताया कि गजटिड रैंक के अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अपने-अपने जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। सभी 28 पुलिस जिलों में 228 संवेदनशील क्षेत्रों को कवर करते हुए 139 फ्लैग मार्च निकाले गए। विशेष डीजीपी ने कहा कि सीपी, एसएसपी को एसपी की निगरानी में राज्य भर के सभी बस स्टैंडों और रेलवे स्टेशनों में और आसपास के इलाकों में विशेष कार्डन और सर्च ऑप्रेशन चलाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि हमने सभी पुलिस कर्मचारियों को सख्ती से हिदायत की थी कि वह इस कार्रवाई के दौरान हर व्यक्ति के साथ दोस्ताना ढंग और विनम्रता से पेश आएं। उन्होंने कहा कि राज्य के अलग-अलग रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के लिए राज्य भर में डेढ़ हजार से अधिक पुलिस कर्मचारियों वाली करीब 255 पुलिस टीमें तैनात की गई थीं। उन्होंने बताया कि राज्य के 159 बस अड्डों और 131 रेलवे स्टेशनों पर चलाए गए ऑप्रेशन के दौरान करीब साढ़े 3 हजार से अधिक लोगों की चैकिंग की गई।

## सीबीडीसी का बढ़ेगा दायरा, आ सकता है डिजिटल रुपी का पायलट प्रोजेक्ट

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक अब डिजिटल रूपी का पायलट प्रोजेक्ट ला सकता है। इसके लिए सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी यानी सीबीडीसी का इंटरबैंक उधार और कॉल मनी मार्केट में पायलट प्रोजेक्ट अक्टूबर में शुरू कर सकता है। आरबीआई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अजय कुमार चौधरी की ओर से रविवार को यह जानकारी दी गई। होलसेल सीबीडीसी, जिसे डिजिटल रुपी-होलसेल (ई-वीवी) के नाम से भी जाना जाता है। इसे एक नवंबर, 2022 को लॉन्च किया गया था। फिलहाल इसका इस्तेमाल गवर्मेंट सिक्योरिटीज में लेनदेन के लिए सेकेंडरी मार्केट में किया जा रहा है। जी20 शिखर सम्मेलन में आए चौधरी की ओर से कहा गया कि आरबीआई होलसेल सीबीडीसी को कॉल मार्केट में इस महीने या अगले महीने लॉन्च किया जा सकता है। यहां गौरतलब है ?कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से सीबीडीसी को शुरू करने का एलान वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में किया गया था। आरबीआई की ओर से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी को होलसेल पायलट प्रोजेक्ट के लिए चुना है। गौरतलब है ?कि सेंट्रल बैंक की ओर से सीबीडीसी के रिटेल अवतार का पायलट प्रोजेक्ट एक दिसंबर, 2022 को शुरू किया गया था। सीबीडीसी भारत की पेपर करेंसी का ही डिजिटल अवतार है। इसे आरबीआई से पेपर करेंसी की तरह से मान्यता प्राप्त होती है। जी20 शिखर सम्मेलन में आरबीआई की ओर से भारत की डिजिटल क्रांति को प्रदर्शित किया गया है। फ्रिक्शनलेस क्रेडिट के लिए पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म (पीटीपी), सीबीडीसी, यूपीआई वन वर्ल्ड, रुपे ऑन-द-गो और भारत बिल पेमेंट सिस्टम शामिल हैं।

## सोशल मीडिया पर वायरल हुई जो बाइडेन के साथ शेख हसीना की सेल्फी

नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भी भारत पहुंची हुई हैं। जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान जो बाइडेन ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के साथ सेल्फी ली। इसकी एक तस्वीर अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सेल्फी में अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हंसते हुए दिखाई दे रहे हैं। सेल्फी के साथ ही दोनों नेताओं ने इस पल को संजो कर रख लिया है। गौरतलब है कि भारत 9-10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में नवनिर्मित भारत मंडपम में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी की है। शिखर सम्मेलन में यूरोपीय संघ के 30 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष और शीर्ष अधिकारी और आमंत्रित अतिथि देशों और 14 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों ने भाग लिया हैं।

## नौसेना के गोताखोरों ने बचाई नौका के साथ डूबे 20 लोगों की जान

कन्नूर । उत्तरी केरल जिले के मुजप्पिलनगढ़ के धर्मदोम में 20 लोगों को ले जा रही एक नौका पलट गई। लेकिन भारतीय नौसेना के गोताखोरों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यात्रियों को सुरक्षित किनारे तक पहुंचाने में मदद की। मिली जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना चैंपियंस बोट लीग-23 रेस के बीच हुई। यहां पर विभिन्न प्रतिभागी नाव में सवार थे। नौसेना ने कहा कि रेस के दौरान, प्रतिभागियों को ले जा रही एक नाव पानी में डूब गई और पलट गई। सुरक्षा उपायों की निगरानी के लिए तैनात नौसेना की दक्षिणी कमान के गोताखोरों की टीम ने त्वरित कार्रवाई की। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने 'एक्स पर लिखा, आज धर्मदोम, मुजप्पिलनगढ़ में आयोजित चैंपियंस बोट लीग -23 रेस के बीच 20 प्रतिभागियों की एक नाव पलट गई। भारतीय नौसेना के गोताखोर त्वरित कार्रवाई करते हुए पानी में कूद गए। उन्होंने बचाव अभियान की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा कीं हैं।

## राष्ट्रपति गुजरात विधानसभा की एनईवीए परियोजना का करेंगी उद्घाटन

अहमदाबाद । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी 13 सितंबर को गुजरात विधानसभा की राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (एनईवीए) परियोजना का उद्घाटन करेंगी। इस दौरान वह विधायकों को संबोधित भी करेंगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुजरात विधानसभा सचिव डी.एम. पटेल ने कहा कि राष्ट्रपति विधानसभा को कागज रहित बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वन नेशन, वन एप्लीकेशन की अवधारणा पर लागू की गई परियोजना एनईवीए का उद्घाटन करेंगी और फिर विधायकों को संबोधित करेंगी। पटेल ने एक वीडियो बयान में कहा कि विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने राष्ट्रपति मुर्मू को परियोजना का उद्घाटन करने और 13 सितंबर से शुरू होने वाले 15वीं विधानसभा के तीसरे सत्र के दौरान सदन को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया है।

## आरएसएस और वीएचपी संभालेगी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की व्यवस्था

अयोध्या । यूपी के अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की बांगडोर आरएसएस व वीएचपी संभालेगी। इसके लिए आयोजन की ?तिथि भी तय हो गई है। अब राम भक्तों का इंतजार खत्म होने जा रहा है। राम मंदिर के गर्भगृह में अगले साल 22 जनवरी को भगवान राम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पीएम मोदी समेत देश विदेश के तमाम संत धर्म आचार्य मौजूद रहेंगे। मंदिर के भूतल का 80 प्रतिशत निर्माण हो चुका है। राम मंदिर का निर्माण 2025 तक पूर्ण होगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही है। इसकी पूरी व्यवस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद के हाथों में होगी। गौरतलब है कि राम मंदिर के निर्माण का काम पूरा कराने वाले राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि दो दिनों तक देश भर में राममय माहौल बनाने की रणनीति पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के शीर्ष पदाधिकारी अयोध्या में 10 और 11 सितंबर को जुटेंगे। ट्रस्ट प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुरुआती दिनों में देश भर से लगभग 5 करोड़ लोगों को अयोध्या लाने की योजना पर काम कर रहा।

चंपत राय ने कहा कि एक मंदिर से करीब 100 परिवार का जुड़ाव है। मंदिरों से जुड़े लोगों को आधार बनाकर रणनीति पर तैयारी चल रही है। देश के 2 लाख गांवों तक पहुंचना चुनौती है। मंदिर में देश विदेश से भी मेहमान आने वाले है। जिनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएगा। राम मंदिर में आने वाले मेहमानों के लिए रहने की भी खास व्यवस्था की जाएगी। शहर के अधिकांश होटल और धर्मशाला के कमरे फुल हो गए हैं। 20 से 24 जनवरी यानी 5 दिन के लिए कमरे बुक हैं। होटल और धर्मशालाओं से जुड़े लोगों का कहना है कि अयोध्या में करीब 4000 कमरे बुक हो चुके हैं। मेहमानों को ठहराने के लिए कुंभ की तर्ज पर हाईटेक सुविधाओं से लैस टेंट सिटी का निर्माण हो रहा है।

# पीएम मोदी ने जो बाइडेन से करवाई नीतीश-हेमंत की मुलाकात



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जी-20 में आए मेहमानों के सम्मान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से दिए रात्रिभोज में विदेशी मेहमानों के अलावा कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी हिस्सा लिया। इसमें बिहार के सीएम नीतीश कुमार, झारखंड के हेमंत सोरेन और पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी समेत विपक्षी दलों के अनेक नेताओं ने भी इस भव्य कार्यक्रम में भाग लिया। रात्रिभोज के दौरान बिहार के सीएम नीतीश कुमार और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हुई। तत्पश्चात पीएम मोदी ने नीतीश और हेमंत की मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से करवाई। दोनों नेताओं का उनकोपरिचय दिया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी मौजूद रहीं। इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं, इनमें नीतीश कुमार, हेमंत सोरेन को बाइडेन से बातचीत करते देखा जा रहा है। रात्रिभोज में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, असम के सीएम हेमंत बिस्वा भी मौजूद थे। अन्य अतिथियों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल थे, जिन्हें तस्वीरों में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ भोजन करते देखा गया। कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू भी डिनर में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने पीएम मोदी से मुलाकात की।

वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्थान के अशोक गहलोत, ओडिशा के नवीन पटनायक और दिल्ली के अरविंद केजरीवाल विपक्षी दलों के उन नेताओं में शामिल थे, जो इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। भूपेश बघेल ने कहा था कि वो जी20 रात्रिभोज में शामिल नहीं होंगे क्योंकि जी20 शिखर सम्मेलन को लेकर दिल्ली में नो फ्लाइंग जोन रखा गया है। विमान लैंडिंग की अनुमति नहीं है। हालांकि, गृह मंत्रालय ने इस बयान को गलत बताया था। गृह मंत्रालय का कहना था कि राज्यों के मुख्यमंत्री और राज्यपालों के लिए यह प्रतिबंध लागू नहीं है। रात्रिभोज में गोल डिनर टेबल को देश की विभिन्न नदियों पर लेबल किया गया था। इनमें कृष्णा, यमुना, ब्रह्मपुत्र और गंगा शामिल थीं।

## एन चंद्रबाबू नायडू पर आरोप साबित हुए तो 10 साल की सजा पक्की

विजयवाड़ा । आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू पर यदि आरोप साबित हो गए तो फिर 10 साल के लिए जेल तो पक्की है। यह संकेत सीआईडी ने दिए है। गौरतलब है कि उन पर आंध्र प्रदेश कौशल विकास निगम में 371 करोड़ रुपये घोटाले का आरोप है। सीआईडी की जांच के मुताबिक 2015 में कौशल विकास निगम ने सीमेंस के साथ 3300 करोड़ रुपये का समझौता किया था। जिसके तहत लोगों को विभिन्न कौशल में प्रशिक्षित किया जाना था। इस राशि में से 10 फीसद राज्य सरकार को अपने हिस्से के रूप में दिया जाना था। हालांकि सीमेंस ने अपना 90 फीसद योगदान नहीं दिया और इसके बजाए सरकारी फंड का इस्तेमाल किया। सीआईडी ने आरोप लगाया है कि पैसे का एक हिस्सा शेल कंपनियों को भेजा गया था। सीआईडी ने रिमांड रिपोर्ट में आरोप लगाया कि घोटाले के अंतिम लाभार्थी तेलुगु देशम पार्टी, नायडू और तत्कालीन श्रम और कौशल विकास मंत्री के अच्चेन्नायडू हैं। नायडू की गिरफ्तारी से पहले और बाद में काफी ड्रामा हुआ, क्योंकि बड़ी संख्या में टीडीपी कार्यकर्ता नंदयाल और विजयवाड़ा में शिविर स्थल पर एकत्र हुए, जहां उन्हें अदालत में पेश करने के लिए लाया गया था। पार्टी कार्यकर्ताओं ने रास्ते में काफिले को रोकने का प्रयास भी किया। एसआईटी के प्रमुख, डीआइजी कोल्ली रघुराम रेड्डी के नेतृत्व में सीआइडी अधिकारियों की एक टीम नंदयाल में शिविर स्थल पर पहुंची, जहां नायडू ने बस में रात बिताई। सीआईडी के डिप्टी एसपी एम. धनुंजयुडु ने नायडू को नोटिस दिया, जिसमें आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी से संबंधित आईपीसी की विभिन्न धाराएं और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराएं शामिल हैं।

## मोदी सरकार के सिर चढ़कर बोल रहा अहंकार: प्रियंका

**-लोकतंत्र में जनता ही भगवान होती है, केन्द्र की सरकार में धनवानों की हो रही जयजयकार**

**-गहलोत बोले भाजपा लोकतंत्र का झूठा मुखौटा पहनकर में सत्ता आ गई**



**जयपुर (एजेंसी)।** कांग्रेस की महासचिव और पार्टी द्वारा चुनावी प्रचार कैम्पेन की नेत्री प्रियंका गांधी ने आज राजस्थान के टोंक निवाई के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में आयोजित सरकार द्वारा मोबाइल वितरण कैम्प में उमडी विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए अपनी ही कांग्रेस की गहलोत सरकार द्वारा चलाई गई निशुल्क चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुफ्त ईलाज योजना, इंदिरा गांधी रसोई में आठ रूपये में खाना, अन्नपूर्णा फूड पैकेट वितरण योजना, को सफल बताते हुए केन्द्र की मोदी सरकार पर सीधा निशाना साधा उन्होने कहा कि मोदी सरकार के आठ-नौ साल के शासन में देश और प्रदेशो में विपक्षी दलों की सरकारों को विभिन्न तरीको से गिराकर केन्द्र सरकार केवल सत्ता में बने रहने की वजह से अहंकारी हो गई है अहंकार इतना है कि उन्हें देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार दिखाई नहीं देता नतीजा यह है कि बल्कि इसके उलट अहंकार के वशीभूत अपने ही सत्ता में आने से पहले दिए जाने वाले रोजगार देगे, महंगाई कम करेंगे भ्रष्टाचार को खत्म करेंगे देश की एकता, अखण्डता को अक्षुण रखेंगे समाज के सभी तबको को अधिकार देंगे इसके लिए उन्होने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया जो आज झूठा साबित हो रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा नेताओं के सत्ता का घमंड आ गया है महंगाई की मार झेल रही जनता केन्द की सरकार को जनता की फि नहीं अशोक गहलोत सरकार ने सही मायने में जनता को गणेश मानते हुए और महंगाई से राहत देने के लिए पेट्रोल, गैस, सिलेंडर में 500 रूपये की छूट महंगाई राहत कैम्प लगाकर दी है तो इसमें भी केन्द्र सरकार की नियत में खोट नजर आ रहा है उन्होने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही सरकार की असली मालिक है जबकि मोदी सरकार देश के चुनिंदा उद्योगपतियों के लिए सरकार और संविधान में निहित जनता के सभी हको पर सत्ता के घमंड में चकनाचूर हको पर डाका डाल रहे है पुरानी पेंशन योजना का जिक्र करते हुए कहा कि कर्मचारियों का हक मारने की कोशिश में अग्निवीर योजना लेकर आये जबकि हिमाचल, राजस्थान, कर्नाटक में जहां कांग्रेस की सरकार बनी वहां जनहित की घोषणा पत्र के द्वारा जारी की गई उन सभी योजनाओं किसान का कर्ज माफ, ग्रहिणयों को मुफ्त चावल योजना लागू की गई वहीं राजस्थान में भी अशोक गहलोत अपनी सरकार का हर फैसला जनहितार्थ ले रहा है। प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीखी आलोचना करते हुए जनहितों को केन्द्र बिन्दु बनाया और कहा कि आज प्रधानमंत्री को केवल और केवल सत्ता में बने रहने के लिए संविधान की उपेक्षा और लोकंत्र का अपमान करने का मौका नहीं चूक रहे है लोकतंत्र में संघीय व्यवस्था सर्वोपरि है पर मोदीजी की शासन शैली से इस व्यवस्था हो रहा है। प्रियंका ने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार की विचारधारा को दो धुव्री बताते हुए कहा कि आज हिमाचल में प्राकृतिक आपदा में केन्द्र सरकार जितनी मदद की जरूर है उतनी नहीं दे रही है।

**भाजपा लोकतंत्र का झूठा मुखौटा पहनकर में सत्ता आ गई :-** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र की मोदी सरकार पर जमकर बोला कहा कि 9 साल पहले सत्ता में आने की गरज से लोकतंत्र की लाखों दुहाई दी और जनता को लाखों बार झूठ बोलकर सत्ता में आ गए और आज 9 साल बाद भी झूठ बोलने की आदत नहीं छोडी है। गहलोत ने कहा कि भय, भुख, भ्रष्टाचार सबका साथ सबका विकास का नाम लेकर केन्द्र पर राज करने वाली मोदी सरकार ने इसके ठीक उलट काम करना शुरू कर दिया है जिसके तहत विपक्ष को खत्म करने के लिए ईडी, इनकम टैक्स का सहारा ले रही है जबकि कांग्रेस की हमारी सरकार गुड गवर्नेस देकर जनता को सरकार का मालिक होने का असली हकदार मानकर योजनाओं को अमलीजामा पहना रही है। मैने प्रदेश को चहुमुंखी विकास के लिए मिशन 2030 लक्ष्य लेकर राय मांगी थी जिसमें 50 लाख लोगों ने अब तक अपनी राय दे दी है मै जब तक चैन से नहीं बैठूंगा जब तक राज्य में मिशन 2030 के परिणाम दिखाई देने लगे।

## धोती के साथ हब्लोट घड़ी पहनने वाला हर कोई समाजवादी नहीं

**-कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद ने सीएम सिद्धरमैया पर साधा निशाना**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद ने सीएम सिद्धरमैया पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि धोती के साथ हब्लोट घड़ी पहनने वाले कुछ लोग समाजवादी होने का दावा नहीं कर सकते और कोई देवराज उर्स (सामाजिक सुधारों के लिए जाने जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री) की कार में बैठकर उनकी तरह नहीं बन सकता। उनकी इस टिप्पणी को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर परोक्ष हमला माना जा रहा है। हालांकि हरिहप्रसाद ने अपने भाषण के दौरान किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके द्वारा दिए गए संदर्भों से स्पष्ट था कि उनके निशाने पर सिद्धरमैया थे। उन्होंने जी परमेश्वर (मौजूदा सरकार में गृहमंत्री) जैसे दलित नेता को मुख्यमंत्री पद के लिए और अनुसूचित जनजाति से आने वाले सतीश जारकीहोली जैसे नेता के नाम पर उपमुख्यमंत्री पद के लिए कांग्रेस द्वारा विचार नहीं किए जाने पर भी नाराजगी व्यक्त की। विधान पार्षद (एमएलसी) हरिप्रसाद के बारे में माना जाता है कि वह राज्य मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने से कुछ समय से नाराज हैं। वह 'समान विचारधारा वाले सबसे पिछड़े वर्गों जैसे - एडिगा, बिलावा, नामधारी और दीवारा जैसे अन्य समुदायों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

हरिप्रसाद के बयान पर प्रतिक्रिया देने को लेकर अनिच्छुक सिद्धरमैया ने धारवाड़ में संवाददाताओं से कहा कि क्या उन्होंने मेरा नाम लिया है? मैं सामान्य तौर पर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। सामाजिक सुधारों की वजह से प्रसिद्ध पूर्व मुख्यमंत्री देवराज उर्स का नाम पार्टी नेताओं द्वारा बार-बार लिए जाने पर किसी का नाम लिए बिना तंज कसते हुए हरिप्रसाद ने कहा कि उनके पोते को एमएलसी तक नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा कि देवराज उर्स की कार में बैठकर कोई देवराज उर्स नहीं बन सकता, उनकी सोच और उनकी विचारधाराओं को क्रियान्वित करने की दिशा में काम होना चाहिए।


## चीन का आरोप, जी20 में भारत ने की अपने एजेंडे को मनवाने की कोशिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक ओर जहां भारत की तारीफ हो रही है,वहीं दूसरी आरे चीन ने जी20 सम्मेलन को लेकर भारत पर अपना एजेंडा मनवाने का आरोप लगाया है। जानकार बता रहे हैं कि भारत का दम देखकर चीन एक बार फिर चिढ़ गया है। यहां तक कि शी जिनपिंग ने दिल्ली आने से इनकार भी कर दिया। अब कि जब पहले ही दिन भारत ने नई दिल्ली घोषणापत्र जारी कर दिया तो इससे दुनियाभर में देश की मजबूती खुलकर सामने आ गई। दूसरी ओर अफ्रीकी यूनियन को भी भारत के ही प्रयास से जी20 में जगह मिल गई जो कि चीन के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। इन्हीं बातों से चिढ़े चीन का कहना है कि जी20 में भारत अपना अजेंडा मनवाने और चीन को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है।

चीन ने कहा कि एक वैशिक प्लैटफॉर्म पर भारत अपना निजी फायदा तलाश रहा है। भारत जी20 को लेकर अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकामयाब है। वह जो भी कर रहा है उससे स्थितियां और खराब होने वाली हैं। भारत ने रणनीतिक और वैचारिक स्तर पर गड़बड़ी की है। इसके अलावा विवादित इलाके में बैठकें करके उसने लाइमलाइट लेने की कोशिश की है। बता दें कि श्रीनगर में जी20 की बैठक को लेकर चीन ने पहले भी आपत्ति की थी। हालांकि चीन की तरफ से जी20 सम्मेलन में ली कियांग शामिल हुए हैं। इस सम्मेलन में शी जिनपिंग के ना आने को लेकर भी प्रधानमंत्री मोदी ने सवाल उठाए थे।

बता दें कि भारत और चीन के बीच सीमा विवाद गलवान घाटी की घटना के बाद चरम पर है। भारत पहले भी कह चुका है कि सीमा पर स्थिति नाजुक और जोखिमभरी है। इसके अलावा भारत ने आर्थिक स्तर पर चीन की कमर तोड़ने में कसर नहीं छोड़ी है। जो बाइडेन ने भी चीनी राष्ट्रपति की गैरमौजूदगी पर निराशा जताई थी। चीन ने कहा कि भारत चीन की कर्ज जाल में फंसाने वाले देश की छवि बना रहा है। इसके अलावा भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों से करीबी बढ़ा रहा है। भारत के ये प्रयास दुनियाभर को मुसीबत में डालने वाले हैं।

## डीएमके का पलटवार, इंडिया का नाम बदलने की योजना में आरएसएस का हाथ



**चेन्नई (एजेंसी)।** डीएमके ने कहा है कि इंडिया का नाम बदलकर भारत करने के पीछे आरएसएस की महात्वाकांक्षा है। जब इंडिया के बजाए भारत लिखा तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन उस समय प्रतिक्रिया देने वाले पहले लोगों में से थे। उन्हें जब यह पता चला कि जी20 प्रतिनिधियों को दिया गया निमंत्रण पारंपरिक प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया के बजाय प्रेसीडेंट ऑफ भारत की ओर से था इसे केंद्र सरकार द्वारा देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत करने का कदम माना गया। स्टालिन ने कहा कि 2014 में सत्ता में आने के बाद से पिछले नौ वर्षों में, देश के प्रति नरेंद्र मोदी सरकार का एकमात्र योगदान शायद नाम को इंडिया से बदलकर भारत करने का विचार है। तमिलनाडु पर शासन कर रही डीएमके कई मुद्दों पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के साथ टकराव की स्थिति में है।

स्टालिन ने सोशल मीडिया पर यह भी कहा कि विपक्षी गुट ने अपने गठबंधन का नाम इंडिया रखा है और इस नाम ने भाजपा को परेशान कर दिया है, इसके कारण वह देश का नाम बदलने पर विचार कर रही है। डीएमके के उप महासचिव और थूथुकुडी से सांसद कनिमोझी करुणानिधि, जो मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन की बहन भी हैं ने कहा कि आरएसएस पूरे देश के लिए एजेंडा तय कर रहा है। गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के बजाय गवर्नमेंट ऑफ भारत का उपयोग अभूतपूर्व था और इस तरह के राजनीतिक कदम का कोई कारण नहीं था। ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार आरएसएस और उसके प्रमुख मोहन भागवत के कहे का पालन कर रही है और जी20 प्रतिनिधियों को निमंत्रण इसका स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि आरएसएस प्रमुख ने पहले कहा था कि इंडिया का नाम बदलना होगा और सरकार उसका अनुसरण कर रही है।

हालांकि डीएमके इंडिया से नाम बदलकर भारत करने के सरकार के कदम को भुनाने की कोशिश कर रही है और राज्य भर में जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। उसका कहना है कि बीजेपी आरएसएस के एजेंडे के मुताबिक आगे बढ़ रही है। कनिमोझी का यह बयान कि आरएसएस देश के लिए एजेंडा तय कर रहा है, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि डीएमके तमिलनाडु में अपने अभियान को कैसे आगे बढ़ाएगा। तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटें जीतने की उम्मीद करने वाली एक राजनीतिक पार्टी के रूप में, डीएमके केंद्र में भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रामक रूप से आगे बढ़ेगी। नाम बदलकर भारत करने का सरकार का कदम डीएमके के एजेंडे में होगा। वरिष्ठ नेताओं की प्रारंभिक प्रतिक्रियाओं से संकेत मिलता है कि पार्टी अपने प्रमुख बिंदुओं में से एक के रूप में नाम परिवर्तन में आरएसएस के कोण पर ध्यान केंद्रित करेगी।

# एमपी में शिवराज सिंह चौहान ने किया बड़ा ऐलान, 60प्र. से अधिक लाने वाले छात्रों को मिलेंगे 25 हजार रुपये

**ग्वालियर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को इस साल नवंबर में प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में जिताने की अपील करते हुए कहा कि उनकी सरकार फिर से आने पर वह अगले साल से 12वीं कक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को 25,000 रुपये देंगे। वर्तमान में 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रदेश के विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25,000-25,000 रुपये दिए जा रहे हैं।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि गांव और शहर के स्कूल में जो बच्चे प्रथम, द्वितीय, तृतीय रैंक लाएंगे उन्हें स्कूटी की जाएगी। यह ऐलान चौहान ने ग्वालियर में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' के लिए आयोजित कार्यक्रम में कही। चौहान ने कहा, ''अगले साल से हमारे बच्चे 12वीं में 60 प्रतिशत से अधिक नंबर लाएंगे तो मामा (शिवराज सिंह चौहान) 25,000 उनके खातों में डालेगा। गांव और शहर के स्कूल में जो बच्चे प्रथम, द्वितीय, तृतीय रैंक लाएंगे उन्हें मामा स्कूटी दिलाएगा।'' इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ग्वालियर में सांकेतिक बटन दबाकर1.31 करोड़ महिलाओं को 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' के अंतर्गत 1,269 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण भी किया।

इस योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को इस साल जून से प्रतिमाह 1,000 रुपये दिए जा रहे हैं। चौहान ने कहा, ''मेरी लाड़ली बहनो, आपके खातों में खुशियों की चौथी किस्त आज डाल दी है। ये यात्रा यहीं नहीं रुकेगी, अक्टूबर से मेरी सभी 1.31 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1,250 रुपये की राशि डाली जाएगी और धीरे-धीरे इसे बढ़ाकर 3,000 रूपये प्रतिमाह किया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि यह मेरा संकल्प है कि अपनी बहनों की आंखों में आंसू नहीं रहने दूंगा, आपके चेहरे पर मुस्कुराहट लाना ही मेरा लक्ष्य है। इसी ध्येय के साथ मैंने लाड़ली बहना योजना बनाई है। चौहान ने कहा, ''मेरी लाड़ली बहनो, तुम्हें कच्चे घरों में ना रहना पड़े, इसलिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना बना दी है। अब सभी लाड़ली बहनों के पक्के आवास बनाए जाएंगे।



# इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में फलस्तीनी किशोर को गोली मारी

यरूशलम । इजराइल के सुरक्षाबलों ने दक्षिणी वेस्ट बैंक में एक फलस्तीनी किशोर को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि यह वेस्ट बैंक में करीब दो दशक में इजराइल-फलस्तीन संघर्ष में हिंसा की ताजा घटना है। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मृतक की पहचान 16 वर्षीय मिलाद अल-राई के रूप में की है और कहा कि उसकी पीठ में गोलियां मारी गईं। मिलाद अल-राई की मौत से इस साल वेस्ट बैंक में अब तक इजराइल की गोलीबारी में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 185 हो गई है। मृतकों में 18 वर्ष तक की आयु के 30 किशोर शामिल हैं। इजराइली सेना ने कहा कि उसने दक्षिणी वेस्ट बैंक में अल-आरुब शरणार्थी शिविर के बाहर फलस्तीनियों के एक समूह पर आंसू गैस के गोले दागे और गोलियां चलाईं। उसने बताया कि फलस्तीनियों ने सैनिकों पर विस्फोटकों से हमला किया था। इजराइली सेना के मुताबिक, उसे एक फलस्तीनी को गोली मारे जाने की जानकारी है। उसने कहा कि इजराइली सैनिक भी हताहत हुए हैं। वेस्ट बैंक में इजराइली सेना की छापेमारी तेज होने के बाद से इजराइलियों के खिलाफ फलस्तीनियों के हमले बढ़ गए हैं। इस साल इजराइल के खिलाफ फलस्तीन के हमलों में 30 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।


# पाकिस्तान में आतंकवादियों से मुठभेड़ में एक सैनिक की मौत

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी में एक सैनिक की मौत हो गई। सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी है। पाकिस्तान की सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली इलाके में चलाये गए अभियान के दौरान यह घटना हुई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आतंकवाद के खात्मे के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि देश के सुरक्षा बल आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और सैनिकों के ऐसे बलिदान देश के संकल्प को और मजबूत करते हैं।

# शादी के तीन साल बाद पता चला भाई से हो गई शादी, सदमे में पत्नी

वॉशिंगटन । एक जोड़े को शादी के तीन साल बाद पता चला कि वो दोनों भाई-बहिन हैं। हालांकि उनकी जिंदगी आराम से गुजर रही थी, लेकिन इस राज के खुलते ही पत्नी सदमें आ गई है। अब लेकिन वह अपने पति को छोड़ने को तैयार नहीं है। जानकारी के मुताबिक यह कहानी उताह के रहने वाले टाइली और निक वॉटर्स की है, जो अपनी जि़ंदिगी से जुड़े हुए वीडियो अक्सर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते रहते हैं। उन्होंने इस बार अपने फैंस को जो बताया, उसे सुनकर हर कोई हैरान हो गया। कपल का कहना है कि उन्हें अपनी शादी के 3 साल बाद पता चला कि वो दरअसल आपस में भाई-बहन हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टाइली और निक वॉटर्स 3 साल से शादीशुदा हैं और उनकी लाइफ काफी अच्छी चल रही है। हालांकि उन्हें इसी बीच पता चला है कि वो दोनों आपस में कज़ंस हैं। अपने भाई-बहन होने की बात पर कपल का कहना है कि वे चाहते थे कि ये बात सच नहीं हो और ये एक मज़ाक हो लेकिन ऐसा नहीं है। पत्नी ने ये भी बताया कि सच जानकर भी वो अपने पति को सिर्फ इसलिए नहीं छोड़ेगी कि वो उसका भाई है। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को 5.7 मिलियन यानि 57 लाख लोग देख चुके हैं और उन्होंने हज़ारों कमेंट्स भी किए हैं। हालांकि डीएनए टेस्ट के बाद लोगों के सालों के रिश्ते का डरावना सच सामने आते सुना और पढ़ा है, ले?किन टाइली और निक ने ये नहीं बताया है कि उन्हें ये सच कैसे पता चला। लेकिन लोगों ने इस पर अपनी भरपूर प्रतिक्रिया दी है। कुछ लोगों ने कहा है कि ये सिर्फ पब्लिसिटी स्टंट है तो कई लोगों ने अपनी कहानियां भी बताईं और कहा कि वे भी ऐसी सच्चाई से दो-चार हो चुके हैं।

# डोनाल्ड ट्रंप को वोट डालने और चुनाव लड़ने से रोकने दायर किया मुकदमा



वॉशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चुनाव लड़ने व वोट डालने से रोकने के लिए मुकदमा दायर किया है। इस तरह से ट्रंप की मुश्किलें अब बढ़ती ही जा रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार डोनाल्ड ट्रंप को 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में प्रत्याशी बनने और मतदान करने से रोकने के लिए अमेरिका के कोलोराडो में सिटीजंस फॉर रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड एथिक्स द्वारा मुकदमा दायर किया गया है। डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने संवैधानिक पद पर रहकर अपनी शपथ का उल्लंघन किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका के संविधान में 14वें संशोधन की धारा 3, किसी को भी सार्वजनिक पद संभालने से रोकती है जो संविधान का बचाव करने की प्रतिज्ञा करने के बाद किसी विद्रोह में शामिल होते हैं। मुकदमे में कहा गया है कि डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्जिया 2020 के चुनाव में धांधली करने की कोशिश की। ट्रंप के प्रयास ने 6 जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल में हिंसा तक करवा दी। डेमोक्रेट जो बाइडन द्वारा जीते गए नवंबर 2020 के चुनाव के परिणामों को पलटने की साजिश रचने के आरोप में 77 वर्षीय ट्रंप पर मार्च में वॉशिंगटन में मुकदमा चलाया गया। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक हालिया पोस्ट में, उन्हें राष्ट्रपति पद के चुनाव से हटाने के प्रयासों पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके पास 'कोई कानूनी आधार नहीं है।' उन्होंने कहा, 'कट्टरपंथी वामपंथी कम्युनिस्टों, मार्क्सवादियों और फासीवादियों द्वारा फिर से चुनाव पर कब्जा करने के लिए इस्तेमाल की जा रही एक और 'चाल' है।' 25 अगस्त को डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्जिया चुनाव धोखाधड़ी मामले में सरेंडर किया था। यह मामला फुल्टन काउंटी जेल में चला।

# अफगानिस्तान में बेहद तेजी से बढ़ रहा मेथामफेटामाइन का उत्पादन : संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी

इस्लामाबाद। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी की एक रिपोर्ट में रविवार को दावा किया गया है कि दुनिया में मेथामफेटामाइन का उत्पादन सबसे तेजी से अफगानिस्तान में बढ़ रहा है। तालिबान द्वारा अगस्त 2021 में सत्ता पर फिर से काबिज होने के बाद नशीले पदार्थों के खिलाफ जंग छेड़ने की बात कहे जाने के बावजूद अफगानिस्तान प्रमुख अफ़ीम उत्पादक देश और हेरोइन का बड़ा स्रोत है। संयुक्त राष्ट्र के ड्रग्स और अपराध कार्यालय की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान में मेथ (मेथामफेटामाइन) का उत्पादन मुख्य रूप से गैरकानूनी रूप से उपलब्ध पदार्थों से होता है या उसे जंगली पौधे 'एफेड्रा' से निकाला जाता है। रिपोर्ट में अफ़गानिस्तान में मेथ के बढ़ते उत्पादन को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए एक बढ़ता खतरा बताया गया है क्योंकि यह सिंथेटिक ड्रग्स (मादक पदार्थ) बाजार को प्रभावित करेगी और लोगों में नशे की लत का खतरा बढ़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफ़गानिस्तान में उत्पादित मेथ अब कथित तौर पर यूरोपीय संघ और पूर्वी अफ्रीका से भी बरामद हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफ़गानिस्तान में वार्षिक मेथ जब्ती2019 के 100 किलोग्राम से बढ़कर 2021 में लगभग 2,700 किलोग्राम पर पहुंच गयी है जो मादक पदार्थ के उत्पादन में वृद्धि का संकेत देता है। लेकिन रिपोर्ट में अफगानिस्तान में मेथ आपूर्ति, उत्पादन, घरेलू स्तर पर उसका उपयोग, कीमत आदि की जानकारी नहीं दी गई है क्योंकि इससे जुड़े आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। यूएनओडीसी की 'रिसर्च एंड ट्रेंड एनालिसिस' शाखा की प्रमुख एंजेला मे ने 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को बताया कि अफगानिस्तान में मेथ का उत्पादन हेरोइन या कोकीन उत्पादन की तुलना में काफी फायदेमंद है। मे ने कहा, ''आपको किसी चीज़ (फसल) के बढ़ने का इंतज़ार करने की ज़रूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''आपको ज़मीन की ज़रूरत नहीं है। आपको बस ड्रग्स बनाने वाले चाहिए और तरीका पता होना चाहिए। मेथ उत्पादन वाली प्रयोगशालाएं सचल हैं और नजरों से छुपी हुई हैं।



यूनान में डेनियल तूफान के कारण समूचे इलाके में बाढ़ आ गयी।

# भूकंप के बाद मोरक्को में तीन दिन का राष्ट्रीय शोक, फिर झटके आने की आशंका

रबात । उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को में 9 सितंबर की रात आए शक्तिशाली भूकंप से अब तक 2,012 लोगों की मौत हो गई है और मलबे में दबे लोगों को निकालने का काम अभी भी जारी है। इससे ऐतिहासिक इमारतों को भी भारी नुकसान पहुंचा है और सड़कों पर शव पड़े हुए नजर आ रहे है। यहां पर ?फिर से भूकंप आने के डर से अधिकतर लोगों ने सड़कों पर ही रात बिताई। भीषण भूकंप के बाद मोरक्को में तीन दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की। इस विनाशकारी भूकंप से यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। लाल दिवारें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों में मलबे के पहाड़ और धूल के बादल दिखाई दे रहे हैं। सेना के एक बयान के अनुसार, मोरक्को के राजा मोहम्मद ने सशस्त्र बलों को विशेष खोज और बचाव दल और एक सर्जिकल फील्ड अस्पताल तैनात करने का निर्देश दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट के हवाले से फ्रांसीसी विशेषज्ञ ने चेतावनी दी है कि मोरक्को में फिर से झटकों की उम्मीद की जा सकती है। विशेष रूप से मोरक्को में मोंटपेलियर विश्वविद्यालय में सक्रिय टेक्टोनिक्स के विशेषज्ञ फिलिप वर्नांट ने विनाशकारी भूकंप पर कहा ?कि भले ही दोबारा आने वाले झटके कम महसूस किए जाए, लेकिन यह पहले से ही कमजोर हो चुकी इमारतों के ढहने का कारण बन सकते हैं।

# अमेरिका की मेजबानी में संपन्न होगा 2026 का जी-20 शिखर सम्मेलन

## -महत्वपूर्ण राजनयिक मुद्दों का समाधान निकालने में बैठक की रही अहम भूमिका

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने कहा है कि वह 2026 जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि महत्वपूर्ण राजनयिक मुद्दों का समाधान निकालने में इस बैठक की अहम भूमिका रही है। विदेश में हमारे संबन्धों को और बेहतर बनाने में इस तरह के सम्मेलन कारगर हैं। व्हाइट हाउस ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन सबसे गंभीर मुद्दों का समाधान प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। दिल्ली घोषणा के तुरंत बाद आए व्हाइट हाउस के एक बयान में कहा गया कि ऐसे क्षण में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था जलवायु संकट, नाजुकता और संघर्ष के एक साथ आने वाले झटकों से पीड़ित है, इसमें यूक्रेन में रूस के युद्ध से उत्पन्न भारी पीड़ा भी शामिल है, इस साल के नई दिल्ली शिखर सम्मेलन ने साबित कर दिया कि जी20 अभी भी हमारे सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान निकाल सकता है। दिल्ली में जी 20 शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति बाइडेन ने दुनिया में अमेरिका की नेतृत्वकारी भूमिका को बहाल करने, विदेश में हमारे संबंधों को फिर से बनाने और स्थायी परिणाम देने के लिए पद ग्रहण करते समय की गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करना जारी रखा है।




अमेरिका ने कहा कि वह भारत की जी20 प्रेसीडेंसी में हुई प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिका समता और न्याय पर आधारित वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था के लिए जी20 पहल के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दिखाने के लिए 2026 में जी20 की मेजबानी करेगा। अमेरिका भी जी20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ का समर्थन करने और अब उसका स्वागत करने से प्रसन्न है, जो जी20 की जीवन शक्ति और वैश्विक अर्थव्यवस्था में अफ्रीका की महत्वपूर्ण भूमिका दोनों का प्रतिबिंब है। दिल्ली में, बाइडेन और अन्य जी20 नेताओं ने सतत विकास लक्ष्यों में तेजी लाने के लिए जी20 2023 कार्य योजना को लागू करने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

जी20 में उन्होंने कम और मध्यम आय वाले देशों का समर्थन करने के लिए विश्व बैंक की क्षमता को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक रूप से अधिक हेडरूम और रियायती वित्त जुटाने के लिए जी20 भागीदारों को एकजुट किया। व्हाइट हाउस के बयान में कहा गया है कि यह पहल बैंक को एक बेहतर और बड़ा संस्थान बनाएगी जो वैश्विक चुनौतियों से निपटने और सबसे गरीब देशों की तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक पैमाने और गति पर संसाधन उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। जी20 नेताओं ने घाना और श्रीलंका जैसे देशों के ऋण संकट के मामलों को हल करने के लिए प्रयासों को दोगुना करने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

बाइडेन ने स्पष्ट किया कि अमेरिका अक्टूबर में विश्व बैंक और आईएमएफ की वार्षिक बैठक से सार्थक प्रगति की उम्मीद करता है। बाइडेन ने नेताओं से आग्रह किया कि वे गैर-टिकाऊ ऋण को परिवर्तनकारी निवेश में बदलने में सक्षम बनाने के लिए नए समाधानों के बारे में सोचें। उन्होंने निजी क्षेत्र और बहुपक्षीय विकास बैंकों सहित सभी लेनदारों पर अपने ऋण देने में जलवायु-लचीला ऋण खंड पेश करने के लिए दबाव डाला। अमेरिकी निर्यात-आयात बैंक अपने शासन ढांचे के अनुरूप, चुनिंदा द्विपक्षीय ऋण देने में ऐसा करने की तैयारी कर रहा है।

# किसी भी उम्मीदवार को नहीं मिले 50 प्रतिशत से अधिक वोट

## -मालदीव में राष्ट्रपति पद के लिए फिर से हो सकते हैं दूसरे दौर के चुनाव

**माले (एजेंसी)।** मालदीव में राष्ट्रपति पद के लिए फिर से चुनाव हो सकते हैं। क्योंकि यहां अभी हुए चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिल पाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार चुनाव में आठों उम्मीदवारों में से किसी को भी स्पष्ट तौर पर जीत के लिए जरूरी 50 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिले हैं। इसलिए दूसरे चरण के चुनाव होने के आसार हैं। स्थानीय मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि राष्ट्रपति पद के लिए आठ उम्मीदवार मैदान में हैं। इसमें मुख्य मुकाबला वर्तमान राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह और उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद मुइज़ के बीच है। सोलिह को भारत समर्थक माना जाता है। विपक्षी उम्मीदवार मुइज़ को चुनाव में 46 प्रतिशत से अधिक मत मिले हैं, वहीं निवर्तमान राष्ट्रपति सोलिह को 39 फीसदी वोट हासिल हुए हैं। यह चुनाव एक तरह से इस बात का जनमत संग्रह भी है कि हिंद महासागर के इस द्वीपीय देश पर भारत या चीन में से किस क्षेत्रीय शक्ति का अधिक प्रभाव होगा।

दूसरे चरण के चुनाव अनिवार्य होने जैसे हालात में चुनाव इस माह के अंत तक कराए जाएंगे। सोलिह दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुनाव मैदान में हैं और मुइज के इन आरोपों से जूझ रहे हैं कि उन्होंने भारत को देश में अनियंत्रित मौजूदगी की अनुमति दी है। मुइज़ ने वादा किया है कि अगर वह चुनाव जीत जाते हैं, तो मालदीव में मौजूद भारतीय सैनिकों को वापस भेजेंगे और देश के कारोबारी संबंधों को संतुलित करेंगे। उनका कहना है कि वर्तमान में कारोबारी संबंध भारत के पक्ष में हैं। मुइज़ की पार्टी 'पीपुल्स नेशनल कांग्रेस' को चीन समर्थक माना जाता है।

उन्होंने कहा कि ये सैन्यकर्मी देश के कुछ हिस्सों और हवाईअड्डों का विशेष इस्तेमाल करते हैं। सोलिह को आठ उम्मीदवारों में सबसे आगे माना जा रहा था, क्योंकि उनके सबसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी यामीन पर देश के उच्चतम न्यायालय ने चुनाव लड़ने से रोक लगा दी थी और वह भ्रष्टाचार तथा धनशोधन के आरोप को लेकर जेल में हैं। राष्ट्रपति चुनाव में 2,82,000 से अधिक लोग मतदान करने के लिए पात्र हैं। किसी भी उम्मीदवार को जीत के लिए 50 प्रतिशत से एक वोट अधिक प्राप्त करने की आवश्यकता होती है।

# ट्वीट अब पोस्ट और रीट्वीट का नाम रीपोस्ट होगा

## - 29 सितंबर से होगा प्रभावी होगा यह बदलाव

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स ने अपनी नई सर्विस में पहले ट्वीट का नाम बदलकर पोस्ट और रीट्वीट का नाम रीपोस्ट कर दिया है। यह बदलाव 29 सितंबर से प्रभावी हो जाएगा। अन्य उल्लेखनीय परिवर्तनों में ट्विटर को पूरी तरह से हटाना और एक्स द्वारा प्रतिस्थापित करना शामिल है। साथ ही, सर्विस की नई शर्त कहती है कि कानून द्वारा अनुमति सीमा तक एक्स का उपयोग कर आप किसी कथित वर्ग कार्रवाई, सामूहिक कार्रवाई या प्रतिनिधि कार्रवाई में वादी या वर्ग सदस्य के रूप में भाग लेने का अधिकार भी छोड़ देते हैं। नई एक्स पॉलिसी 29 सितंबर से लागू होगी। हमारी पूर्व लिखित सहमति के बिना किसी भी उद्देश्य के लिए किसी भी रूप में सेवाओं को क्रॉल करना या स्क्रैप करना स्पष्ट रूप से निषिद्ध है। इससे पहले, यह लिखा गया था कि यदि रोबोट डॉट टेक्स्ट फाइल के प्रावधानों के अनुसार सेवाओं को क्रॉल करना स्वीकार्य है, हालांकि, हमारी पूर्व सहमति के बिना सेवाओं को स्क्रैप करना स्पष्ट रूप से निषिद्ध है। एक्स कॉर्प अब यूजर्स से उनके बायोमेट्रिक डेटा और रोजगार इतिहास को एकत्र करना शुरू करने की अनुमति भी मांगेगा। सोशल मीडिया नेटवर्क ने बायोमेट्रिक जानकारी और रोजगार इतिहास को शामिल करने के लिए अपनी गोपनीयता नीति को अपडेट किया है। एक्स ने कहा कि यह आपके लिए संभावित नौकरियों की सिफारिश करने, नौकरी के लिए आवेदन करते समय संभावित नियोक्ताओं के साथ साझा करने, नियोक्ताओं को संभावित उम्मीदवारों को ढूंढने में सक्षम बनाने और आपको अधिक प्रासंगिक विज्ञापन दिखाने के लिए व्यक्तिगत जानकारी एकत्र और उपयोग कर सकता है।

# जी-20 घोषणा पत्र पर बनी सहमति से दुनियाभर का मीडिया हैरान

## -रूस ही नहीं, अमेरिका सहित अन्य देशों को भी भारत ने एक मंच पर बैठाया

**मॉस्को (एजेंसी)।** भारत ने रूस ही नहीं बल्कि अमेरिका सहित अन्य देशों को भी एक मंच पर लाकर बैठाया है। शिखर सम्मेलन के घोषणा पत्र पर बनी सहमति से जी-20 अध्यक्षता के दौरान भारत ने सबसे बड़ी चुनौती को पार कर लिया है। इससे दु?नया भर का मीडिया भी हैरान है। हालांकि यूक्रेन युद्ध के कारण माना जा रहा था कि संयुक्त विज्ञप्ति पर सहमति नहीं बन पाएगी। आखिरकार सदस्य देशों ने इस पर सहमति जताई है। अमेरिका समेत पश्चिमी देश चाहते थे कि इसमें रूस की निंदा से जुड़ा पैराग्राफ भी शामिल किया जाए। इसका रूस और चीन विरोध कर रहे थे। इसके कारण माना जा रहा था कि जी-20 के इतिहास में पहली बार संयुक्त विज्ञप्ति पर सहमति नहीं बन पाएगी। भारत की अध्यक्षता में अगर ऐसा हो जाता तो यह एक बड़ी डिप्लोमैटिक हार होती। लेकिन भारत अमेरिका और रूस दोनों को एक साथ लाने में कामयाब रहा। इस डॉक्यूमेंट में रूस-यूक्रेन युद्ध का कोई खास जिक्र नहीं किया गया है। यूक्रेन जहां इससे खुश नहीं है तो रूस ने इसे संतुलित बयान बताया है। अमेरिकी मीडिया ने लिखा कि जी-20 के डॉक्यूमेंट में रूस-यूक्रेन युद्ध का जिक्र सॉफ्ट भाषा में किया गया। इस पूरे डॉक्यूमेंट में कहीं भी रूस को हमला करने वाला नहीं कहा गया है।

गौरतलीब यह है कि पश्चिमी देश भी इस पर सहमत हो गए जो पूरी दुनिया के लिए हैरानी वाली बात है। यह भारत के डिप्लोमेसी की कामयाबी और रूस के लिए बड़ी जीत के तौर पर देखा जा रहा है। दुनिया भर की मीडिया ने इस खबर को प्रमुखता से लिया है। मीडिया ने खबर में लिखा, जी 20 ने यूक्रेन युद्ध पर अफसोस जताया लेकिन रूस पर आरोप लगाने से परहेज किया। इसके अलावा खबर में यूक्रेन का पक्ष भी लिखा गया है। यूक्रेन ने कहा कि इसमें कुछ भी गर्व करने वाला नहीं है। ऐसा लगता है जैसे दिल्ली की घोषणा पश्चिम और रूस दोनों को सकारात्मकता खोजने की अनुमति देने के लिए डिजाइन की गई है। रूस की निंदा के लिए बाली में हुए समिट जैसी सख्त भाषा का इस्तेमाल नहीं किया गया।

एक अखबार ने अपनी खबर में लिखा कि जी-20 के नेता संयुक्त विज्ञप्ति पर सहमत हुए, लेकिन रूस और यूक्रेन युद्ध पर सॉफ्ट भाषा का इस्तेमाल किया। अखबार ने लिखा कि रूस यूक्रेन युद्ध के कारण जी-20 में मतभेद दिख रहे थे, लेकिन पहले ही दिन इस घोषणा पत्र पर सहमति बन गई। अल हर किसी के मन में यह सवाल था कि क्या भारत जी-20 अध्यक्ष के रूप में पश्चिमी देशों और रूस के बीच मतभेदों को देखते हुए एक आम सहमति दस्तावेज लाने में कामयाब होगा। लेकिन एक बड़ी कूटनीतिक सफलता में भारतीय पीएम ने शनिवार को घोषणा करते हुए बताया कि सभी नेता एक संयुक्त घोषणा पर सहमत हुए हैं।

# मोरक्को में भूकंप से मरने वाले लोगों की संख्या पहुंची 2000 के ऊपर

## -पीएम मोदी ने व्यक्त की संवेदना, हरसंभव सहायता देने का दिलाया भरोसा

**रबात(एजेंसी)।** मोरक्को में आए भूकंप से मरने वालों की संख्या 2000 के ऊपर पहुंच गई है। यह भूकंप 8 सितंबर की रात को 6.8 तीव्रता के साथ आया था, जिसने इस अफ्रीकी देश में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा के बाद मौतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इधर पीएम नरेन्द्र मोदी ने मरने वालों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया है। भूकंप से अब तक 2000 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। बतादें कि भूकंप आने के 48 घंटे बाद भी राहत एवं बचाव कार्य जारी है। अभी इसमें मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। भीषण त्रासदी के बाद हजारों घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सैकड़ों इमारतों के जमींदोज होने के कारण हजारों लोग बेघर हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार मोरक्को में 3 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। मोरक्कन सेना के एक बयान के अनुसार, वहां के किंग मोहम्मद ने सशस्त्र बलों को स्पेशल सर्च एंड रेस्क्यू टीम और एक सर्जिकल फील्ड हॉस्पिटल तैनात करने का निर्देश दिया है। बता दें कि मोरक्को के हाई एटलस पर्वतों को हिलाने वाले भूकंप के तेज झटकों के कारण केंद्र के निकटतम शहर मराकेश में कई ऐतिहासिक संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं। लेकिन अधिकांश मौतें अल-हौज और तरौदंत प्रांतों के दक्षिण में पहाड़ी क्षेत्रों में दर्ज की गई हैं।

इस बीच, खोज एवं बचाव दल मलबा हटाने और सड़कें साफ करने में जुटा है। भूकंप की गहराई 1805 किमी मापी गई है। दक्षिण में सिदी इफनी से लेकर उत्तर में रबात और उससे भी आगे तक तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र एक प्रमुख आर्थिक केंद्र शहर मराकेश से 72 किलोमीटर पश्चिम में था। तुर्किये आपदा और आपातकालीन प्रबंधन विभाग का कहना है कि उसने मोरक्को से इमरजेंसी अलर्ट मिलने की स्थिति में चिकित्सा, राहत, खोज और बचाव एजेंसियों के 265 सदस्यों को अलर्ट पर रखा है। रबात में अधिकारियों की मांग पर मोरक्को ले जाने के लिए एक हजार तंबू आवंटित किए गए हैं।

### मोदी ने जानमाल के नुकसान पर जताया दुख

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोरक्को में आए तीव्र भूकंप के कारण हुए जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया था। उन्होंने एक्स पर लिखा था 'मोरक्को में भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान से बेहद दुखी हूं। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं मोरक्को के लोगों के साथ हैं। उन लोगों के प्रति संवेदना जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। भारत इस कठिन समय में मोरक्को को हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है।'

### जारी किया हेल्पलाइन नंबर

भारत ने मोरक्को में अपने नागरिकों को सहायता देने के लिए भारतीय दूतावास द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर जारी किय है। इस पर फोन कर भारतीयों से किसी भी प्रकार की सहायता के लिए संपर्क करने को कहा है। दूतावास ने शनिवार को एक्स पर एक संदेश पोस्ट किया, मोरक्को में हाल ही में आए भूकंप के मद्देनजर, मोरक्को में भारतीय नागरिक किसी भी सहायता के लिए भारतीय दूतावास के हेल्पलाइन नंबर +212661297491 पर संपर्क कर सकते हैं। इस तरह से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तरी अफ्रीकी राष्ट्र को सहायता की पेशकश की।



### अन्य देश भी मदद को आगे आए

संकट की इस घड़ी में अरब लीग ने भूकंप के तुरंत बाद मोरक्को के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। अरब लीग ने कहा कि उम्मीद है कि देश जल्द ही संकट से उबर जाएगा। वहीं इज़राइल, जिसने 2020 में मोरक्को के साथ संबंधों को सामान्य किया, ने भी उत्तरी अफ्रीकी साम्राज्य के प्रति अपनी संवेदना और सहायता की पेशकश की। इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने अपने मोरक्को समकक्ष के साथ फोन पर बात कर भूकंप प्रभावित देश को जितनी जरूरत हो सहायता करने की इजरायल की इच्छा व्यक्त की। तुर्किये ने भी कहा कि वह घावों को भरने के लिए हर तरह की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। वहीं जिन अन्य देशों ने सहायता की पेशकश की है उनमें ईरान, मिस्र, फ्रांस, जर्मनी, अमेरिका, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिस्तीन, सऊदी अरब, जॉर्डन, ट्यूनीशिया और अल्जीरिया शामिल हैं।

THE PHOTON NEWS





# मैं कट्टर हरियाणवी जाट परिवार से हूं, जहां ऐक्टिंग के लिए साफ मना है

**टीवी शो बढ़ो बहू, गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा, फियर फैक्टर 6 और वेब सीरीज रूहानियत में नजर आ चुकीं ऐक्ट्रेस कनिका मान अब अपनी फिल्म रक्षक को लेकर खूब चर्चा में हैं। हाल ही में कनिका ने करियर और फिल्म को लेकर बातें की।**

**कनिका आप जिस परिवेश से आती हैं, आपके लिए ऐक्टिंग की फील्ड में आना कितना चुनौती भरा सफर था?**

मुझे लगता है कि जिनके परिवार में कोई फिल्म इंडस्ट्री से नहीं होता उनकी इस इंडस्ट्री में एंट्री किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं होती है। जो पहली बार आता है उसके सामने उतार-चढ़ाव होते ही हैं। मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ, या ये कहें कि मेरे साथ कुछ ज्यादा ही हुआ क्योंकि मेरा परिवार थोड़ा रिजर्व नेचर का रहा है। मैं एक कट्टर हरियाणवी जाट परिवार से आती हूं, जो पानीपत में रहता है। इसलिए मेरे यहां तो ऐक्टिंग में आने के लिए बिलकुल ना ही था। हमारे परिवार में ऐसा था कि अगर घर पर कोई इस बारे में बोल दे तो तुरंत मना हो जाए।

**जब आपने पहली बार शूट किया और वो वीडियो परिवार ने देखा तो उस दिन क्या हुआ, उस किस्से के बारे में बताएं?**

मैंने पहला जब म्यूजिक वीडियो किया था तब मैं अपने घर में झूठ बोलकर गई थी। मैंने बोला था कि शिमला ट्रिप पर जा रही हूं जबकि मैं पांडिचेरी में वीडियो शूट कर रही थी। मैंने बताया नहीं था और एक दिन मेरे पापा टीवी देख रहे थे तब उन्हें वो वीडियो दिखाई दिया तो वो बोले ये तो हमारी कन्नू (कनिका) है, सब ये ही बोलने लगे अरे नहीं कन्नू नहीं हो सकती। जब पता चला कि मैं ही हूं तो खूब बवाल मचा और फिर काफी समय तक वो बवाल चलता रहा।

**आपने जैसे बताया कि आपकी रिजर्व फैमिली है तो अब आपकी सफलता देखकर परिवार की तरफ से कैसे रिएक्शन होता है? आपसे परिवार में जो उम्र में छोटे हैं वो क्या कहते हैं?**

अब तो कुछ रिश्तेदारों के फोन आते हैं कि हमारे बेटे को भी देख लो। कभी-कभी कुछ चाची मामियों के फोन भी आते हैं कि हमारे लिए भी देख लो कोई दादी-मामी वाला रोल मिल जाए। ये वाले कॉल्स तो अक्सर आते हैं। कुछ लोग स्ट्रगल को देखकर घबरा जाते हैं। सब कैमरे पर हैपी-हैपी दिखता है लेकिन पीछे बहुत सी कठिनाइयों के बीच कड़ी मेहनत भी होती है। कई बार आप रिजेक्ट हो रहे होते हैं, कई बार 16-16 घंटे आपको काम करना होता है। टीवी शो होते हैं तो आपको 30 दिनों तक सिर्फ काम ही करना होता है, कोई छुट्टी नहीं मिलती है। कई रिश्तेदार ये देखकर बोलते हैं कि हमसे ये नहीं हो पाएगा। लेकिन जब आपकी मेहनत और सफलता को लोग देखते हैं तो सबको खुशी होती है।

**आप जब कभी घर जाते हो तो आपकी आसपास की सोसायटी वालों का क्या रिएक्शन होता है?**


मैं अब घर कम ही जा पाती हूं। मेरे आने से पहले ही सारे रिश्तेदार वगैरह घर पहुंच जाते हैं। मैं घर कम जाती पाती हूं तो लगता है कि अब अपने परिवार को टाइम ही नहीं दे पा रही हूं। जब घर में होती हूं तो लगता है कि रिश्तेदारों में ही लगी रहती हूं। मैं उनको मिलने के लिए बुला लेती हूं।

**लेकिन ऐक्टिंग में अगर आप कामयाब नहीं होतीं तो उसके लिए कोई बी प्लान था आपका?**

बिलकुल मेरा भी बी प्लान था। मेरे घरवाले आज इसलिए सपोर्ट कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने उससे पहले मेरे लिए जो प्लान बनाया था मैंने वो भी पूरा किया। वो मुझे जज बनते देखना चाहते थे, इसलिए मैंने अपनी लॉ की पढ़ाई पूरी की। अपने शो के दौरान मैंने अपनी मास्टर की डिग्री भी पूरी कर ली। उनको लगा कि ये शो के साथ-साथ अपनी स्टडी भी पूरी कर रही है तो ओके हैं। आप कह सकते हैं कि परिवार ने वो बी प्लान खुद ही जबरदस्ती पूरा करा दिया था। इसलिए वो आज मेरा सपोर्ट कर रहे हैं क्योंकि मैंने उनके प्लान को कभी ना नहीं कहा। ये बहुत मुश्किल था मेरे लिए, क्योंकि मैं सुबह 7 बजे से 2 बजे तक शूट करती थी। फिर उसी दिन एयरपोर्ट पहुंच कर फ्लाइट पकड़ती थी और अपनी परीक्षा देती थी। फिर फ्लाइट पकड़कर अगले दिन मुम्बई आकर नाइट शिफ्ट में काम करती थी, तो ये काफी मुश्किल होता था। लेकिन मैंने कर लिया।

**कनिका आपका क्या रोल है?**

मैं माला का किरदार अदा कर रही हूं। माला लेफ्टिनेंट त्रिवेणी सिंह की मंगेतर है। उनकी शादी होने वाली है। वो काफी पारिवारिक और घरेलू सी लड़की है। वो प्यार में है और वो सोचती है कि उसकी शादी होगी। वो काफी सुलझी और प्यारी लड़की है, क्योंकि आप एक असल इंसान के रोल को प्ले कर रहे होते हैं।



# यश की अगली फिल्म ड्रग्स सिंडिकेट पर बेस्ड

कन्नड़ फिल्मों से भारतीय फिल्म इंडस्ट्री को यश के रूप में पैन इंडियन स्टार मिला है। इस फिल्म के दूसरे पार्ट की भी ताबड़तोड़ सफलता के बाद उनके चाहने वालों से लेकर ट्रेड गलियारा तक बेसब्र इंतजार रहा है कि यश की अगली फिल्म कौन सी होगी। इसके मद्देनजर खास जानकारी हासिल हुई है। वो ये कि यश का अगला प्रोजेक्ट गोवा के बैकग्राउंड पर बेस्ड होगा। केजीएफ की तरह ही वो भी पीरियड क्राइम ड्रामा होगी। 60 के दशक में गोवा में जो रशियन और ड्रग्स माफिया की घुसपैठ थी, वो दिखाया जाएगा। वहां यश का किरदार किस तरह रशियन आधिपत्य को चुनौती प्रदान करता है, कहानी इसी बारे में होगी।

## यश को पसंद आया फिल्म का प्लॉट

यश के करीबी सूत्रों ने बताया, 'इस फिल्म के डायरेक्टर चत्रस्र की तरह प्रशांत नील नहीं होंगे। उनके बजाय मलयाली फिल्मों से डायरेक्टर को फाइनल किया गया है। उनका नाम लता मेनन है। वे नामचीन फिल्मकार और सिनेमैटोग्राफर राजीव मेनन की पत्नी हैं। गोवा के ड्रग्स माफिया को साउथ में भी कम एक्सप्लोर किया गया है। साथ ही वहां के रशियन माफिया की वहां के राजनीतिक रिश्तों को भी कम उजागर किया जाता रहा है। ऐसे में सब्जेक्ट के तौर पर वो प्लॉट यश को बेहद पसंद आया। उसे वे बड़ी गंभीरता से शुरू करने पर विचार कर रहें हैं।'

## 100 करोड़ रहेगा फिल्म का बजट

यह भी फिल्म एक्शन थ्रिलर होगी। सोर्सेज ने कहा- इस फिल्म में यश खुद भी एक प्रोड्यूसर के तौर पर हैं। उसे भी 100 करोड़ से ऊपर के बजट पर माउंट किया जा रहा है। यश को फिल्म का प्लॉट इतना पसंद आया है कि वो बाकी प्रोजेक्ट्स को साइडलाइन कर फिलहाल अपना पूरा ध्यान इसी पर लगा रहें हैं। ड्रग्स और रशियन माफिया के साथ साथ वहां जो तब हिप्पी कल्चर की आबोहवा थी, वह सब यहां दिखाया जाएगा।'



# अक्षय की स्काईफोर्स के लिए विलेन बने हैं शरद केलकर

अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म स्काईफोर्स की शूटिंग में जुट गए हैं। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 में हुई जंग के बैकग्राउंड पर बेस्ड है। फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया कि फिल्म में अक्षय कुमार के साथ सारा अली खान, निम्रत कौर और वीर पहाड़िया महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंग। वीर को लेकर चर्चा है कि वो कभी सारा के बॉयफ्रेंड रह चुके हैं। दोनों पहली बार स्क्रीन शेयर करेंगे और ज्यादा उम्मीद है कि फिल्म में उन दोनों का रोमांटिक एंगल है। निम्रत और सारा टीम को लखनऊ शेड्यूल से जॉइन करेंगी। खास बात यह है कि फिल्म में विलेन की भूमिका में शरद केलकर दिखेंगे। माना जा रहा है कि वो यहां पाकिस्तानी सेना के अफसर की भूमिका में होंगें। इससे पहले वो लक्ष्मी में अक्षय कुमार के साथ काम कर चुके हैं। सीतापुर में सेट पर मौजूद रहे सूत्रों ने बताया कि यहां अक्षय हर दिन लखनऊ से अप-डाउन करते थे। उनका चॉपर रोजाना सीतापुर एयर फोर्स बेस पर उतरा करता था। मॉर्निंग शिफ्ट में काम करने के लिए मशहूर अक्षय ने यहां नाइट शिफ्ट में भी काम किया है। कई मौके पर उन्होंने सीतापुर में ही कड़ी सुरक्षा के बीच रात बिताई। अब मिड सितंबर तक टीम लखनऊ में शूटिंग करेगी। इसके बाद पूरी टीम मुंबई लौट आएगी। इसके बाद सितंबर के अंत में सभी लंदन शेड्यूल के लिए रवाना हो जाएंगे।



# कुछ समय के लिए आराम करना चाहती थी, इसलिए लिया काम से ब्रेक

एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी को उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली में देवसेना के किरदार के लिए जाना जाता है। अनुष्का ने इस किरदार के जरिए हिंदी बेल्ट की ऑडियंस में अपनी खास पहचान बनाई थी। हालांकि, इसके बावजूद 'बाहुबली' के बाद अनुष्का ने किसी भी पैन इंडिया फिल्म में काम नहीं किया है। अब हाल ही में अनुष्का ने अपने इस फैसले के पीछे की वजह बताई है। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कुछ समय के लिए काम से ब्रेक लेना चाहती थीं। अनुष्का ने इंटरव्यू में कहा- 'एक बार जब मैंने बाहुबली पूरी कर ली, तो उसके बाद मेरा ध्यान भागमथी पर था। इसके बाद मैं कुछ समय के लिए रेस्ट लेना चाहती थी। यह फैसला मैंने खुद लिया था। उस समय मुझे ब्रेक लेने की बहुत ज्यादा जरूरत थी।' अनुष्का ने आगे कहा- 'मैंने ये फैसला इसलिए लिया, ताकि मैं अपने फ्यूचर प्रोजेक्ट्स पर अच्छी तरह ध्यान दे सकूं। सच कहूं तो मेरे पास इसका कोई सटीक जवाब नहीं है, लेकिन मैं वाकई कुछ समय के लिए आराम करना चाहती थी। मैंने उस दौरान कोई स्क्रिप्ट नहीं सुनी, लेकिन ब्रेक के बाद अब काम पर वापस लौट आई हूं।'

## कोई बेहतरीन प्रोजेक्ट आएगा तो मैं जरूर काम करूंगी

पैन इंडिया और बॉलीवुड फिल्मों के बारे में बात करते हुए अनुष्का ने कहा- 'अगर कोई बेहतरीन प्रोजेक्ट आएगा, तो मैं उसे जरूर करूंगी। चाहे फिर वह कोई भी भाषा हो।' दरअसल अनुष्का 3 साल बाद तेलुगु फिल्म 'मिस शेट्टी मिस्टर पॉलीशेट्टी' से कमबैक कर रही हैं। बाहुबली-द कन्क्लूजन के बाद जहां प्रभास बॉलीवुड और पैन इंडिया फिल्मों में नजर आ चुके हैं, वहीं अनुष्का ने तेलुगु फिल्म 'भागमथी' और OTT फिल्म 'निशब्दम' में काम किया।

## प्रभास के साथ काम करने पर बोलीं अनुष्का

जब अनुष्का से प्रभास के साथ दोबारा काम करने को लेकर सवाल किया गया, तो इसपर उन्होंने कहा कि अगर मेकर्स उन्हें कोई मजबूत कहानी और क्रिएटिव विजन के साथ बनी स्क्रिप्ट ऑफर करते हैं, तो वह साथ में जरूर काम करना चाहेंगीं।



# आज भी इंडस्ट्री मेल डॉमिनेटिंग है

शिल्पा शेट्टी का मानना है कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री आज भी मेल डॉमिनेटिंग है। शिल्पा ने कहा कि उन्हें सीरियस फिल्में करना नहीं पसंद। वो ऐसी फिल्मों में काम करना पसंद भी नहीं करती हैं। शिल्पा की अपकमिंग फिल्म सुखी का हाल ही में ट्रेलर रिलीज हुआ। अपनी इसी फिल्म के बारे में उन्होंने खास बातचीत की है। इंडस्ट्री के बदलते दौर पर शिल्पा ने कहा, 'परिवर्तन संसार का नियम है। आपको खुद को हर माहौल में ढ़ालने के लिए तैयार रखना चाहिए, मैंने भी वही किया है। जब मैंने इंडस्ट्री में करियर की शुरुआत की थी तब का दौर अलग था, अब दौर अलग है। 90ह्य और 2000 का सिनेमा अलग था, उस वक्त भी मुझे काम करने में मजा आया और आज भी अच्छा लग रहा है। मैंने खुद को हर माहौल के लिए तैयार करके रखा है।' शिल्पा ने आगे कहा, 'कोई मानें या न मानें लेकिन इंडस्ट्री आज भी मेल डॉमिनेटिंग है। हालांकि, हम एक्ट्रेसेस के लिए ये एक वेलकम चेंज है कि इंडस्ट्री में फीमेल लीड पर फिल्में बनना शुरू हो गई हैं। अब एक्ट्रेसेस को लेकर रिस्क लिया जा रहा है, जो हमारे लिए बहुत बड़ी बात है। दर्शक मुझे देखना चाहते हैं, ये मेरे लिए किसी अचीवमेंट से कम नहीं है।

## रील लाइफ से पड़ता है रियल लाइफ में फर्क

शिल्पा का मानना है कि फिल्मों के जरिए हम लोगों को सेल्फ लव, सेल्फ रिस्पेक्ट जैसी बात एंटरटेनमेंट के माध्यम से सिखाने और समझाने में ज्यादा सफल होते हैं। पहले राजकुमार हिरानी ने 3 इडियट के द्वारा सुसाइड के मुद्दे को समझाने का प्रयास किया था, ऐसे ही अब हमारी फिल्म सुखी भी आपको एक अच्छा मैसेज देने आने वाली है।

# कार्तिक आर्यन ने मुंबई में खरीदा 10 करोड़ का ऑफिस स्पेस

अमिताभ बच्चन, सारा अली खान, अजय देवगन और काजोल समेत बॉलीवुड के कई सितारों ने हाल ही में मुंबई में ऑफिस स्पेस खरीदा है। अब इस लिस्ट में कार्तिक आर्यन का भी नाम शामिल हो गया है। एक्टर ने हाल ही में मुंबई के ओशिवारा स्थित सिग्नेचर टॉवर में ऑफिस प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट किया है। बड़ी बात यह है कि उन्होंने बिल्डिंग के उसी फ्लोर पर स्पेस परचेज की है जहां दो महीने पहले सारा अली खान ने अपार्टमेंट खरीदा था। रिपोर्ट के मुताबिक 28 फ्लोर की इस बिल्डिंग में कार्तिक ने चौथे फ्लोर पर यूनिट 403 खरीदा है। वहीं सारा यूनिट 402 की मालकिन हैं।

## 47.55 लाख रुपए की स्टाम्प ड्यूटी चुकाई

4 सितंबर को खरीदी गई इस प्रॉपर्टी की कीमत 10.9 करोड़ रुपए है। कार्तिक ने इस पर 47.55 लाख रुपए की स्टाम्प ड्यूटी भी चुकाई है ।सारा ने इसी बिल्डिंग के चौथे फ्लोर पर सारा सुल्तान और अमृता सिंह के नाम पर यूनिट 402 खरीदी है। उनकी यह डील 9 करोड़ रुपए में हुई जिसमें एक्ट्रेस तीन कार पार्किंग स्पेस मिले हैं। 11 जुलाई को हुए इस ट्रांजेक्शन के लिए एक्ट्रेस ने 41.01 लाख की स्टाम्प ड्यूटी चुकाई है।



## बिग बी ने खरीदा 30 करोड़ का ऑफिस

इससे पहले 1 सितंबर को अमिताभ बच्चन ने इसी बिल्डिंग के 21वें फ्लोर पर 4 यूनिट स्पेस में इन्वेस्टमेंट किया था। इसमें हर एक यूनिट की कीमत 7.18 करोड़ रुपए है। इसके साथ ही उन्हें 12 कार पार्किंग स्पेस मिलीं। इसके लिए उन्होंने 1.72 करोड़ की स्टाम्प ड्यूटी चुकाई थी।